राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 133
लखनऊ, मंगलवार 13 जनवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



डिप्टी सीएम ने 17 लापरवाह चिकित्साधिकारियों को किया बर्खास्त, कइयों से मांगा जवाब 03
15 जनवरी को मनाया जाएगा मकर संक्रांति का पर्व 12

# इसरो का पीएसएलवी रॉकेट रास्ते से भटका

▸ उपग्रहों को निर्धारित कक्षाओं में स्थापित करने में रहा विफल

**एजेंसी, श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)।**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान-सी62 (पीएसएलवी-सी62) सोमवार को देश के नवीनतम जासूसी सैटेलाइट 'अन्वेषा' (ईओएस-एन1) और उसके साथ भेजे गये अन्य उपग्रहों को उनकी तय कक्षाओं में स्थापित करने में विफल रहा।

इस उपग्रह अन्वेषा को रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया था और इसके साथ कुछ अन्य भारतीय एवं विदेशी संस्थाओं के 15 अन्य छोटे उपग्रह भी इस रॉकेट से भेजे गए थे।

इसरो अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि रॉकेट को तीसरे चरण के अंत में गड़बड़ी का सामना करना पड़ा। उन्होंने यहाँ मिशन कंट्रोल सेंटर से एक संक्षिप्त संबोधन में कहा कि इसके बाद रॉकेट के उड़ान पथ में विचलन हुआ। उनके अनुसार, इसरो इसके डेटा का विश्लेषण करने के बाद ही सही जानकारी प्रदान करेगा।

पीएसएलवी रॉकेट यहाँ बने सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) के



पहले लॉन्च पैड से भारतीय समयानुसार सुबह लगभग 10.18 बजे लॉन्च हुआ। पीएसएलवी रॉकेट के इस वेरिएंट का इस्तेमाल पहली बार 24 जनवरी, 2019 को माइक्रोसैट आर उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने के लिए किया गया था और सोमवार को इसने पांचवीं बार उड़ान भरी। यह रॉकेट ब्लास्ट-ऑफ के तुरंत बाद धीरे-धीरे आसमान की ओर ऊपर उठा, उसकी निचले हिस्से से मोटी नारंगी लौ निकल रही थी, उसने गति पकड़ी और ऊपर की तरफ धुआं छोड़ता जा रहा था । इस लिफ्ट-ऑफ के लगभग चार मिनट बाद रॉकेट का तीसरा स्टेज चालू हुआ और बाद में इंजन बंद हो गया।

इस पीएसएलवी-सी62 का वजन 260 टन और इसकी लंबाई 44.4 मीटर थी।यह पीएसएलवी एक चार-चरण/इंजन वाला रॉकेट है जो ठोस और तरल ईंधन द्वारा बारी-बारी से संचालित होता है, जिसमें शुरुआती उड़ान के क्षणों के दौरान अधिक बल देने के लिए पहले चरण से छह बूस्टर मोटर जुड़े होते हैं।

गौरतलब है कि बीते साल भी इसरो के दो मिशन फेल हुए थे। इसमें पहला मिशन 18 मई, 2025 को पीएसएलवी-सी61 से भेजा गया था। इसमें ईओएस-09, एक सिंथेटिक अपर्चर रडार वाला पृथ्वी अवलोकन उपग्रह था जो बीच रास्ते में ही फेल हो गया। इसके पहले 29 जनवरी, 2025 को जीएसएलवी-एफ15, एक पाइरो वाल्व की खराबी के कारण अपने एनवीएस-02 नेविगेशन उपग्रह को निर्धारित कक्षा में पहुंचने में विफल रहा।

इससे पहले भी 2021 में, भारत ने एक और रणनीतिक उपग्रह जीआईएसएटी-1 खो दिया क्योंकि उसके रॉकेट जीएसएलवी-एफ10 का क्रायोजेनिक स्टेज चालू नहीं हो पाया। 2017 में एक और उपग्रह-नेविगेशन उपग्रह आईआरएनएसएस-1एच- भी फेल हो गया था क्योंकि पीएसएलवी की हीट शील्ड अलग नहीं हुई। इसरो ने बाद में इस समस्या का कारण पाइरो सेपरेशन सिस्टम में खराबी बताया।

# डीआरडीओ ने किया पोर्टेबल टैंक रोधी गाइडेड मिसाइल का सफल परीक्षण

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने गतिमान लक्ष्य को निशाना बनाने में सक्षम मैन पोर्टेबल टैंक रोधी गाइडेड मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया है।

रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इस मिसाइल का परीक्षण रविवार को महाराष्ट्र की अहिल्या नगर स्थित केके रेंज में किया गया। परीक्षण डीआरडीओ की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला, हैदराबाद ने किया। देश में ही विकसित इस मिसाइल में अत्याधुनिक स्वदेशी तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है जिनमें इमेजिंग इंफ्रारेड (आईआईआर) होमिंग सीकर, पूर्णतः विद्युत आधारित नियंत्रण एक्ट्यूएशन



प्रणाली, फायर कंट्रोल सिस्टम, टैंडम वारहेड, प्रणोदन प्रणाली तथा उच्च प्रदर्शन दृष्टि प्रणाली शामिल हैं। इन प्रणालियों का विकास डीआरडीओ की सहयोगी प्रयोगशालाओं द्वारा किया गया है। मिसाइल का सीकर दिन और रात दोनों समय युद्ध संचालन में सक्षम है। मुखास्त्र आधुनिक मुख्य युद्धक टैंकों को नष्ट करने में सक्षम है। भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड इस हथियार प्रणाली के विकास एवं उत्पादन भागीदार हैं।

## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 14,2300/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 13,0450/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,06,760/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,70,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### पश्चिम बंगाल के एम्स कल्याणी में निपाह वायरस के दो संदिग्ध मामले

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कल्याणी स्थित एम्स में आईसीएमआर की वायरस रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लैबोरेटरी (वीआरडीएल) में 11 जनवरी को निपाह वायरस के दो संदिग्ध मामले सामने आए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। निपाह वायरस एक जूनोटिक रोग है, जिसकी मृत्यु दर अधिक होती है और इसके तेज़ी से फैलने की आशंका रहती है। इसी को देखते हुए मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ संभाला जा रहा है। सूचना मिलते ही केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव से चर्चा कर स्थिति की समीक्षा की और त्वरित व समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### एयर इंडिया विमान की जयपुर में आपातकालीन लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

**जयपुर।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 2517 को चिकित्सा संबंधी आपात स्थिति के कारण सोमवार सुबह जयपुर में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। बीमार यात्री को उतारने के बाद फ्लाइट को वापस विजयवाड़ा के लिए रवाना किया गया। इस विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। नई दिल्ली से विजयवाड़ा जा रही एयर इंडिया की उड़ान संख?या एआई 2517 में एक बुजुर्ग यात्री की अचानक तबीयत खराब हो गई, जिससे हड़कंप मच गया। इसके बाद फ्लाइट को जयपुर डायवर्ट किया गया और एटीसी से अनुमति लेने के बाद जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मेडिकल इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई।

### नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तान के ड्रोन मंडराते दिखे

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा, राजौरी और पुंछ जिलों में रविवार देरशाम अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा से सटे कई अग्रिम क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने संदिग्ध ड्रोन की गतिविधि देखी। यह सभी ड्रोन पाकिस्तान से आए और कुछ मिनटों तक भारतीय क्षेत्र में मंडराने के बाद वापस लौट गए। अधिकारियों के अनुसार अग्रिम क्षेत्रों में संदिग्ध ड्रोन गतिविधि के मद्देनजर सुरक्षाबलों ने जमीनी स्तर पर तलाशी अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने सोमवार सुबह बताया कि रविवार देरशाम राजौरी में नियंत्रण रेखा से सटे नौशेरा सेक्टर में सेना के जवानों ने शाम करीब 6:35 बजे गनिया-कलसियान गांव के ऊपर ड्रोन की गतिविधि देखने पर मध्यम और हल्की मशीनगनों से गोलीबारी की। एक और ड्रोन शाम 6:35 बजे राजौरी जिले के तेरियाथ के खब्बर गांव में देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि टिमटिमाती बत्ती वाला यह ड्रोन कलाकोट के धर्मसाल गांव की दिशा से आया और आगे भरख की ओर बढ़ गया।

# भारत-जर्मन में रक्षा, प्रौद्योगिकी व व्यापारिक सहयोग पर जोर

▸ सीमा-पार आतंकवाद सहित सभी रूपों में आतंक के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई की दोहराई प्रतिबद्धता

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के बीच सोमवार को गांधीनगर (गुजरात) में बैठक हुई। इस दौरान भारत और जर्मनी के बीच द्विपक्षीय संबंधों को नई मजबूती देने के लिए रक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, ऊर्जा और जन-जन संपर्क सहित अनेक क्षेत्रों में व्यापक समझौते हुए और बाद में कई घोषणाएं की गईं।

दोनों देशों ने रक्षा औद्योगिक सहयोग, आर्थिक सहयोग के लिए सीईओ फोरम, सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम, क्रिटिकल मिनरल्स, दूरसंचार और उभरती तकनीकों में साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए संयुक्त घोषणापत्रों पर सहमति जताई।



### साबरमती में पतंगोत्सव, पीएम संग जर्मन चांसलर ने उड़ाई पतंग



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को दो दिन की भारत यात्रा पर आए जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज का साबरमती आश्रम में स्वागत किया। दोनों नेताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की और गांधीजी के जीवन व आदर्शों को नमन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज साबरमती रिवरफ्रंट पहुंचे, जहां उन्होंने अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में भाग लिया। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने पारंपरिक अंदाज में पतंग उड़ाकर महोत्सव का आनंद लिया।

हरित हाइड्रोजन, ग्रीन अमोनिया, नवीकरणीय ऊर्जा और जैव-अर्थव्यवस्था में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए समझौते हुए। आयुर्वेद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उच्च शिक्षा, कौशल विकास और स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सहयोग को विस्तार दिया गया। सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के संबंधों को मजबूत करने हेतु खेल, डाक सेवाएं, समुद्री विरासत और युवा हॉकी विकास पर समझौते किए गए।

इसके अलावा, भारतीय पासपोर्ट धारकों के लिए जर्मनी में वीज़ा-फ्री ट्रांजिट, इंडो-पैसिफिक संवाद, डिजिटल डायलॉग और हरित विकास के लिए 1.24 अरब यूरो की नई फंडिंग जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आमंत्रण पर चांसलर फ्रडरिक मर्ज ने 12-13 जनवरी को भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। विदेश मंत्रालय का कहना है कि यह उनकी भारत की पहली और चांसलर बनने के बाद एशिया की भी पहली यात्रा थी, जो भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में जर्मनी के एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार के रूप में दिए गए महत्व को दर्शाती है। चांसलर मर्ज के साथ 23 प्रमुख जर्मन सीईओ और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया। दोनों नेताओं के बीच आज सीमित और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। बातचीत में साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति बनी। रक्षा और सुरक्षा सहयोग को गहरा करने पर जोर दिया गया। सैन्य अभ्यास, प्रशिक्षण, रक्षा उद्योग सहयोग, नौसैनिक सहयोग और नई 'ट्रैक 1.5 विदेश नीति एवं सुरक्षा संवाद' की स्थापना का स्वागत किया गया। दोनों नेताओं ने आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए सीमा-पार आतंकवाद सहित सभी रूपों में आतंक के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई की प्रतिबद्धता दोहराई।

# एआई हमारे लिए सुविधा, तकनीक मानव से संचालित हो, इंसान तकनीक से नहीं : योगी

**एजेंसी, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कृत्रिम मेधा (एआई) के सही दिशा, भरोसे और बेहतर समावेशन के साथ उपयोग पर जोर देते हुए सोमवार को कहा कि तकनीक मानव द्वारा संचालित होनी चाहिए, न कि इंसान तकनीक से संचालित हो।

मुख्यमंत्री ने राज्य की राजधानी लखनऊ में आयोजित 'उत्तर प्रदेश एआई एवं स्वास्थ्य नवाचार सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अगले दो दिन तक इस सम्मेलन में कई अहम विषयों पर चर्चा की जाएगी, लेकिन वह इतना अवश्य कहना चाहेंगे कि एआई हमारी सुविधा के लिए होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं इस बारे में अवश्य कहना चाहूंगा कि एआई हमारे लिए सुविधा है। यह हमारे लिए सहायक बनेगा, हमारे कार्यों को आसान बनाएगा और हमारे दृष्टिकोण को नयी ऊंचाई देने में योगदान करेगा, लेकिन हमें यह अवश्य ध्यान रखना होगा कि कोई भी



तकनीक मानव द्वारा संचालित होनी चाहिए, मानव उसके द्वारा संचालित न हो। सीएम ने कहा कि एआई सही दिशा, भरोसे और समावेशन के साथ स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ, सटीक और न्यायसंगत बना सकता है। तकनीक जब संवेदना से जुड़ती है, नीति जब नवाचार से संचालित होती है और शासन जब विश्वास पर आधारित होता है, तभी विकास समावेशी बनता है और भविष्य सुरक्षित होता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश इस दिशा में वैश्विक सोच, नवाचार और निवेश का अग्रणी केंद्र बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

### आज नहीं आती धांधली की एक भी शिकायत

सीएम ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली में व्याप्त धांधली को रोकने के लिए ई-पॉज मशीनें लगाए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि 2017 में उनकी सरकार बनने के बाद राशन वितरण में गड़बड़ियों की शिकायतों पर प्रदेश की उचित मूल्य की सभी 80 हजार दुकानों पर ई-पॉज मशीनें लगवाई गईं और डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से निगरानी की गई। उन्होंने कहा कि इन दुकानों पर छापेमारी भी की गई। इसका परिणाम यह है कि आज धांधली की एक भी शिकायत नहीं आती है।

उन्होंने कहा कि एआई, सेमीकंडक्टर, मिड टेक और डिजिटल नवाचार के माध्यम से उत्तर प्रदेश एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने एआई का उपयोग केवल स्वास्थ्य क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि 'यूपी एग्रीस में भी किया है और उत्तर प्रदेश ऐसा पहला राज्य है जिसने विश्व बैंक के साथ मिलकर इस कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ाया है।

# ई-सिगरेट मामले में सांसद कीर्ति आजाद की जा सकती है सदस्यता

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

संसद में ई-सिगरेट पीने के मामले में तृणमूल कांग्रेस के सांसद कीर्ति आज़ाद के खिलाफ संसद की मर्यादा भंग करने और गरिमा को गिराने के आरोप में निष्कासन तक की कार्रवाई हो सकती है।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह संभावना जाहिर की। कीर्ति आज़ाद द्वारा सदन के भीतर ई-सिगरेट पीने के मामले से जुड़े सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सदन की गरिमा और मर्यादा बनाये रखना सबका काम है। सबको सभाकक्ष की मर्यादा रखनी होगी। उन्होंने कहा कि जांच की प्रक्रिया पूरी होने की दिशा में है। जैसे ही जांच पूरी हो जाएगी, कार्य योजना बनाई जाएगी और समिति को भेजी जाएगी और प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि सदन के अंदर गरिमा बनाए रखनी होगी और जो गरिमा नहीं बनाए रखेगा, उस पर संसद के नियमों और प्रक्रियाओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की बिगड़ी तबीयत, एम्स में भर्ती



**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तबीयत बिगड़ने पर सोमवार को उन्हें राष्ट्रीय राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि 10 जनवरी को जगदीप धनखड़ को दो बार बेहोशी का दौरा पड़ा था। एहतियात के तौर पर विस्तृत जांच के लिए उन्हें आज एम्स में भर्ती कराया गया है। उल्लेखनीय है कि साल 2022 में उपराष्ट्रपति का पदभार संभालने वाले जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य समस्याओं का हवाला देते हुए 21 जुलाई 2025 को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

### संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से, आम बजट एक फरवरी को

**एजेंसी, नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होकर दो अप्रैल तक चलेगा। केंद्रीय आम बजट एक फरवरी (रविवार) को पेश किया जाएगा। लोकसभा सचिवालय के सोमवार को जारी बयान के अनुसार संसद के बजट सत्र के पहले दिन 28 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे संसद भवन के लोकसभा कक्ष में आयोजित होगा। बजट सत्र का पहला चरण 28 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा। इसके बाद अवकाश होगा। सत्र का दूसरा चरण नौ मार्च से दो अप्रैल तक चलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी, जो रविवार को प्रस्तावित है। सत्र के दौरान वित्तीय प्रस्तावों के अलावा कई विधायी और अन्य सरकारी कार्यों पर भी चर्चा होगी, जिसमें नीतिगत, सामाजिक और आर्थिक मुद्दों पर बहस शामिल हैं। बजट सत्र परंपरा के अनुसार राष्ट्रपति का यह अभिभाषण संसद में सरकारी एजेंडा प्रस्तुति और चर्चा का मार्ग खोलता है, जिससे सदन की कार्यवाही का औपचारिक आरंभ होता है और सदस्यों को मुख्य नीतिगत दिशा-निर्देश मिलते हैं।

# यूपी में 15 जनवरी को रहेगी छुट्टी

▸ बंद रहेंगे सभी स्कूल, बैंक व ऑफिस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

योगी सरकार ने एक बड़ी घोषणा की है। 15 जनवरी 2026 को पूरे प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। यह छुट्टी मकर संक्रांति के अवसर पर घोषित की गई है।

बता दें कि इस साल मकर संक्रांति 14 जनवरी की बजाय 15 जनवरी को मनाई जा रही है, इसलिए योगी सरकार ने स्कूल, कॉलेज, सरकारी दफ्तरों और बैंकों में छुट्टी की घोषणा की है। मकर संक्रांति हिंदू धर्म का एक प्रमुख और खुशी का त्योहार है।

यह वह दिन है जब सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है। इससे उत्तरायण शुरू होता है। दिन बड़े होने लगते हैं, रातें छोटी होती हैं, और सर्दी का अंत नजर आने लगता है। यह त्योहार बसंत के आगमन का भी प्रतीक है। किसानों के लिए तो यह खासकर खुशखबरी का दिन है। क्योंकि इसी समय रबी फ़सल जैस





गेहूं, चना, सरसों की कटाई पूरी हो जाती है। किसान नई फसल के लिए भगवान से आशीर्वाद मांगते हैं। इस दिन लोग गंगा, यमुना जैसी पवित्र नदियों में स्नान करते हैं, सूर्य देव की पूजा करते हैं, और तिल-गुड़ का दान करते हैं। ऐसा माना जाता है कि मकर संक्रांति पर दान करने से सौ गुना लाभ मिलता है। घरों में खिचड़ी बनाई जाती है, तिल-गुड़ की मिठाइयां बांटी जाती हैं, और आसमान में रंग-बिरंगी पतंगें उड़ाई जाती हैं। यह त्योहार पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। खासकर गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में। तो इस 15 जनवरी को आप भी परिवार के साथ इस पावन त्योहार को पूरे उत्साह से मनाइए, पतंग उड़ाइए, तिल-गुड़ का लड्डू खाइए और खुशियां बांटिए।

# फिर बढ़ेगी सर्दी की मार, घना कोहरा व शीतलहर का अलर्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में कुछ दिनों की तेज धूप के बाद एक बार फिर सर्दी अपना असर दिखाने जा रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में घने से बहुत घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गंभीर शीतलहर की स्थिति बन सकती है।

मौसम में यह बदलाव सोमवार से पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने के कारण देखने को मिलेगा। बीते दिनों अधिकतम तापमान में हुई बढ़ोतरी सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की वजह से थी, जिसने अस्थायी रूप से शीतलहर को रोके रखा था। लेकिन अब उत्तर-पश्चिमी हवाओं के तेज होने से ठंड में इजाफा होगा और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। रविवार को राज्य की राजधानी लखनऊ में अधिकतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से अधिक रहा। लखनऊ में अधिकतम तापमान करीब 21 डिग्री और न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। प्रदेश में वाराणसी (बीएचयू) में सबसे अधिक 24.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। इसके बाद गाजीपुर में 24 डिग्री,



प्रयागराज में 23.8 डिग्री और बाराबंकी में 23.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

वहीं, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में रात का तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है। मेरठ में राज्य का सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा अलीगढ़ में 5.8 डिग्री और बरेली में 5.9 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा। राजधानी लखनऊ में सोमवार से स्कूलों को फिर से खोलने का निर्णय लिया गया है।

जिला प्रशासन ने अनुकूल मौसम और घने कोहरे की आशंका न होने के चलते स्कूलों की छुट्टियां आगे न बढ़ाने का फैसला किया है। आदेश के अनुसार सभी कक्षाओं के लिए स्कूल सुबह 10 बजे से संचालित होंगे। अभी तक कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं लग रही थीं, लेकिन 12 जनवरी से सभी कक्षाओं की नियमित पढ़ाई शुरू हो गई है।



# श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में मना राष्ट्रीय युवा दिवस

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

विवेकानंद व्यक्ति नहीं बल्कि राष्ट्रीय चिंतन धारा है जो देश की युवा पीढ़ी में राष्ट्रीय चेतना का संचार करती है ।

उक्त बातें श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के ललिता सभागार में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए शास्त्री महाविद्यालय के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जयशंकर तिवारी ने कही कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर पुष्पर्पित कर किया गया। प्राचार्य प्रो. बीपी सिंह कहा स्वामी विवेकानंद जी ने वेदांत को सहज और सरल बनाते हुए सभी धर्म के प्रति आदर भाव रखने का पाठ पूरी दुनिया को पढ़ाया, आई. क्यूएसी



समन्वयक प्रो. जितेन्द्र सिंह ने स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा विवेकानंद जी के विचारों को जीवन में उतार कर ही हम विकसित राष्ट्र की संकल्पना कर सकते हैं।

जंतु विज्ञान विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर अरविंद कुमार शर्मा ने कहा स्वामी पश्चिम और पूर्व के आध्यात्मिक गुरु बने जिन्होंने सभी धर्म का उद्देश्य ईश्वर की प्राप्ति करना बताया उन्हें पूर्व और पश्चिम का सेतु भी कहा जाता है वनस्पति विभाग विभागाध्यक्ष एवं अवध प्रान्त महिला प्रमुख स्वदेशी जागरण मंच ने आत्मनिर्भर ,समृद्धि एवं समावेशी भारत के निर्माण में स्वदेशी चिंतन को आवश्यक बताया राज्य प्रशिक्षक डॉ रजनी कान्त तिवारी ने कहा कि विवेकानंद ने युवाओं को भीड़ नहीं जिम्मेदारी उठाने वाली शक्ति माना था इसलिए युवाओं को अपने अंदर निहित असीम ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण में लगाने की आवश्यकता है मुख्य नियंता प्रो. अमन चन्द्रा ने विवेकानंद जी के शिकागो उद्बोधन को बताया जबकि विनय श्रीवास्तव ने मेरा युवा भारत के बारे में जानकारी देते हुए युवा शक्ति को भारत की ताकत बताया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ मनोज मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया एवं सभी प्रतिभागियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। डॉ अरुण प्रताप सिंह , डॉ अजीत मिश्र , डॉ दिलीप सिंह , डॉ मनीषा पाल , डॉ रचना श्रीवास्तव , डॉ डप सिंह डॉ करुणेश त्रिपाठी, अमित दुबे ,डॉ योगेन्द्र नाथ श्रीवास्तव , जिला युवा कल्याण अधिकारी राजितराम, पंकज तिवारी , अर्पित श्रीवास्तव, शिवम पाठक , अतिफ़ा नाज , तान्या , मुस्कान , सपना , अंजली , सरिता निवेदिता का सहयोग सराहनीय रहा कार्यक्रम में लगभग 300 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में युवाओं ने दिया राष्ट्र चेतना का संदेश

राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह के अवसर पर ललिता सभागार में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं द्वारा राम आएंगे..... , घर मोरे परदेशिया सहित अन्य गीतों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया । इसमें मुस्कान , सपना , अंशु , सोनी , खुशी ,अंजली , प्रियांशी , शिवानी,मंशा भारती , ऋतिक , हर्षिता , नीलम , निवेदिता , सरिता रहीं।

# साइकिल चोरी मामले में अभियुक्त को कारावास व अर्थदंड

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

जनपद बलरामपुर में अपराधियों को सजा दिलाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत पुलिस की प्रभावी पैरवी एक बार फिर रंग लाई है। मोटर साइकिल चोरी के एक मामले में न्यायालय ने दोषी अभियुक्त को दोषसिद्ध पाते हुए दो वर्ष के कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 02 जुलाई 2023 को वादी अभिजीत सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह, निवासी थाना रेहरा बाजार, जनपद बलरामपुर ने थाना रेहरा बाजार में मोटर साइकिल चोरी की लिखित तहरीर दी थी। तहरीर में आरोप लगाया गया था कि सिरताज हुसैन पुत्र दिलदार हुसैन, निवासी विलोहा शेखड़ीह, थाना तुलसीपुर, जनपद बलरामपुर द्वारा उनकी मोटर साइकिल चोरी कर ली गई है। तहरीर के आधार पर थाना रेहरा बाजार में मुकदमा अपराध संख्या 188/2023 धारा 379/411 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत पंजीकृत किया गया। मामले की विवेचना उप निरीक्षक श्याम निवास राय द्वारा की गई। विवेचना पूर्ण होने के उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। इसके पश्चात न्यायालय में विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से अभियोजन अधिकारी सुभाष चंद्र यादव द्वारा सशक्त पैरवी की गई। साथ ही मॉनिटरिंग सेल प्रभारी बृजानंद सिंह एवं थाना रेहरा बाजार पुलिस द्वारा मामले की निरंतर निगरानी एवं प्रभावी सहयोग किया गया।

# मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद में 15 महिलाओं ने रखीं समस्याएं



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

महिलाओं की समस्याओं के त्वरित, संवेदनशील और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से आयोजित माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को मंडलायुक्त कार्यालय, गोण्डा में विशेष महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आई कुल 15 महिलाओं ने अपनी व्यक्तिगत, पारिवारिक, राजस्व एवं भूमि विवाद से जुड़ी समस्याएं मंडलायुक्त के समक्ष रखीं। कार्यक्रम के दौरान मंडलायुक्त ने एक-एक कर सभी महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुना और स्पष्ट शब्दों में कहा कि महिलाओं से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों की तत्काल, निष्पक्ष और विधिसम्मत जांच कर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ित महिलाओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। इस अवसर पर अपर आयुक्त न्यायिक मीनू राणा, संयुक्त विकास आयुक्त राकेश कुमार पाण्डेय तथा उपायुक्त खाद्य विजय प्रभा भी उपस्थित रहीं और उन्होंने संबंधित प्रकरणों में विभागीय स्थिति से मंडलायुक्त को अवगत कराया। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते प्रशासनिक हस्तक्षेप नहीं हुआ, तो उन्हें अपूरणीय क्षति हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल प्रभावी कार्रवाई कर निर्माण कार्य रुकवाने तथा सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की। मंडलायुक्त ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त प्रकरणों की नियत समयावधि में जांच कर स्पष्ट आख्या प्रस्तुत करें, ताकि पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय मिल सके। उन्होंने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि प्रशासन उनके साथ खड़ा है और प्रत्येक मामले में निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# स्कूल की सीढ़ियों से गिरकर छात्र की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले के कैसरगंज इलाके में स्थित एक निजी स्कूल में सोमवार को सीढ़ियों से गिरने से एक छात्र की मौत हो गई। छात्र संतुलन बिगड़ने के कारण करीब 20 फीट नीचे गिर गया था। स्कूल प्रबंधन ने उसे तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक छात्र की पहचान 15 वर्षीय अंश मिश्रा के रूप में हुई है, जो कैसरगंज थाना क्षेत्र के चुलम्भा ग्राम निवासी बदलूराम मिश्रा का पौत्र था। अंश सम्राट अशोक बाल विद्या मंदिर में कक्षा आठ का छात्र था। घटना सुबह करीब 11 बजे हुई, जब अंश अपनी कक्षा से निकलकर सीढ़ियों से नीचे आ रहा था। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। चिकित्सकों द्वारा छात्र को मृत घोषित किए जाने के बाद, परिजनों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया।

# आप ने हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार का किया विरोध

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

हिलाओं और बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार संपूर्ण मानवता पर एक गहरा कलंक हैं। इसके बावजूद केंद्र की मोदी सरकार इस गंभीर और संवेदनशील मुद्दे पर पूरी तरह मौन साधे हुए है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह चुप्पी यह सवाल खड़ा करती है कि क्या बांग्लादेश में हिंदुओं की जान से अधिक महत्वपूर्ण कुछ उद्योगपतियों के व्यापारिक हित हो गए हैं। आम आदमी पार्टी का स्पष्ट मत है कि सरकार मित्र उद्योगपतियों, विशेषकर अडानी समूह के व्यावसायिक हितों को नुकसान से बचाने के लिए बांग्लादेश सरकार के सामने हिंदुओं की पीड़ा को अनदेखा कर रही है। इसी जनविरोधी और अमानवीय रवैये





के खिलाफ आम आदमी पार्टी, उत्तर प्रदेश द्वारा आज दिनांक 11 जनवरी 2026, रविवार को जनपद गोण्डा में जिलाध्यक्ष श्री अजय कुमार मिश्र उर्फ़ अज्जू पंडित के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए बौद्ध प्रांत के मीडिया प्रभारी विपिन तिवारी ने कहा कि दुमुही भाजपा सरकार को बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से बांग्लादेश से हो रहे सभी प्रकार के व्यापार को बंद कराना चाहिए और बांग्लादेश सरकार के विरुद्ध कड़े एवं निर्णायक कदम उठाने चाहिए। मानवाधिकारों पर कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। वहीं, जिलाध्यक्ष अजय कुमार मिश्र उर्फ़ अज्जू पंडित ने अपने संबोधन में कहा कि जब पड़ोसी देश में हिंदुओं का खुलेआम कत्लेआम हो रहा हो, तब भारत सरकार का मौन रहना अपराध के समान है। आम आदमी पार्टी यह स्पष्ट करती है कि व्यापार और कूटनीति से पहले इंसानियत आती है। जब तक बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होती, तब तक हमारा संघर्ष सड़क से संसद तक जारी रहेगा। इस विरोध प्रदर्शन में बौद्ध प्रांत के वरिष्ठ नेता एवं जनपद गोण्डा के पूर्व जिलाध्यक्ष आदरणीय दिग्गज पाण्डेय, शिवा राम शुक्ला (जिलाध्यक्ष, अधिवक्ता प्रकोष्ठ), महिला मोर्चा की जिलाध्यक्षा मंजू देवी, लक्ष्मी देवी (महासचिव, महिला मोर्चा), पंकज कुमार श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता, जिला प्रवक्ता विवेक शुक्ला, मोहम्मद इमरान, आसिफ सिद्दिकी, शिवम शर्मा (जिलाध्यक्ष, ट्रक), राम शंकर, विजय, विवेक गौतम, सुमित कुमार, फरान खान, गौतम प्रभाकर, हारुन अली, अंश सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आम आदमी पार्टी दो टूक शब्दों में स्पष्ट करती है कि जब तक बांग्लादेश में हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होती, तब तक पार्टी का यह संघर्ष अनवरत जारी रहेगा। अन्याय के विरुद्ध मौन भी अपराध है।

## खबरें एक नजर में

### हृदय गति रुकने से वरिष्ठ पत्रकार की मौत



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** लंबी बीमारी के बाद सोमवार को सुबह 6 :00 बजे लखनऊ के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में इलाज के दौरान वरिष्ठ पत्रकार ए आर उस्मानी की 48 वर्ष की आयु में हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई उनके परिवार में पत्नी तथा दो बच्चे हैं एक बेटी और एक बेटा है उनके इतने कम उम्र में दुनिया को अलविदा कहने से जहां परिवार में मातम छा गया है वही पत्रकार जगत में एक अपूर्णीय क्षति हुई है जिससे जिले का पूरा पत्रकार आहत है ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे और परिवार को इस दुख की घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करें।

### रोमांचक मुकाबले में बहराइच नवाब 7 रनों से विजयी



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** स्व. कुशमेंद्र सिंह राणा की स्मृति में खेली जा रही ग्लैमर टाइप प्रीमियर लीग में सोमवार का मुकाबला बहराइच नवाब एवं बहराइच सुपर किंग्स के बीच खेला गया। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में पायनियर ग्रुप ऑफ स्कूल के चेयरमैन सैयद आसिफ किरमानी मौजुद रहे । विशिष्ट अतिथि के रूप में डीसीए सचिव इशरत महमूद खान व सुनील राय मौजूद रहे । मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। बहराइच सुपर किंग्स के कप्तान त्रिपुरेश मिश्रा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया । निर्धारित 22 ओवरों के इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए बहराइच नवाब के बल्लेबाजो ने 7 विकेट के नुकसान पर 185 रनों का स्कोर खड़ा किया। मैच में अंपायरिंग की भूमिका आतिफ खान एवं अकील अहमद ने निभाई ।स्कोरर की भूमिका में यश चौरसिया मौजूद रहे ।आंखों देखा हाल आदिल जमीर के द्वारा सुनाया गया। लाइव प्रसारण गोविंद सिंह चौहान के द्वारा किया गया। इस दौरान इफ्तिखार अली, सुनील राय, रामानंद सिंह, देवाशीष राय आयुष चित्रांश, कार्तिकेय सिंह,तुषार सोनी,आशुतोष कैराती, सारिक, उत्कर्ष , एवं अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### मां-बेटियों की मौत के मामले में पति-सास-ससुर गिरफ्तार



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** एक महिला और उसकी दो बेटियों की तालाब में डूबकर मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के पति, सास और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना रविवार को थाना पयागपुर क्षेत्र में हुई थी, जहां एक महिला और उसकी दो मासूम बेटियों के शव गांव के पास स्थित तालाब से बरामद हुए थे। प्रथम दृष्टया यह मामला डूबने से मौत का प्रतीत हो रहा था। हालांकि, मृतका के मायके पक्ष ने इसे हादसा मानने से इनकार कर दिया। उन्होंने उत्पीड़न और पारिवारिक विवाद के चलते हत्या का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) और क्षेत्राधिकारी पयागपुर के पर्यवेक्षण में थाना पयागपुर पुलिस ने गहन जांच शुरू की। जांच के दौरान, मृतका के परिजनों के बयानों के आधार पर पुलिस ने मृतका के पति और ससुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। सोमवार को पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी का माहौल है। मृतका के परिजनों ने पुलिस की कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की है।

# रोडवेज बस स्टैण्ड पर स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प आयोजित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन के निर्देशानुसार जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई। इसी क्रम में परिवहन विभाग, एआरटीओ प्रशासन श्री आर.सी. भारतीय के नेतृत्व में रोडवेज बस स्टैण्ड परिसर में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प में सरकारी रोडवेज बस चालकों के साथ-साथ प्राइवेट बस चालकों का भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। कैम्प का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि बस चालकों का स्वास्थ्य पूर्ण रूप से ठीक हो, जिससे वे सुरक्षित रूप से वाहन संचालन कर सकें और सड़क दुर्घटनाओं की





संभावनाओं को कम किया जा सके। स्वास्थ्य कैम्प के दौरान चालकों का ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल, आंखों की जांच, सामान्य शारीरिक परीक्षण तथा अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। चिकित्सकों द्वारा चालकों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी गई। जिन चालकों में किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या पाई गई, उन्हें उचित उपचार एवं सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए। एआरटीओ प्रशासन आर.सी. भारतीय ने बताया कि बस चालक सार्वजनिक परिवहन की रीढ़ होते हैं और उनका स्वस्थ रहना यात्रियों की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी महोदया के निर्देशानुसार भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि वाहन चालकों की कार्यक्षमता बनी रहे और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इस अवसर पर परिवहन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा रोडवेज कर्मी उपस्थित रहे।

# पांच लोग नकली वीआईपी वाहन से नेपाल जाते गिरफ्तार



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

रूपईडीहा में एसएसबी चेक पोस्ट पर पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी भारत के रास्ते नेपाल में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने अपनी इनोवा क्रिस्टा गाड़ी पर लाल-नीली बत्ती और हूटर लगा रखा था और खुद को प्रमुख सचिव सचिवालय बताया था। यह गिरफ्तारी 12 जनवरी 2026 को दोपहर करीब 12:26 बजे हुई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह और प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस टीम और एसएसबी टीम ने मिलकर इन व्यक्तियों को पकड़ा।गिरफ्तार किए गए लोगों के कब्जे से एक चिप डिवाइस और 2,17,480 रुपए बरामद किए गए हैं। इस संबंध में रूपईडीहा थाने में मु.अ.स. 007/2026 धारा 319(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### एंबुलेंस सेवा के ड्राइवर एवं सरकारी वाहन चालकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा मां के अंतर्गत सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में राष्ट्रीय एंबुलेंस सेवा के ड्राइवर एवं सरकारी वाहन चालकों के नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण हेतु कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित एआरटीओ ओम प्रकाश सिंह द्वारा बताया गया कि समस्त वाहन चालकों को अपना नेत्र परीक्षण अवश्य करवाना चाहिए साथ ही ब्लड प्रेशर की भी जांच कराने आवश्यक है जो लोग भी वाहन चलाते हैं। दो पहिया वाहन चालक हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें यदि गाड़ी सड़क के किनारे कहीं लगते हैं तो पार्किंग लाइट का प्रयोग अवश्य करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार ने बताया की प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को निर्देशित किया गया है।

# मामूली कहासुनी के बाद फायरिंग कान को छूकर निकली गोली

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

तेजवापुर के खैरा बाजार चौराहे पर रविवार शाम पॉलिथीन उड़कर पड़ोसी के घर में जाने को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान एक युवक को तमंचे की बट से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बौंडी इलाके के खैराबाजार निवासी मुन्ना की कस्बे में बाइक रिपेयरिंग की दुकान है। बताया गया कि हवा में उड़ती हुई एक पॉलिथीन दुकान के सामने से पड़ोसी रमजान के घर के सामने जा गिरी। इसी बात पर रमजान भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे। मौके पर मौजूद मुन्ना के बेटे अनीस ने इसका विरोध किया। आरोप



है कि रमजान ने अवैध असलहे से अनीस पर फायरिंग कर दी। पहली गोली अनीस के कान के पास से निकल गई, जबकि दूसरी गोली भी चूक गई। इसके बाद रमजान ने तमंचे की बट से अनीस के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। मुन्ना और आसपास खड़े पड़ोसियों ने किसी तरह रमजान के हाथ से तमंचा छीना। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अनीस को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

# परशुराम सेना प्रकोष्ठ ने एसडीएम महसी के खिलाफ किया प्रदर्शन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले की महसी तहसील में तैनात उप जिलाधिकारी आलोक प्रसाद और होमगार्डों के बीच विवाद गहराता जा रहा है। सोमवार को परशुराम सेना प्रकोष्ठ ने होमगार्डों को अपमानित करने और जातिसूचक टिप्पणी के आरोप में उप जिलाधिकारी के खिलाफ प्रदर्शन किया और कार्रवाई की मांग की। यह मामला बीते बुधवार को सामने आया था, जब महसी तहसील के होमगार्ड जवान राजाराम शुक्ला, रमाकांत मिश्रा और रामकुमार तिवारी ने उप जिलाधिकारी आलोक प्रसाद पर उन्हें अपमानित करने का आरोप लगाया था। इन आरोपों के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य राजस्व अधिकारी ने मामले की जांच की थी। जांच में होमगार्डों द्वारा



लगाए गए आरोप निराधार पाए गए, जिसके बाद उप जिलाधिकारी को क्लीनचिट दे दी गई। हालांकि, होमगार्ड संघ सहित अन्य संगठनों ने इस जांच पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने उप जिलाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए अपना विरोध तेज कर दिया है। सोमवार को परशुराम सेना प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों लोग कलेक्ट्रेट के पास स्थित धरना स्थल पर पहुंचे।

### आवश्यक सूचना

सूचित करना है कि मैं विश्वविद्यालय जाने के लिए बस अड्डे पर जाते समय ऑटो में कुछ दस्तावेज के साथ बीएससी एग्रीकल्चर प्रथम वर्ष का मूल अंकपत्र जिसका रोल नं. 191110014370 व एनरॉल नं. जेएस 191110729 हैं। जो कही गिर गया है। जिस किसी को भी मिले कृपया हमें सूचित करें। हिमांशु वर्मा पुत्र प्रमोद कुमार निवासी मुरादनगर पतरासी थाना फूलबहेड़ जिला लखीमपुर खीरी मोबाइल नं.- 6392861324

# सेवानिवृत्ति प्रवक्ता ठाकुर भगवती सिंह का लंबी बीमारी के बाद निधन

**जरवलरोड,बहराइच समृद्धि न्यूज़**

जनपद के जरवल रोड क्षेत्र के लिए सोमवार का दिन अत्यंत भारी और दुखद रहा। क्षेत्र की दो हस्तियों रिटायर्ड शिक्षक व समाजसेवी रामगोपाल पांडे और प्रतिष्ठित व्यवसायी अभय जैन के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। इन दोनों विभूतियों के जाने से न केवल उनके परिवारों, बल्कि संपूर्ण जरवल रोड के सामाजिक और व्यापारिक ढांचे को एक बड़ी क्षति पहुंची है। ठाकुर भगवती सिंह किसान इंटर कॉलेज, जरवल रोड के सेवानिवृत्त प्रवक्ता रामगोपाल पांडे ने बीमारी के चलते सोमवार को अंतिम सांस ली। पांडे जी ने दशकों तक शिक्षा के माध्यम से हजारों युवाओं का भविष्य संवारा। एक शिक्षक के रूप



में उनकी अनुशासनप्रियता और सरल स्वभाव उनकी पहचान थी। सेवानिवृत्ति के बाद भी वे सामाजिक कार्यों और क्षेत्र के उत्थान के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। जरवल रोड में रामलीला जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम को शुरू कराने में भी उनका बड़ा योगदान रहा है।

वहीं दूसरी ओर, जरवल रोड बाजार के प्रतिष्ठित व्यापारी अभय जैन जी के आकस्मिक निधन ने सबको स्तब्ध कर दिया है। श्री जैन न केवल एक सफल व्यवसायी थे, बल्कि जरवल रोड बाजार के उत्थान और व्यापारियों की समस्याओं को उठाने में हमेशा अग्रणी रहते थे। स्थानीय बाजार को एक नई दिशा देने और सकारात्मक बदलाव लाने में उनका योगदान अतुलनीय रहा है। उनके मिलनसार व्यक्तित्व और समाज सेवा की भावना के कारण वे हर वर्ग के प्रिय थे। इन दोनों महान हस्तियों के निधन की सूचना मिलते ही जरवल रोड बाजार और आसपास के ग्रामीण इलाकों में शोक छा गया। स्थानीय निवासियों, व्यापारियों और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने इसे एक युग का अंत बताया है। लोगों का कहना है कि इन दोनों महानुभावों के सकारात्मक प्रयासों और समाज के प्रति उनके समर्पण को हमेशा याद किया जाएगा।

### विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजितः एकता और संगठित रहने पर दिया जोर

**नवाबगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामनगर सेमरा नवाबगंज स्थिति बाबा मंगली नाथ धाम श्री शिव मंदिर के प्रांगण में हिंदू समाज के तत्वावधान में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हिंदू विशाल सम्मेलन के मुख्य अतिथि कथावाचक रविशंकर महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बाबा मंगली नाथ धाम शिव मंदिर परिसर में हुए इस आयोजन में रविशंकर महाराज ने मस्जिद, मदरसा और मिशनरियों से सतर्क रहने का आह्वान किया। उन्होंने हिंदू समाज को संगठित होकर एकजुट रहने पर भी जोर दिया। उन्होंने सनातन संस्कृति और सामाजिक समरसता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदू समाज को संगठित करने के लिए पहले स्वयं में परिवर्तन लाना होगा।


## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, अलीगंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1618/ई.ई.-3/एल.जे.एस./2025-26 — दिनांक- 12.01.2026

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 19.01.2026 को 3:00 बजे तक आमंत्रित किए जाते है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 19.01.2026 को 01:00 बजे तक निविदा मूल्य नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे सायंकाल खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | जोन-3 के अन्तर्गत त्रिवेणीनगर वार्ड में अहिबरनपुर में लगे मिनी नलकूप के रिडेवलपमेंट सम्बन्धि कार्य। | 300.00 | 5939.00 |

नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हें देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अधिकारी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा खुलने के दिनांक को यदि कोई अवकाश हो अथवा किसी कारणवश कार्यालय बन्द हो तो अगला कार्य दिवस ही निविदा खुलने का दिनांक होगा। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता**
**जोन-3, जलकल विभाग,**
**नगर निगम, लखनऊ**

# सीएम ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर दी बधाई

**गर्व से कहो, हम हिंदू हैं : योगी**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन आध्यात्मिक गुरु एवं विचारक स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर उनके विचारों पर अमल करने का आह्वान किया।

स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी, 1863 को तत्कालीन कलकत्ता में हुआ था। उनका जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। आदित्यनाथ ने एक्स पर कहा, गर्व से कहो, हम हिंदू हैं। भारतीय ज्ञान-परंपरा के ध्वजवाहक, विश्व मंच पर सनातन संस्कृति को पुनर्स्थापित करने वाले राष्ट्रप्रेरक युवा संन्यासी स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन एवं राष्ट्रीय युवा दिवस की सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने लिखा, स्वामी जी के विचारों ने यह सिद्ध किया कि हिंदू धर्म मानवता के समग्र उत्कर्ष एवं कल्याण का सर्वोच्च मार्गदर्शक है। आइए, राष्ट्रीय युवा दिवस पर उनके विचारों को जीवन में धारण कर राष्ट्र सेवा और समाज-उत्थान के संकल्प को और दृढ़ करें। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने एक्स पर कहा, स्वामी विवेकानंद जी के ओजस्वीविचार और राष्ट्रनिर्माण का आह्वान आज भी युवा शक्ति को सेवा, संकल्प और समर्पण के मार्ग पर अग्रसर करता है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक्स पर कहा, भारत के ज्ञान, संस्कृति व दर्शन को विश्वभर में दिग्विजय कराने वाले स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन!

### मुख्यमंत्री ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, अधिकारियों को दिये निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ में आयोजित 'जनता दर्शन' में विभिन्न जिलों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिये। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में विभिन्न जिलों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अवैध कब्जों की शिकायतों पर अधिकारियों को सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध कब्जा कतई बर्दाश्त नहीं है। भूमाफिया और दबंगों के खिलाफकठोर कार्रवाई जारी है और नियमित रूप से होती रहेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को त्वरित व संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ ही लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार उनकी समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। आदित्यनाथ के समक्ष कुछ फरियादी जमीन कब्जा और मारपीट की शिकायत लेकर पहुंचे। इस पर मुख्यमंत्री ने प्रशासन और जनपद, मंडल, रेंज तथा जोन के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि दबंगों व भूमाफिया के खिलाफकठोरतम कार्रवाई नियमित रूप से जारी रखें। गंभीर बीमारी से जूझ रहे कुछ पीड़ितों ने 'जनता दर्शन' में पहुंचकर इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इलाज के लिए आर्थिक सहायता दे रही है और आकलन (एस्टीमेट) मिलते ही इलाज में सरकार तुरंत आर्थिक मदद करेगी।

# एआई की पैठ के मामले में अव्वल देश बना भारत : जितिन प्रसाद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग तथा आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने सोमवार को दावा किया कि देश में प्रौद्योगिकी और एआई का बहुत बड़ा तंत्र तेजी से विकसित किया जा रहा है और भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की पैठ के मामले में दुनिया में पहले स्थान पर पहुंच चुका है।

प्रसाद ने यहां उत्तर प्रदेश एआई और स्वास्थ्य नवाचार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश निवेश का गंतव्य तो बन ही गया है, साथ ही अब यह टेक डेस्टिनेशन और देश का ग्रोथ इंजन भी बनेगा। उन्होंने कहा कि यहां औद्योगिकीकरण तो हुआ ही है लेकिन अब यह राज्य डिजिटाइजेशन और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में बड़ी तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा, जहां तक देश का सवाल है तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था तो बन ही गया है लेकिन अध्ययन बताते हैं कि एआई की पैठ के मामले में भारत नंबर एक पर पहुंच चुका है। हमारे देश में टेक्नोलॉजी और एआई का बहुत बड़ा तंत्र तेजी से बन रहा है। यह कोई मामूली चीज नहीं है। प्रसाद ने विभिन्न चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत का जिक्र किया और कहा कि जनता का साथ मिल रहा है तभी हम दूरगामी नीतियों के साथ काम कर रहे हैं। हम अगले 15 साल के लिए नींव तैयार कर रहे हैं। हम युवाओं के लिए ऐसी योजनाएं और निर्णायक नीतियां ला रहे हैं जिससे उनका भविष्य बेहतर बने।

## खबरें एक नजर में

### आग से घिरी स्कूल संचालिका छत से कूदी, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में आग से बचने के लिए महिला दूसरी मंजिल की छत से कूद गई। सिर में चोट लगने से उसकी मौत हो गई। पति भी आग में झुलसकर घायल है। जबकि बेटी को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। बेटा खुद ही बाहर निकल गया। घटना सोमवार सुबह अयोध्या रोड के नीलगिरी चौराहा के रोहतास इन्क्लेव की है। महिला की पहचान फ्लैट नंबर 73-74 में रहने वाली निदा रिजवी (45) के रूप में हुई है। वह चौक में किड्स जी स्कूल चलाती थीं। उनके पति सैय्यद मोहम्मद अम्मार रिजवी (52) का चेहरा और हाथ झुलस गया है। पुलिस के मुताबिक, सुबह करीब 7.09 बजे कंट्रोल रूम में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। महिला को तत्काल डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पति का हाथ और चेहरा झुलस गया है। उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### भाजयुमो महामंत्री की स्कॉर्पियो ट्रक में घुसी, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे भाजपा युवा मोर्चा मंडल महामंत्री की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह अपने 7 साथियों के साथ उन्नाव में स्कॉर्पियो से लखनऊ आ रहे थे। लखनऊ-उन्नाव बॉर्डर पर सामने से आ रहे ट्रक में स्कॉर्पियो घुस गई। हादसे में 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अन्य को मामूली चोट आई। घायलों का इलाज चल रहा है। मुर्तजा नगर सोनी उन्नाव निवासी हैप्पी राजपूत (25) पुत्र विजय कुमार भाजपा युवा मोर्चा में बिछिया उन्नाव ब्लॉक से मंडल महामंत्री थे। हैप्पी मोबाइल की दुकान भी चलाते थे। सोमवार सुबह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के स्वागत कार्यक्रम में शामिल होने लखनऊ आ रहे थे। लखनऊ-उन्नाव लाला खेड़ा के पास उनकी स्कॉर्पियो सामने से आ रहे ट्रक में घुस गई। स्कॉर्पियो में 7 लोग सवार थे। जिसमें अनुराग राजपूत, सत्येंद्र राजपूत और हैप्पी राजपूत गंभीर घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए पीजीआई ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने हैप्पी को मृत घोषित कर दिया। जबकि अनुराग और सत्येंद्र का इलाज गंभीर हालत में चल रहा है। पुलिस ने हैप्पी के शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने बताया हैप्पी की 8 फरवरी को इंगेजमेंट होनी थी और शादी की तारीख अप्रैल महीने में पड़ी थी। शादी को लेकर पूरा परिवार काफी खुश था। शादी की तैयारी चल रही थी। घटना की जानकारी होने के बाद पूरा परिवार टूट गया।

### अतिक्रमण का अड्डा बनी कुर्सी रोड साइकिल पथ हटाने की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा ने अतिक्रमण का अड्डा बने शहर में तत्कालीन सपा सरकार में शहर में मामा चौराहा विकासनगर से गुडम्बा स्पोर्ट कॉलेज तक बनायी गयी साईकिल पथ को हटाकर सड़कों के चौड़ीकरण करने की मांग की है, ताकि यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर यह मांग करते हुये कहा है कि साइकिल चालकों के लिये बनाये गये यह पथ अब पूरी अतिक्रमणकारियों के चंगुल में फंस चुका है, अब इसका उपयोग साइकिल चालक न कर अवैध रूप से कब्जाकर ठेले खोमचे और दुकानदारों ने अतिक्रमण कर लिया है। जिससे यातायात का आवागमन पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। श्री त्रिवेदी ने कहा कि साईकिल पथ पर अतिक्रमण होने के कारण कुर्सी रोड सकरा होने पर जाम लगना आम बात हो गयी है, और जिसकी वजह से आये दिन दुघर्टनायें होती रहती है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने पत्र में कहा है कि साइकिल पथ हटाकर मामा चौराहा, विकासनगर से गुडम्बा स्पोर्ट कॉलेज तक साइकिल पथ हटाकर रोड का चौड़ीकरण किया जाये ताकि कुर्सी रोड पर नियमित रूप से लगने वाले जाम और दुघर्टनायें से बचा जा सके।

### राजाजीपुरम में ओवरहेड टैंक की सफाई, सायंकाल प्रभावित रहेगी जलापूर्ति

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजाजीपुरम क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों के लिए जलापूर्ति को लेकर एक महत्वपूर्ण है। नगर निगम के जलकल विभाग द्वारा सी-ब्लाक, राजाजीपुरम में स्थित ओवरहेड टैंक की नियमित सफाई का कार्य मंगलवार दिनांक 13 जनवरी 2026 को कराया जाना प्रस्तावित है। इस आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते क्षेत्र के कई इलाकों में सायंकालीन समय में पानी की आपूर्ति प्रभावित रहने की संभावना है। जलकल विभाग के अनुसार, ओवरहेड टैंक की सफाई पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए समय-समय पर की जाती है। इसी क्रम में मंगलवार को होने वाले इस कार्य के कारण मिनी एलआईजी, एमआईजी, एचआईजी, एलआईजी, सपना कॉलोनी, न्यू बिहारीपुरी, सी-ब्लाक और राजाजीपुरम सहित आसपास के क्षेत्रों में शाम के समय पानी की आपूर्ति बाधित रह सकती है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह अस्थायी समस्या होगी और सफाई कार्य पूर्ण होते ही जलापूर्ति को सामान्य कर दिया जाएगा। नगर निगम प्रशासन ने इन क्षेत्रों के सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे मंगलवार प्रातःकाल में प्राप्त होने वाली जलापूर्ति से अपनी आवश्यकता के अनुसार पेयजल का भंडारण पहले से कर लें, ताकि सायंकाल के समय किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में पानी सुरक्षित रखने की सलाह दी गई है। जलकल विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि सफाई कार्य को तय समय सीमा में पूरा करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि जलापूर्ति जल्द से जल्द बहाल हो सके। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे पानी का उपयोग सोच-समझकर करें और अनावश्यक बर्बादी से बचें।

# डिप्टी सीएम ने 17 लापरवाह चिकित्साधिकारियों को किया बर्खास्त, कइयों से मांगा जवाब

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने सरकारी अस्पतालों में अनुशासनहीनता और लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है।

उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर ड्यूटी से लगातार गायब रहने वाले 17 चिकित्साधिकारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक मरीजों को बेहतर इलाज और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

इसी क्रम में मरीजों के साथ अभद्रता करने वाले 4 चिकित्साधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं। इसके अलावा स्थानांतरण के बाद भी नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण न करने वाले डॉ. गजेंद्र सिंह के विरुद्ध भी विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

वहीं बीकेटी ट्रामा सेंटर में तैनात 4 चिकित्साधिकारियों से लापरवाही के संबंध में स्पष्टीकरण तलब किया गया है। साथ ही काम में ढिलाई बरतने पर 3 चिकित्साधिकारियों को चेतावनी देने का फैसला लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि कार्य में लापरवाही व उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के आरोप में 5 चिकित्साधिकारियों की वेतन वृद्धि रोक दी गई है और उनके खिलाफ परनिंदा दंड भी लगाया गया है।

इतना ही नहीं, क्रय नीति के विरुद्ध दवा खरीद के मामले में दोषी पाए गए 2 चिकित्साधिकारियों की पेंशन में 10 प्रतिशत कटौती के निर्देश भी दिए गए हैं। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्पष्ट किया कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही या दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं होगा और ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# योगी के कार्यक्रम में रोया युवक, बोला- अवॉर्ड पाने से पहले लिस्ट से नाम कटा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



राजधानी लखनऊ में सीएम योगी के कार्यक्रम में अवधेश कुमार नाम का युवक रो पड़ा। अवधेश ने बताया, युवा दिवस पर अवॉर्ड के लिए मेरा नाम शामिल था। अचानक मेरा नाम लिस्ट से काट दिया गया। सम्मान पाने के दिन ही मुझे अपमानित कर दिया गया। दरअसल, अवधेश को विवेकानंद यूथ अवॉर्ड से सम्मानित किया जाना था। अधिकारियों ने उसे इन्विटेशन भी भेजा था। 12 जनवरी को ऐनवक्त अवधेश का नाम लिस्ट से कट गया। कार्यक्रम में सीएम योगी ने यूपी के 10 युवाओं को विवेकानंद यूथ अवॉर्ड से सम्मानित किया। प्रत्येक सम्मानित युवा को 50 हजार रुपए की पुरस्कार राशि, स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र मिला। इस कार्यक्रम में सैकड़ों युवा शामिल हुए थे। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हॉल में आयोजित युवा दिवस कार्यक्रम में महिला मंगल दलों को भी सम्मानित किया गया। अवधेश लखनऊ के मोहनलाल गंज के गनेश खेड़ा गांव का रहने वाला है। उसने बताया- अवॉर्ड देने के लिए 15 नामों की लिस्ट जारी हुई थी। उनमें से 10 लोगों को चुना जाना था। मुझे एक दिन पहले लेटर भी दे दिया गया। अधिकारियों ने फोन करके बताया कि आपका नाम सिलेक्ट हो गया है। पता नहीं क्या हुआ जो सवेरे मेरा नाम ही काट दिया गया।

### उच्च शिक्षा मंत्री ने 'भारत बौद्धिक्स' की 21 पुस्तकों का किया विमोचन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय ज्ञान परंपरा को उच्च शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान की महत्वाकांक्षी 'भारत बौद्धिक्स' योजना के अंतर्गत कला, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों पर आधारित 21 पुस्तकों का विमोचन लखनऊ विश्वविद्यालय में किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय रहे। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा और नैतिक मूल्य एक-दूसरे से अलग नहीं, बल्कि परस्पर पूरक हैं। उन्होंने कहा कि केवल डिग्री आधारित शिक्षा समाज को सही दिशा नहीं दे सकती, जब तक उसमें नैतिकता, संस्कार और मानवीय मूल्यों का समावेश न हो। भारतीय शिक्षा परंपरा सदैव चरित्र निर्माण, कर्तव्यबोध और सामाजिक उत्तरदायित्व पर आधारित रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह नीति केवल शैक्षणिक सुधार का दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत के सांस्कृतिक और बौद्धिक पुनर्जागरण का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए विजन ही मिशन होता है और उनकी सोच को नीतियों में रूपांतरित करने की क्षमता ही उन्हें विशिष्ट बनाती है। नई शिक्षा नीति इसी दृष्टिकोण का परिणाम है, जिसमें भारतीय ज्ञान परंपरा, भारतीय भाषाओं, स्थानीय ज्ञान और कौशल आधारित शिक्षा को केंद्रीय स्थान दिया गया है।मंत्री ने कहा कि आगे कहा कि आज विश्व पर्यावरणीय संकट, मानसिक तनाव, नैतिक मूल्यों के क्षरण और सामाजिक असंतुलन जैसी अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है, जिनका समाधान भारतीय दर्शन और ज्ञान परंपरा में निहित है। योग, आयुर्वेद, भारतीय दर्शन और जीवन मूल्यों को आज वैश्विक स्तर पर अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को अब केवल ज्ञान का उपभोक्ता नहीं, बल्कि ज्ञान का मार्गदर्शक बनना होगा। 'भारत बौद्धिक्स' जैसी पहलें युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें वैश्विक नागरिक के रूप में तैयार करेंगी। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा की अब विश्वप्रसिद्ध चिकित्सक भी हमारे योग का प्रयोग एवं उसका प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

# केजीएमयू में ओपीडी बंद करने की तैयारी

**डॉक्टर, रेजीडेंट, नर्सिंग व कर्मचारियों को अल्टीमेटम जारी**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में सोमवार को शिक्षक, रेजीडेन्ट्स, नर्सिंग और कर्मचारियों की संयुक्त बैठक हुई। जिसके बाद एक अल्टीमेटम जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि यदि पुलिस हंगामा व तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफएफआईआर दर्ज कर कार्रवाई नहीं करती है, तो 24 घंटेबाद ओपीडी सेवायें बंद कर दी जायेंगी।

संयुक्त बैठक के बाद जारी पत्र में कहा गया है कि कुलपति कार्यालय में हंगामा करने वालों पर 24 घंटे के भीतर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। आगे लिखा है कि केजीएमयू परिसर में 9 जनवरी को की गई तोड़ फोड़ और महिलाओं के साथ हुई अभद्रता पर तहरीर दी गई थी, यह तहरीर प्रॉक्टर की तरफ से चौक थाने में दी गई थी, लेकिन अत्यन्त दुःखद है कि सरकारी संस्था द्वारा दी गयी तहरीर पर अराजक तत्वों को गिरफ्तार करना तो दूर 72 घंटे बीत जाने के बाद एफआईआर तक दर्ज नहीं हुई है।

संयुक्त बैठक के बाद जारी पत्र में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव की कार्यशैली तक पर प्रश्न उठाया गया है और कहा गया है कि अपर्णा यादव की कार्य प्रणाली पद के अनुरूप न होकर सरकार की छवि धूमिल करने वाली थी, जिन्होंने 100-150 लोगों को लेकर कुलपति, प्रति कुलपति, अध्यक्ष विशाखा समिति व प्रॉक्टोरियल बोर्ड की महिलाओं के साथ अभद्रता की और गलत तथ्यों पर आधारित प्रेस कॉन्फ्रेन्स की।

आगे लिखा गया है कि केजीएमयू डॉक्टरों को प्रशिक्षित करने के साथ गम्भीर मरीजों का उपचार करने के लिए भी विख्यात है, जिसके कुलपति और अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो बाकी शिक्षक, रेजीडेन्ट, नर्सिंग औन अन्य कर्मचारियों की सुरक्षा की बात करना ही बेकार है। स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए आज से ओपीडी बन्द करने का दबाव था, लेकिन दूरदराज से आये मरीजों को ध्यान में रखते हुए 24 घंटे की सूचना देना उचित समझा गया।

अतः सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि केजीएमयू प्रशासन द्वारा दी गयी तहरीर पर पुलिस द्वारा 24 घंटे में एफआईआर दर्ज नहीं की जाती है, तो कल दिनांक 13 जनवरी, 2026 से आकस्मिक सेवाओं को छोड़कर ओपीडी बन्द रखी जायेगी। इस बीच हुई कार्रवाई को देखते हुए आगे के आन्दोलन की रूपरेखा के लिए दिनांक 13 जनवरी, 2026 को दोपहर 2 बजे शिक्षक, रेजीडेन्ट, नर्सिंग व कर्मचारियों के संगठनों की संयुक्त समिति की बैठक पुनः आयोजित की जायेगी।

# विवेक में आनंद तक पहुंचना ही स्वामी विवेकानंद का सबसे बड़ा संदेश : अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का विवेकानंद नाम ही अपने आप में कालजयी संदेश है। उन्होंने कहा कि विवेक में आनंद की अवस्था तक पहुँचना ही स्वामी विवेकानंद के जीवन-दर्शन का सार है और यही मनुष्य को आंतरिक स्वतंत्रता की ओर ले जाता है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि विवेक केवल बाहरी ज्ञान का विषय नहीं, बल्कि अंतःकरण में जागृत होने वाली चेतना है। यह तभी संभव है जब व्यक्ति किसी और के विचारों का मानसिक गुलाम न बने और अपने विवेक से सत्य-असत्य का निर्णय करे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संदेश लोगों को स्वयं सोचने और समझने की प्रेरणा देता है, ताकि समाज बाहरी दिखावे, छद्म गतिविधियों और शब्दों के मायाजाल के पीछे छिपे ढोंग, पाखंड, स्वार्थ और महाझूठ को पहचान सके। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद की मानवता के प्रति सहृदयता और पूरे विश्व को भाईचारे का संदेश आज भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर उन्होंने कामना की कि उनका मार्गदर्शन समाज में और अधिक फलीभूत हो। अखिलेश यादव ने अपील की कि वाह्य ज्ञान नहीं, आंतरिक विवेक और बोध को जीवन का प्रकाश-स्तंभ बनाया जाए तथा अधिकाधिक लोग विवेकशील बनें।

# एनबीएफजीआर पर 1.36 करोड़ गृहकर बकाया, सील

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

नगर निगम लखनऊ के नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर नगर निगम द्वारा बड़े बकाएदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में नगर निगम जोन 4 की टीम ने सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी विभाग के विरुद्ध भी सीलिंग की कार्रवाई की है। जोन 4 की टीम ने जोनल अधिकारी सुश्री शिल्पा कुमारी के नेतृत्व में नेशनल ब्यूरो ऑफ फिश जेनेटिक रिसोर्स (एनबीएफजीआर) परिसर को सील कर दिया। इस संस्थान पर नगर निगम का कुल 1 करोड़ 36 लाख 65 हजार 932 रुपये का गृहकर का बकाया लंबे समय से चला आ रहा था। कई बार नोटिस और पत्राचार के बावजूद बकाया राशि जमा न किए जाने पर नगर निगम ने यह कठोर कदम उठाया। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि बकाया कर की वसूली को लेकर किसी भी स्तर पर कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी, चाहे बकाएदार निजी हो या सरकारी विभाग। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राजस्व वसूली को प्राथमिकता दी जाए और बड़े बकाएदारों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कार्रवाई के दौरान नगर निगम के कर अधीक्षक, कर निरीक्षक एवं अन्य कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे। नगर निगम प्रशासन ने आम नागरिकों और संस्थानों से अपील की है कि वे समय से अपने करों का भुगतान करें और अनावश्यक कार्रवाई से बचें।

### जश्न-ए-अवध फूड फेस्टिवल का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ की मशहूर नवाबी रसोई और अवध के पारंपरिक स्वाद को करीब से महसूस कराने के लिए होमटेल बाय सरोवर, आलमबाग द्वारा 'जश्न-ए-अवध' फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष फूड फेस्टिवल 12 जनवरी से 21 जनवरी 2026 तक कुल 10 दिनों तक आयोजित होगा, जिसमें शहर के खानपान प्रेमियों को अवध की पहचान माने जाने वाले व्यंजनों का स्वाद एक ही जगह मिलेगा। इस आयोजन के दौरान होमटेल के रेस्टोरेंट 'फ्लेवर्स' को नवाबी अंदाज शाही दरबार जैसा सजाया जाएगा। मेहमानों के लिए सर्दियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए गलौटी कबाब, धीमी आंच पर पकाई गई निहारी, खुशबूदार लखनवी बिरयानी और पारंपरिक शाही टुकड़ा जैसे व्यंजन परोसे जाएंगे। इन व्यंजनों की खास बात यह होगी कि इन्हें पारंपरिक तरीकों से तैयार किया जाएगा, ताकि अवध के पुराने स्वाद और खुशबू को बरकरार रखा जा सके। फूड फेस्टिवल के माहौल को और खास बनाने के लिए पारंपरिक सजावट के साथ सुकून भरी गजलों की प्रस्तुति भी होगी, जिससे मेहमानों को नवाबी दौर की शामों का एहसास मिल सके। यह फेस्टिवल खास तौर पर परिवारों के लिए तैयार किया गया है, जहां वे सर्द शामों में अच्छे खाने और शांत माहौल के साथ समय बिता सकें। 'जश्न-ए-अवध' फूड फेस्टिवल हर रोज शाम 7.30 बजे से डिनर के दौरान आयोजित किया जाएगा।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**लखनऊ वृत्त, लो०नि०वि०, लखनऊ**

पत्रांक: 181/523(2)सी-एल०वृ०/2025-26 दिनांक: 08.01.2026

**ई-निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय, उ०प्र० की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में सेतु कार्य हेतु रजिस्टर्ड श्रेणी 'ए' एवं 'बी' ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

| क्र० सं० | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू० लाख में) | धरोहर धनराशि (रू० लाख में) | श्रेणी | निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य+ स्टेशनरी + जी०एस०टी० (रू० लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लखनऊ | जनपद लखनऊ में बिजनौर गहरू पिपरसण्ड से लोनहा होते हुए फतेहगंज-नारायनपुर मार्ग तक किमी० 12 में (नगवा नाला) सकरे एवं क्षतिग्रस्त पुल के समीप नये सेतु एवं पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य | 230.00 | 13.50 | "ए एवं बी" | नि० मूल्य = 300 स्टे० चार्जेज = 2000 जीएसटी = 414 कुल = 2714/- | 12 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि, लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि.लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (म०क्षे०), लो०नि०वि०, लखनऊ |

➢ बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुए तथा जी0एस0टी0 को छोड़कर लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनांक 15/01/2026 की पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 30/01/2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है, एवं दिनांक 30/01/2026 के अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 30/01/2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश संख्या-1/2018/3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेण्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
निमाण खण्ड-2, लो0नि0वि0,
लखनऊ

(जे0पी0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
लखनऊ वृत्त, लो0नि0वि0,
लखनऊ

www.upgov.in
Upid-243859 Date-12.01.2026


# निलंबित आईएएस अभिषेक प्रकाश की बढ़ीं मुश्किलें

**सरकार ने थमाई चार्जशीट, एसआईटी ने बनाया आरोपी, जल्द होगी पूछताछ**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश कैडर के निलंबित आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश पर घूसखोरी के मामले में शिकंजा कसता जा रहा है।सरकार ने उन्हें चार्जशीट थमा दी है।यह कार्रवाई उस मामले से जुड़ी है जब वे इन्वेस्ट यूपी के सीईओ के पद पर तैनात थे। सौर ऊर्जा से जुड़े प्रोजेक्ट को लेकर आईईएस ने निकांत जैन के माध्यम से रिश्वत मांगी थी।

यह कदम एसआईटी ने जांच के दौरान मिले साक्ष्यों और बयानों के आधार पर उठाया है। उनके बयान दर्ज करने के लिए एसआईटी ने नियुक्ति विभाग से अनुमति भी मांगी है। कंपनी के प्रतिनिधि विश्वजीत दास ने 20 मार्च 2025 को गोमतीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। एफआईआर में कहा गया था कि उन्होंने यूपी में सोलर सेल और सौर ऊर्जा से जुड़े उपकरणों के लिए इन्वेस्ट यूपी में आवेदन किया था। तब वरिष्ठ अधिकारी ने उनके संपर्क के लिए निकांत जैन नाम के व्यक्ति को भेजा, जिसने प्रोजेक्ट की मंजूरी के लिए पांच फीसदी रिश्वत मांगी थी।रिश्वत देने से इनकार परफाइल रोक दी।

मामले में मुख्यमंत्री योगी ने तत्कालीन सीईओ अभिषेक प्रकाश को निलंबित कर दिया था और निकांत जैन को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जांच के लिए एसआईटी गठित की गई थी।जांच में वरिष्ठ अधिकारी के तौर पर अभिषेक प्रकाश का नाम सामने आया। सूत्रों के अनुसार एसआईटी की पूछताछ में निकांत ने अभिषेक प्रकाश का नाम लिया।कई ऐसे सबूत भी मिले जिससे दोनों के संपर्क की पुष्टि हुई, इसी आधार पर एसआईटी ने अभिषेक प्रकाश को आरोपी बनाया गया। नियुक्ति विभाग की अनुमति मिलने पर अभिषेक प्रकाश से पूछताछ करेगी और एसआईटी बयान दर्ज करेगी।एसआईटी ने इन्वेस्ट यूपी के सीईओ रहे निलंबित आईएएस अभिषेक प्रकाश का भी नाम जोड़ा है. जांच में मिले साक्ष्यों, बयानों के आधार पर एसआईटी ने एफआईआर दर्ज की है।



अभिषेक प्रकाश का नाम जोड़ा गया है। आईएएस का बयान दर्ज करने के लिए एसआईटी ने नियुक्ति विभाग से अनुमति मांगी है। आईएएस अभिषेक प्रकाश साल 2006 बैच के अफसर हैं।सोलर एनर्जी कंपनी से रिश्वत मांगने का मामला सामने आने के बाद योगी सरकार ने कार्रवाई करते हुए उन्हें 20 मार्च को निलंबित कर दिया था। निकांत जैन के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल है।

# स्वामी विवेकानंद का जीवन सभी युवाओं के लिए प्रेरणाः एडीएम प्रशासन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर वरुण अर्जुन मेडिकल विश्वविद्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा मुख्य वक्ता के रूप में एबीवीपी ब्रज प्रांत मंत्री आनंद कठेरिया एवं विशेष अतिथि के रूप में प्रो. वाइस चांसलर डा. एलआर वर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन हम सभी युवाओं के लिए प्रेरणा है। उनके विचारों को आत्मसात कर हम राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। प्रांत मंत्री आनंद कठेरिया ने कहा कि आज युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में उतारना होगा। भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रो वाइस चांसलर डा. एलआर वर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय में ऐसे कार्यक्रम छात्रों में नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का भाव भरते हैं। महानगर मंत्री आयुष श्रीवास्तव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रतीक हैं। उनके विचार हमें साहस, आत्मविश्वास और राष्ट्र सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक वैभव सक्सेना के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री राहुल गंगवार, जिला संगठन मंत्री संदीप सागर, महानगर अध्यक्ष रानू दुबे, महानगर मंत्री आयुष श्रीवास्तव, जिला संयोजक वैभव सक्सेना, अश्मित श्रीवास्तव अंशु कुमार, आर्यन राज, डा.अमित सिंह, डा. सदानंद कृष्णा, अक्षय सक्सेना, योगेश, आयुष आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोतः अल्पना



**शाहजहांपुर।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर नगर निगम स्वच्छता प्रभारी अल्पना श्रीवास्तव के आवास पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विवेकानंद जी जीवन, उनके कार्यों पर चर्चा –परिचर्चा की गई। साथ ही कायस्थ समाज के उत्थान के लिए भी आए हुए अतिथियों ने विचार रखें। कार्यक्रम में समाज की एकजुटता व समानता पर भी बात हुई। इस अवसर पर अल्पना श्रीवास्तव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है, इनके द्वारा बताए मार्ग पर चलकर एक अच्छा इंसान बना जा सकता है। अमित भटनागर ने कहा कि विवेकानंद जी समाज के लिए पथ प्रदर्शक थे, इनके विचार आज भी हम सभी के बीच जिंदा है। अमन सक्सेना ने कहा कि विवेकानंद जी विचारों को अपने जीवन में उतारना चहिए। कार्यक्रम में आए हुए लोगों का अल्पना श्रीवास्तव ने आभार जताया। इस दौरान अल्पना श्रीवास्तव, अमन सक्सेना, प्रशांत सक्सेना, अमित भटनागर ,राजेश भटनागर, अवधेश सक्सेना ,मोहित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## स्वामी विवेकानंद के जीवन और शिक्षाओं पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन और शिक्षाओं पर निबंध प्रतियोगिता और विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई ने 12 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की जयंती को उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन, शिक्षाओं और विचारों पर आधारित निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एनएसएस प्रभारी डॉ. अरुण कुमार यादव के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. डॉ. आदित्य कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं को सामाजिक जागरूकता, आत्मनिर्भरता और जीवन के उच्च आदर्शों की ओर प्रेरित करते हैं। उनके सिद्धांत और शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राकेश कुमार आजाद ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा स्वामी विवेकानंद का जीवन समर्पण, सेवा और सच्ची मानवता का प्रतीक है। हमें उनके विचारों और आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. अर्चना गर्ग, शिशिर शुक्ला, डॉ. प्रतिभा, नीलू, डॉ. संदीप कुमार वर्मा, अखलेश कुमार, पवन गंगवार और रचना सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। एनएसएस के स्वयंसेवकों और छात्रों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर एनएसएस प्रभारी डॉ. अरुण कुमार यादव ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और स्वयंसेवकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी स्वयंसेवकों और टीम के सदस्यों की सराहना की। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद के विचारों को जन–जन तक पहुँचाने और युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश देने में सफल रहा।

# स्वामी विवेकानंद विद्यालय में मनाई गई विवेकानंद जयंती

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



विवेकानंद जयंती के अवसर पर विद्यालय प्रबंधक जीएस वर्मा सीए ने स्वामी विवेकानंद के जीवन का परिचय देते हुए कहा की स्वामी विवेकानंद ने भारत के युवाओं को संदेश दिया की उठो जागो और तब तक कार्य करते रहो जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। गुलामी के समय विश्व पटेल पर सनातन की पताका को फहराया। उन्होंने कहा जिस प्रकार नदियां समुद्र में आकर मिलती है। इस प्रकार सभी धर्म का समागम एक ही परमपिता परमात्मा से मिलते हैं ईश्वर सभी का एक है। प्रधानाचार्य जेपी मिश्रा ने बताया की विवेकानंद कुछ समय के लिए नास्तिक हो गए थे। वह किसी भी बात को बिना तर्क के नहीं मानते थे। उसे समय के ब्रह्म समाज के विद्वानों से भी वह मिले परंतु उनके विचारों का समाधान नहीं मिला अंत में उन्होंने सुना की कोलकाता में एक संत है जिनका नाम रामकृष्ण परमहंस है उनसे मिले तो उनके सभी प्रश्नों का समाधान मिल गया उनका बचपन का नाम नरेंद्र दत्त था यही नरेंद्र दत्त आगे चलकर विवेकानंद के रूप में संपूर्ण विश्व में विख्यात हुए नर ही नारायण है। इस भाव से उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की जिसके अंतर्गत अस्पताल शिक्षा एवं सेवा के कार्य अभी तक किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में वाइस प्रिंसिपल आरबी सिंह, शालिनी, शान्ति फ़ज़ल निस्बा, सलोनी, सूंबल, मुस्कान, आरती, मंतशा, सुरेश, ललित, राजीव, ज्ञानेंद्र, शिवम् उपस्थित रहे।

# रामकृष्ण परमहंस के आशीर्वाद से नरेन्द्र बन गये स्वामी विवेकानंद: शंभू सिंह

**पुवायां, शाहजहांपुर।** 12 जनवरी दिन सोमवार को युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में स्थानीय स्वामी विवेकानंद इण्टर कॉलेज में जीवनधारा संस्था की ओर से युवा दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खण्ड कार्यवाह शंभू सिंह ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन दर्शन सम्पूर्ण मानवता के लिए नवीन चेतना और नई ऊर्जा का संचार करता है। अमेरिका के शिकागो में आयोजित धर्मसभा में दिये गये व्याख्यान से उन्हें वैश्विक स्तर तक ख्याति मिली। उनके गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस के आशीर्वाद से वे नरेन्द्र से स्वामी विवेकानंद बन गये।

### युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है स्वामी विवेकानंद का जीवन दर्शनः डॉ. प्रदीप वैरागी

कार्यक्रम संयोजक और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ प्रदीप वैरागी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन दर्शन युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा श्रोत बना रहेगा। वे देशवासियों को सुखी और समृद्ध बनाने के लिए आजीवन संकल्पित रहे। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब व्यक्ति सामाजिक जीवन जीने की कला सीखना शुरू करता है, उतनी जीवन यात्रा में वे दुनिया में भारत का डंका बजा कर इस नश्वर संसार से विदा हो गए। आज की युवा पीढ़ी के लिए स्वामी विवेकानंद जी का जीवन दर्शन प्रेरणादायक है। इससे पूर्व सभी उपस्थित अतिथियों शिक्षक शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम व्यवस्था अनुराग गुप्ता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री मदनपाल और बिजेंद्र प्रजापति, धनवीर सिंह, शोभित मिश्रा अर्चित कुमार रेनू श्रीवास्तव, शिवांगी, सुची, सर्वेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### सिंचाई बन्धु की बैठक आज

**शाहजहांपुर।** जनपद सिंचाई बन्धु बैठक आज को मंगलवार को शाम 4 बजे निरीक्षण भवन शारदा नहर खण्ड बाईबाग पुवायां रोड में होगी। जिसकी अध्यक्षता उपाध्यक्ष सिंचाई बन्धु अमरजीत सिंह करेंगे। उक्त बैठक में नहरों एवं नलकूपों से सिंचाई के सम्बन्ध में एजेण्डानुसार चर्चा व समीक्षा की जाएगी। जानकारी अधिशासी अभियंता शारदा नहर खंड ने दी।

### वन विभाग की टीम की मौजूदगी में काटा गया गन्ना

**खुटार,शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** बरगदिया गांव मे सुरेंद्र के खेत में वन विभाग की टीम की मौजूदगी में गन्ना काटा गया। गन्ना में तेंदुआ होने की आशंका के चलते गन्ना की छिलाई का काम रविवार को बंद करा दिया गया था। वन विभाग की टीम कांबिंग कर तेंदुआ की लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास कर रही थी। बरगदिया गांव निवासी सुरेंद्र के खेत में गन्ना की छिलाई के दौरान रविवार को तेंदुआ निकल आया था। खेत में गन्ना छील रहे मजदूरों ने भागकर बमुश्किल अपनी जान बचाई थी। सूचना पर पहुंचे वन क्षेत्राधिकारी मनोज श्रीवास्तव ने एतिहातन गन्ना की छिलाई का काम बंद करा दिया था। खेत में तेंदुआ होने की आशंका के चलते ग्रामीण दहशत में थे। वन विभाग की टीम के लगातार कांबिंग करने के बाद भी तेंदुआ की लोकेशन ट्रेस नही हो पाई। वन विभाग टीम लगातार कांबिंग कर रही थी। सोमवार को वन दरोगा रोहित पाण्डेय, वन रक्षक आशीष शुक्ला, वनकर्मी अधीर शर्मा, रमेश की मौजूदगी में गन्ना काटा गया। लेकिन तेदुआ की लोकेशन ट्रेस नही हुई है।

### फोटोग्राफर कमल गुप्ता का निधन, शोक

**शाहजहांपुर।** कस्बा कांट निवासी फोटोग्राफर कमल गुप्ता का मार्ग दुर्घटना में मौत होने की जानकारी पर शाहजहांपुर फोटोग्राफर एसोसिएशन के सभी लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे तथा परिवार के सदस्यों को हरसंभव मदद करने का वादा किया। इस दौरान अंकित, गोपाल, रुपेश, अमित, हुसैन मुकीम, मोनू, सुबोध, राजू, राहुल लाला, प्रियांशू, ज्ञान, अंकित सक्सेना, मोहित रोहित, टिंकू, गुड्डू, राज सक्सेना, सकील सुबोध, गोविंद, पुनीत, सूरज, नीरज, हिमांशु, पंकज, राहुल, आशीष, रवि शर्मा, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र मेहता, जिला अध्यक्ष अरुणेश अग्निहोत्री, संरक्षक अशोक गोयनका आदि ने शोक व्यक्त किया।

### परौर में लगा जन आरोग्य मेला

**मिर्ज़ापुर, शाहजहांपुर।** रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परौर में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। नि:शुल्क दवाएं वितरित की गईं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परौर में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में लगभग 35 मरीजों को खांसी, बुखार, दर्द, खुजली, पेट दर्द आदि बीमारियों से पीड़ित थे। उनका इलाज डॉक्टर इमरान खान द्वारा किया गया। साथ ही जन आरोग्य मेले में आने वाले मरीजों को डॉक्टर द्वारा गुनगुना पानी पीने एवं खासकर बच्चों ब बुजुर्गों को ऊनी कपड़े पहनकर ठंड से बचाव करना चाहिए। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगे मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में आने वाले मरीजों को और स्वास्थ्य संबंधी टिप्स दिए। इस मौके पर एएनम बबली चौहान के अलावा आशा बहुएं मनोरमा, माला देवी, महेश्वरी देवी, अरुणा देवी, समेत एलटी आदित्य कुमार गौतम आदि मौजूद रहे। चिकित्सक इमरान खान ने आशा बहू को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले के संबंध में अपने–अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने की सलाह दी। ताकि मरीज प्रत्येक रविवार को अधिक से अधिक संख्या में आकर नि:शुल्क दवाई प्राप्त कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें।

### वास्तु-अध्यात्म के संगम से बदल सकती है जीवन की दिशाः दीपमाला



**शाहजहांपुर।** शहर के प्रताप एन्क्लेव स्थित विजन इंटरनेशनल स्कूल में वास्तु वर्कशॉप का आयोजन हुआ। वास्तु वर्कशॉप में प्रसिद्ध पंडित सुनील शास्त्री और पंडित आशुतोष का और शॉल और स्मृति चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में वास्तु सलाहकार, अंकशास्त्री, टैरो कार्ड रीडर, औरा स्कैनिंग स्पेशलिस्ट दीपमाला रस्तोगी ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। जहां अध्यात्म के क्षेत्र में उनके योगदान को सराहा गया। दीपमाला ने बताया कि किस प्रकार घर और कार्यस्थल का वास्तु हमारे मानसिक स्वास्थ्य और आर्थिक उन्नति को प्रभावित करता है। उन्होंने सूक्ष्म ऊर्जाओं और 'ऑरा स्कैनिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए दर्शकों को जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के सरल उपाय बताए। कार्यक्रम में शहर की कई हस्तियां और नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लोगों ने दीपमाला के ज्ञान और उनकी प्रस्तुति शैली की प्रशंसा की। यह वर्कशॉप न केवल ज्ञानवर्धक थी, बल्कि इसने जीवन के प्रति एक नया दृष्टिकोण भी प्रदान किया। कार्यक्रम में 3 बोनस उपहार रहे, मुख्य आकर्षण। एक विशेष आकर्षण 3 विशेष बोनस उपहार' रहे, जो प्रतिभागियों को 'स्टार साइंस 555 की ओर से दिए गए। इन उपहारों ने दर्शकों के उत्साह को दोगुना कर दिया। अंत में दीपमाला ने लोगों के सवालों के जवाब दिए और वास्तु से जुड़ी कई भ्रांतियों को दूर किया। वास्तु केवल निर्माण नहीं, बल्कि दिशाओं और ऊर्जा का संतुलन है। यदि हम अपने परिवेश को प्रकृति के अनुरूप कर लें, तो सफलता और शांति सहज ही प्राप्त हो जाती है।

# मलिन बस्ती में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत एवं मानवता वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में मलिन बस्ती बूचड़ी क्षेत्र में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। बच्चों के लिए 100 मीटर दौड़ एवं स्पून-कंचा दौड़ जैसी खेल प्रतियोगिताएं कराई गई। 100 मीटर दौड़ में दिव्यांशी ने प्रथम, करिश्मा ने द्वितीय तथा प्रिंस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं स्पून-कंचा दौड़ में आर्यन प्रथम, महक द्वितीय एवं खुशबू तृतीय स्थान पर रहीं। बतौर अतिथि समाजसेवी मुकेश परिहार, कैंट पूर्व उपाध्यक्ष गजेंद्र गंगवार एवं संस्था की सदस्य नीरा श्रीवास्तव उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा सभी विजेता बच्चों को मेडल पहनाकर एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बच्चों को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन, विचारों एवं उनके आदर्शों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा की भावना विकसित हो सके।इस अवसर पर मानवता वेलफेयर सोसायटी के उन सदस्यों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जो निरंतर सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सम्मानित सदस्यों में शुभम, कोमल मौर्य, फारिया, अनुराधा पांडे, जिज्ञासा यादव, दिव्यांशी मिश्रा, आकांक्षा मिश्रा, शगुन सक्सेना एवं अंकिता वर्मा शामिल रही। सोसायटी के संस्थापक अमित श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था द्वारा निरंतर मलिन बस्तियों में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ा जा सके और उनके सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त हो सके। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज भी युवाओं और बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

# पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने वित्तमंत्री को सौंपा पत्र



**शाहजहांपुर।** पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी का प्रतिनिधि मंडल सोसाइटी अध्यक्ष राम सिंह के नेतृत्व में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से मिला और उन्हें निगोही रोड से संविलियन विद्यालय श्यामत गंज गौंटिया तक 175 मीटर लम्बे खराब हो चुके रोड को बनवाने का मांग पत्र सौंपा। पत्र में कहा गया कि इस मार्ग पर आवागमन अधिक रहता है शिक्षक बच्चे और ग्रामीण क्षेत्र के लोग इसी मार्ग से आते जाते हैं। जल निगम द्वारा पानी के पाइप डाले जाने से रोड पूरी तरह क्षतिग्रस्त ग्रस्त हो गया जिसे जनहित की दृष्टि से बनवाया जाना अत्यावश्यक है। वित्त मंत्री ने जनहित की दृष्टि से मार्ग को बनवाने के लिए नगर आयुक्त को कार्यसूची में सम्मिलित कर निर्माण के निर्देश दिए हैं। प्रतिनिधिमंडल में एससी एसटी बेसिक शिक्षक संघ के महामंत्री विनोद कुमार, कौशल किशोर, सुधीर सिंह, रामकुमार आदि शामिल थे। इस दौरान वित्त मंत्री श्री खन्ना ने आए हुए अन्य लोगों की जायज समस्याओं को भी गंभीरता से सुना और संबंधित को निस्तारण के निर्देश दिए।

## पशु चिकित्साकर्मी की फर्रुखाबाद में सड़क हादसे में मौत



**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के ग्राम नगला पिपरिया निवासी लगभग 35 वर्षीय आदेश कुशवाहा पुत्र प्रेमपाल का सड़क हादसे में फर्रुखाबाद (पांचाल घाट) के निकट ग्राम चाचूपुर मोड़ पर निधन हो गया। दुर्घटना की सूचना फर्रुखाबाद पुलिस ने दूरभाष पर आदेश के परिजनों को दी। पशु डाक्टर के नाम से विख्यात आदेश कुशवाहा मिर्जापुर पशु चिकित्सालय के अधीन पशुओं की प्राथमिक इलाज और कृत्रिम गर्भाधान करने के लिए पैरावेट के रूप में कार्य करते थे। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह डॉ. आदेश कुशवाहा मिर्जापुर कस्बे के एक मेडिकल स्टोर से पशुओं की दवा खरीदकर किसी बीमार पशु की इलाज करने अपनी बाइक से फर्रुखाबाद जिले के ग्राम चाचूपुर गए थे। रास्ते में मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाइवे पर पांचाल घाट (फर्रुखाबाद) के निकट किसी वाहन की चपेट में आकर उनकी दर्दनाक मौत हो गई। फर्रुखाबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही डॉ. आदेश के परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते पिता प्रेमपाल कुशवाहा परिजनों के साथ फर्रुखाबाद के लिए रवाना हो गए। परिवार के कमाऊ पुत्र के आकस्मिक निधन से पिता प्रेमपाल, मां सदावती, पत्नी मोनी देवी का रो रोकर बुरा हाल है। घटना से मृतक आदेश के आठ वर्षीय पुत्र आरुष, छेह वर्षीय पुत्री आरुषि, तीन वर्षीय पुत्र अरनव व छेह माह के पुत्र की सिर से बाप का साया उठ गया है।

## रोड पर पड़ी पेड़ की डाल से बाइक टकराई, दो लोग घायल

**शाहजहांपुर।** पुवाया, बंडा थाना क्षेत्र के गांव तिहार ऐजन निवासी रामलडैते उम्र 40 वर्ष पुत्र गोविंद अपनी पत्नी राम बेटी के साथ अपनी ससुराल पुवायां थाना क्षेत्र के भटपुरा चंदू ब्रजबिहारी के यहां आया हुआ था। भटपुरा चंदू से वापस अपने घर जा रहा था जैसे ही बंडा रोड पर कुंवरपुर जसी गांव के समीप पहुंचा तभी रोड पर पड़ी एक पेड़ की डाल से बाइक टकरा गई जिससे कि दोनों घायल हो गए। राहगीरों के द्वारा 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के द्वारा घायलों को पुवायां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर डॉक्टरों के द्वारा रामबेटी का प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया और राम लडैते की हालत को गंभीर देखते हुए शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज उचित उपचार हेतु रेफर कर दिया गया है।

# अन्तरविश्वविद्यालयी एथलेटिक्स हेतु एसएस कॉलेज के 11 खिलाड़ी चयनित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



**ये खिलाड़ी हुए चयनित** रमन तोमर, उत्तम तोमर, मनोज वर्मा, ललित कुमार, अफरोज बाबू, मुकुल गुप्ता, गौरव, शिवम शर्मा, दुष्यंत कुमार, तुषार, गुनगुन मौर्या हैं।

स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के 11 खिलाड़ियों का चयन अखिल भारतीय अंतरविश्वविद्यालयी एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए हुआ है। इस बारे में सूचना देते हुए कॉलेज के क्रीड़ा सचिव प्रो अजीत सिंह चारग ने बताया कि यह चैंपियनशिप राजीव गांधी यूनिवर्सिटी, बंगलौर के द्वारा दिनांक 12 जनवरी से 16 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। खास बात यह है कि इस चैंपियनशिप में एस एस कॉलेज को पहले ही दिन गोल्ड मेडल हासिल हुआ है। प्रतिभाग करने वाले 11 खिलाड़ियों में से गौरव ने 10000 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। गौरव की इस उपलब्धि से कॉलेज के साथ साथ शाहजहांपुर जिले का एवं रुहेलखंड विश्वविद्यालय का नाम भी रोशन हुआ है। खिलाड़ियों की इस सफलता पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, कॉलेज के सचिव प्रो अवनीश मिश्रा, प्राचार्य प्रो आर के आजाद, उपप्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल, क्रीडा उपसचिव डॉ प्रांजल शाही सहित समस्त स्टाफ ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# शिक्षक संघ ने विधायक अरविंद को सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

### उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षक समायोजन में गंभीर अनियमितताओं का लगाया आरोप

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षक वाले विद्यालयों में शैक्षिक हित में शिक्षकों की व्यवस्था के नाम पर किए गए तृतीय चरण के अंतः जनपदीय समायोजन एवं स्थानांतरण में गंभीर विसंगतियों का आरोप लगाते हुए संघ प्रतिनिधिमंडल सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाओं ने विधानसभा क्षेत्र ददरौल के विधायक अरविन्द सिंह को ज्ञापन सौंपकर हस्तक्षेप की मांग की। ज्ञापन में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने अवगत कराया गया कि शासनादेश 14 नवम्बर 2025 के अनुपालन में समायोजन पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जाना था, किंतु तृतीय चरण में शासनादेश के निर्देशों का खुला उल्लंघन किया गया है। समायोजन के नाम पर कई विद्यालयों को पूरी तरह शिक्षक विहीन कर दिया गया, जबकि नगर क्षेत्र के विद्यालयों के शिक्षकों को ग्रामीण क्षेत्रों में तथा दिव्यांग, महिला एवं वरिष्ठ शिक्षकों को दूरस्थ विद्यालयों में भेज दिया गया। शिक्षकों ने बताया कि 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों का भी समायोजन कर दिया गया, जो पूरी तरह अमानवीय है। उदाहरणस्वरूप प्राथमिक विद्यालय निगोना मकरंदपुर भावलखेड़ा की प्रधानाध्यापिका सुषमा गुप्ता एवं प्राथमिक विद्यालय गदाई साड़ा पुवायां के रामाधार बाजपेयी का समायोजन किया गया, जबकि वे मार्च 2026 में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि 68 प्रतिशत दिव्यांग शिक्षिका पुष्पा देवी को 12 किलोमीटर दूर विद्यालय में समायोजित किया गया। कई विद्यालयों में वरिष्ठता क्रम का पालन नहीं किया गया, कहीं कनिष्ठ तो कहीं ऐसे शिक्षकों का समायोजन कर दिया गया जो न वरिष्ठ थे न कनिष्ठ। कुछ मामलों में तो ऐसे शिक्षकों के नाम समायोजन आदेशों में दर्ज हैं, जो संबंधित विद्यालयों में कार्यरत ही नहीं हैं। इसके अतिरिक्त, समायोजन के बाद कई विद्यालय शिक्षक विहीन हो गए, जबकि शासनादेश में स्पष्ट निर्देश है कि हर विद्यालय में कम से कम दो शिक्षक होने चाहिए। नगर क्षेत्र में स्थित प्राथमिक विद्यालय अहमदपुर निवाजपुर एवं टिक्कल के शिक्षकों को ग्रामीण क्षेत्र में समायोजित किया गया, जो ग्रामीण एवं नगरीय सेवा संवर्ग से संबंधित नियमों का उल्लंघन है। शिक्षकों ने यह भी बताया कि कुछ शिक्षकों का एक ही शैक्षिक सत्र में तीन बार विद्यालय बदला गया, जिसे माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ ने पूर्व में शिक्षकों का मानसिक उत्पीड़न माना था। इसके बावजूद तृतीय चरण में पुनः वही प्रक्रिया दोहराई गई। स्वास्थ्य की दृष्टि से गंभीर मामलों में भी संवेदनहीनता बरती गई। कैंसर पीड़ित शिक्षक एवं किडनी ट्रांसप्लांट करा चुके प्रधानाध्यापक का भी दूरस्थ विद्यालयों में समायोजन किया गया, जिससे शिक्षकों में गहरा आक्रोश है। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने मांग की कि समायोजन की संपूर्ण प्रक्रिया को रद्द कर शासनादेश के अनुरूप पुनः पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जाए, आवश्यकता से अधिक एवं शिक्षक विहीन विद्यालयों की सूची सार्वजनिक कर आपत्तियां मांगी जाएं, दिव्यांग, महिला एवं वरिष्ठ शिक्षकों को काउंसलिंग के माध्यम से विकल्प का अवसर दिया जाए तथा 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को समायोजन से मुक्त किया जाए। विधायक अरविन्द सिंह ने शिक्षकों के समक्ष ही मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को समायोजन की अनियमितताओं को संघ पदाधिकारियों के साथ बैठकर दूर करने के ही बाद आदेश को लागू करने के निर्देश दिए साथ ही समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उचित स्तर पर समाधान का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मण्डल में संघ के जिला अध्यक्ष मुनीश मिश्र, जिला मंत्री देवेश बाजपेई, जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र पाल प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, जिला संगठन मंत्री सौरभ गुप्ता, प्रदीप सिंह, पुवायां अध्यक्ष अश्विनी अवस्थी, शेर सिंह, सतेन्द्र सिंह, आनंद बिहारी वाजपेई, विनोद दीक्षित, अभिषेक दीक्षित, वारिस अली, संजय त्रिपाठी, सचिन अवस्थी, समर खान, शिवकुमार, वीरेश कुमार,रितू, एलिजाबेथ बेंजामिन, रेनू शुक्ला, रेखा रस्तोगी सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाऐं थे।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**पीलीभीत।** जिले के घुंघचाई क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार प्रगट सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा पीलीभीत-बरेली हाईवे पर हुआ, जब प्रगट सिंह अपनी स्कूटी से जा रहे थे। हादसा रविवार रात हुआ, जब प्रगट सिंह अपनी स्कूटी से बरेली से पीलीभीत आ रहे थे। अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे प्रगट सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है और अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

### प्रॉपर्टी डीलर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**पीलीभीत।** जनपद के सुनगढ़ी क्षेत्र में सोमवार सुबह एक प्रॉपर्टी डीलर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रामलीला मैदान में मिला। मृतक की पहचान 40 वर्षीय रामऔतार यादव के रूप में हुई है। शव के पास सल्फास की एक डिबिया बरामद हुई है, जिससे प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।रामऔतार यादव पेशे से प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। वह सोमवार सुबह करीब 6 बजे हर रोज की तरह मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकले थे। जब काफी देर तक वह वापस नहीं लौटे, तो परिजनों को चिंता हुई।इसके बाद उन्हें सूचना मिली कि रामलीला मैदान में एक व्यक्ति का शव पड़ा है।मौके पर पहुंचे लोगों ने जब शव की शिनाख्त की, तो वह रामऔतार यादव का निकला। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। थाना अध्यक्ष नरेश त्यागी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामला संदिग्ध है और जांच की जा रही है।

### मेरठ हत्याकांडः भीम आर्मी ने पीलीभीत में किया प्रदर्शन

**पीलीभीत।** जिले में भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने मेरठ में हुई दोहरी हत्याओं के विरोध में प्रदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रपति से पीड़ित परिवार के लिए सुरक्षा की मांग की है। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सौरभ भारतीय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने मेरठ प्रशासन और उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने पीड़ित परिवार को दो स्थायी सशस्त्र गनर उपलब्ध कराने, सरकारी आवास आवंटित करने और शस्त्र लाइसेंस जारी करने की मांग की। उन्होंने आरोपियों पर रासुका और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (UAPA) की धाराओं के तहत कार्रवाई करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे आंदोलन तेज करेंगे। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सौरभ भारतीय ने कहा कि मेरठ में हुई हत्याएं निंदनीय हैं और आरोपियों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जानी चाहिए।

### बरेली मोड़ चौराहे पर ईको चालक को घेर कर पीटा

**शाहजहांपुर।** बरेली मोड़ चौराहे पर ईको चालक को घेर कर जमकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पत्थर मारकर गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। अजीजगंज चौकी पुलिस ने आरोपियों की तलाश में दबिश दी, लेकिन वे नहीं मिले। रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। आरोपी तीन माह पूर्व भी हमला कर चुके हैं। थाना जलालाबाद क्षेत्र के कोठी वाला बाग निवासी अवनीश ईको चालक है रविवार को एक मरीज को लेकर आया था। दोपहर एक बजे मरीज को अस्पताल छोड़ने के बाद वापस घर जा रहा था। तभी बरेली मोड़ चौराहे पर उसे पुराने विवाद के चलते चार पांच लोगों ने घेर लिया और गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद गाड़ी से खींचकर मारपीट करने लगे। सरेराह चौराहे पर मारपीट से राहगीर ठिठक गए। आरोपी अवनीश को खींचकर चौराहे पर स्थित एक खोखे पर ले गए। यहां दौड़ा-दौड़ा कर जमकर पीटा। आरोप है कि जाति सूचक शब्द भी कहे। ईको के शीशे पर पत्थर मार दिया पीड़ित ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। जब तक पुलिस मौके पर आई, तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। अवनीश ने घटना की तहरीर अजीजगंज पुलिस को दी। अजीजगंज चौकी प्रभारी सुशील कुमार ने आरोपियों की तलाश में दबिश दी, लेकिन वे नहीं मिले। चौकी प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। वहीं सरे आम चौराहे पर मारपीट होने के बावजूद पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। रोड पर पड़ी पेड़ की डाल से बाइक टकराईः डॉक्टरों के द्वारा रामबेटी का प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया, राम लडैते की हालत को गंभीर देखते हुए शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज उचित उपचार हेतु रेफर कर दिया गया है।

### शिकायत पर पहुंचे अधिकारियों ने कराई गांव में सफाई

**खुटार,शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज।** विकासखंड खुटार के ग्राम पंचायत नवदिया ओरीलाल की एक रोड जो की पूरी तरह से कीचड़ युक्त व जलमग्न थी जिससे आने-जाने वाले राहगीरों का निकलना दूभर था। दुर्गंध युक्त पानी कीचड़ के चलते हैं गांव में लगातार बीमारियां फैल नहीं थी जिसके लिए स्थानीय ग्रामीणों की लगातार शिकायतें उच्च अधिकारियों को दी जा रही थी लेकिन ग्रामीणों के अनुसार विवाद के चलते पानी के लिए बने तालाब की सफाई नहीं हो पा रही थी। गांव के लोगों ने इस समस्या को लेकर जिला अधिकारी महोदय से गांव की समस्या व गंदगी से निजात पाने हेतु लिखित शिकायत जिला अधिकारी महोदय के आदेश अनुसार सोमवार को राजस्व विभाग की टीम मय पुलिस बल के साथ व खंड विकास अधिकारी आशीष कुमार सिंह एडीओ पंचायत धर्मेंद्र अवस्थी ग्राम पंचायत सचिव प्रवीण कुमार सचिव जयप्रकाश मिश्रा आदि लोग मौके पर पहुंचे वहां पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों से बात कर वहां के लोगों को समझा बुझाकर बैकहो लोडर मशीन ट्रैक्टर ट्रालियों से मौजूदा तालाब की सफाई करवानी शुरू कर दी। जिससे पानी का निकास बनाया जा सके व रोड पर मौजूद दुर्गंध युक्त पानी व कीचड़ तालाब में जा सके, हालांकि वहां पर मौजूद स्थानीय कुछ ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि तालाब काफी बड़ा है जिस पर गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा कब्जा कर अपना मकान बना लिया गया है। जिसके चलते पानी आदि निकास की व्यवस्था नहीं हो पा रही थी व रोड पर कीचड़ आदि जमा हो गया था।

### पत्नी से कहासुनी होने पर पति ने खाया विषाक्त, हालत गंभीर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** पत्नी से विवाद के चलते युवक की विषाक्त पदार्थ खाने से हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने गंभीरावस्था में उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। रविवार को रात 11 बजे मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव खडकडी निवासी अनिल कुमार का मायके गई पत्नी से फोन पर बात होने के दौरान कहासुनी हो गई और पत्नी से आहत होकर अनिल ने विषाक्त खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

### अशोक यादव परिवर्तन समर्थकों समेत बसपा में हुए शामिल



**तिलहर-शाहजहांपुर।** सपा के पूर्व विधायक राजेश यादव के नजदीकी समाजसेवी अशोक यादव परिवर्तन ने अपने तमाम ल समर्थकों के साथ बसपा का दामन थाम लिया है। सोमवार को बसपा के विधानसभा अध्यक्ष अजय सागर की अध्यक्षता में कटरा में हुए पार्टी कार्यक्रम में समाजसेवी अशोक यादव परिवर्तन ने कहा कि बसपा ही ऐसी पार्टी है जिसमें भ्रष्टाचार नहीं है । और सभी वर्ग के लोगों को न्याय मिलता है। जिला अध्यक्ष उदयवीर सिंह गौतम एवं मंडल कोऑर्डिनेटर हरिराम कश्यप ने अशोक यादव एवं उनके समर्थकों को नीला पटका व फूल मालाये पहनाकर पार्टी में शामिल किया । इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष जदुवीर गौतम , राधे श्याम भारती, बालकरण गौतम, जयवीर सिंह, भगवान दास पाल, जेपी यादव समेत तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

### हिंदू प्रत्येक मंगलवार को पड़ोस के मंदिर में कराए हनुमान चालीसा पाठः तोगड़िया



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जलालाबाद नगर परशुरामपुरी के बरसाना मैरिज लॉन में अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के हिंदू संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी सत्यदेव महाराज ने की। जिसमे संगठन के अध्यक्ष हिंदू नेता प्रवीण तोगड़िया कार्यक्रम मे पहुंचे। जिसमें कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। तो वही सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा हम सिर्फ धर्म के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि हिंदुओं की आर्थिक स्थिति के सुधार लिए भी काम कर रहे हैं। हमारा प्रयास है किसानों को उनकी फसल का उचित दाम मिले छात्रों को सस्ती शिक्षा मिले यह हमारी प्राथमिकता में है। धर्म के विषय पर उन्होंने कहा अयोध्या में राम मंदिर तो बना लिया काशी में महादेव और मथुरा में भगवान कृष्ण को भी स्थापित करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से उन्होंने आग्रह किया कि सभी लोग हफ्ते में एक से दो बार अपने क्षेत्र में हनुमान चालीसा का पाठ अवश्य कराए। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने धर्म रक्षा निधि के रूप में 105000/- रुपए की चेक डॉ प्रवीण तोगड़िया को भेंट की। तो वही मंच पर हिंदू नेता प्रवीण तोगड़िया के साथ राष्ट्रीय बजरंग दल के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, प्रांत संगठन महामंत्री हरेंद्र कुमार सिंह, प्रांत महामंत्री सुनील बाबू गुप्ता, प्रांत मंत्री अर्पित भामाशाह एडवोकेट, प्रांत उपाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह सोलंकी, ओजस्विनी की अध्यक्ष डॉ अंजलि सैनी, स्वामी सत्यदेव महाराज, बाबा बलदेव सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में हिंदू लोगों को उपस्थित रहे। तो वही अध्यक्ष की सुरक्षा के लिए जनपद का पुलिस बल मुस्तैद रहा।

# सर्राफा व्यापारी के बेटे की सड़क हादसे में मौत, साथी घायल

**निगोही, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बा निगोही निवासी सर्राफा व्यापारी गंगा सिंह का 22 वर्षीय केशव सिंह पुत्र अपने साथी 21 वर्षीय आषीश वर्मा पुत्र विश्राम वर्मा के साथ देर रात शाहजहांपुर से घर वापस वाइक से आ रहा था रास्ते में डाल मियां चीनी मिल गेट के पास गन्ना से भरी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई जिससे केशव सिंह की मौत हो गई, साथी आषीश वर्मा गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निगोही भेजा, जहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया। मृतक का पोस्टमार्टम का पीएम हाउस भेजा। आकस्मिक घटित घटना से दोनों पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मौत की खबर जंगल में लगी आग की तरह क्षेत्र में फैल गई! जिसने सुना दौड़ा चला आया। मृतक केशव सिंह तीन भाई बहनों में दूसरे नंबर का 22 वर्षीय केशव सिंह सब की आंखों का तारा दुलारा सदर बाजार रोड स्थित पिता की सर्राफा की दुकान में हाथ बंटाता था। शोकाकुल लोगों का दोनों घरों पर आने जाने वालों में नेता, राजनेता, समाजसेवी, व्यापारी, पत्रकारों, वकील, प्रधान, पूर्व प्रधान, वीडीसी , जिला पंचायत आदि लोगों का तांता लगा रहा। सोमवार शाम में कैमुआं पुल स्थित श्मशान घाट स्थल पर अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर पारिवारिक जनों के अलावा सगे संबंधी, गणमान्य नागरिकों ने शव यात्रा में पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की।

# मृतक के खाते से फर्जी हस्ताक्षर कर निकाले गए 2 लाख से अधिक रुपये, आरोपी गिरफ्तार

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



थाना बण्डा पुलिस ने मृतक व्यक्ति के बैंक खाते से फर्जी हस्ताक्षर कर दो लाख से अधिक रुपये निकालने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) व क्षेत्राधिकारी पुवायां के पर्यवेक्षण में की गई। थाना बण्डा क्षेत्र के ग्राम उगनपुर निवासी जगदेवी पत्नी मेवाराम ने 7 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनके पति मेवाराम का निधन 7 अप्रैल 2024 को हो चुका है, इसके बावजूद बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा बण्डा में उनके खाते से 4 जनवरी 2025 को 90,500 रुपये तथा 15 जनवरी 2025 को 1,20,000 रुपये धोखाधड़ीपूर्वक निकाल लिए गए। जांच में सामने आया कि आरोपी रामनरेश पुत्र भगवानदास निवासी ग्राम आलमपुर पिपरिया ने मृतक के फर्जी हस्ताक्षर कर चेक के माध्यम से धनराशि निकाली। हस्ताक्षरों का विधि विज्ञान प्रयोगशाला से मिलान कराया गया, जिसमें वे फर्जी पाए गए। इसके बाद मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोत्तरी की गई। सोमवार सुबह गश्त व चेकिंग के दौरान उप निरीक्षक शिव कुमार व कांस्टेबल विक्रांत मलिक ने मुखबिर की सूचना पर सुनासिर नाथ मंदिर मोड़ के पास से आरोपी रामनरेश (उम्र लगभग 47 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस गिरफ्तारी को बैंक खातों से धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश माना जा रहा है।

## वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने किया एचडीएफसी बैंक का शुभारंभ



**शाहजहाँपुर।** एचडीएफसी बैंक की टाउनहॉल, स्थित शाखा का पुनः भव्य शुभारंभ प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा किया गया। यह समारोह गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें बैंक के वरिष्ठ, प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने कहा कि बैंक जनपद शाहजहाँपुर में वित्तीय समावेशन, व्यापारिक विकास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि बैंक की जनपद में 10 शाखाओं के माध्यम से सशक्त उपस्थिति है, जिसके द्वारा ग्राहकों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण बैंकिंग सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। कार्यक्रम में क्लस्टर हेड अरविंद शर्मा एवं जोनल हेड वैभव श्रीवास्तव ने शाखा टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बैंक जिला प्रशासन के साथ मिलकर सरकारी योजनाओं एवं सरकारी बैंकिंग कार्यो में सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा। समारोह में नगर आयुक्त डा. विपिन मिश्र, अपर नगर आयुक्त सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी, शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, व्यापारी वर्ग एवं बैंक के गणमान्य ग्राहक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर शाखा स्टाफ अभिषेक पाल, श्याम शुक्ला, शुभम मिश्रा, सुधीर उपाध्याय, अंजू राठौर, स्वीटी, साक्षी एवं निलेश उपस्थित रहे।

# लव जिहाद और धर्मांतरण के खिलाफ हिन्दू जागरण मंच मुखर, पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद में कथित लव जिहाद और धर्मांतरण की बढ़ती घटनाओं को लेकर हिन्दू जागरण मंच ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। सोमवार को संगठन के पदाधिकारियों ने एसपी राजेश द्विवेदी को एक मांग पत्र सौंपकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और विवादित स्थलों को सील करने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि बीते 12 जनवरी को शहर के 'वेलकम मैरिज लॉन में एक हिन्दू युवती के साथ निकाह के बाद दावते-वलीमा का आयोजन किया जा रहा था। संगठन का आरोप है कि इसके लिए सरेआम कार्ड बांटकर हिन्दू समाज को उकसाने और शहर का माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया। मंच के नेताओं का कहना है कि यदि पुलिस समय रहते सतर्क न होती, तो शहर में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती थी। हिन्दू जागरण मंच ने प्रशासन से मांग की है कि घ्ऐसे मामलों में शामिल लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर रासुका के तहत कार्रवाई की जाए।

धर्मांतरण और लव जिहाद के दोषियों के खिलाफ 'बुलडोजर' और एनकाउंटर जैसी सख्त नीति अपनाई जाए ताकि अपराधियों में डर पैदा हो। घ्जिस मैरिज लॉन में यह आयोजन हुआ, उसे तत्काल सील कर उसके मालिक के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। घ्संगठन के जिला अध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा और प्रान्त विधि प्रमुख राजेश अवस्थी एडवोकेट ने चेतावनी दी है कि यदि पुलिस प्रशासन ने इस मामले में ठोस कदम नहीं उठाए, तो हिन्दू समाज बड़े पैमाने पर आंदोलन करने को बाध्य होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर की शांति व्यवस्था बनाए रखने की समस्त जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। घ्इस दौरान बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर से दबकर अधेड़ की मौत, परिजनों ने थाने में दी तहरीर



**खुटार, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र खुटार के गांव बरगदिया के रहने वाले अरुण कुमार ने थाना खुटार में तहरीर देकर बताया कि वह अत्यंत निर्धन परिवार से है । मैं व मेरे पिताजी सुरेश कुमार 50 वर्षीय जो कि अपने परिवार का भरण पोषण मजदूरी से किया करते थे। बीते शनिवार को मेरे पिताजी पड़ोस गांव के ही एक व्यक्ति के यहां मजदूरी करने गए थे । वह घूरे ढुलाई का काम कर रहे थे। जिसको ट्रैक्टर पर लाद कर वह अपने तीन साथियों के साथ खेत की ओर जा रहे थे। व ट्रैक्टर को पड़ोस गांव के एक व्यक्ति के द्वारा चलाए जा रहा था। मेरे पिताजी अपने तीन साथियों के साथ ट्रॉली पर साइड में बैठे हुए थे। आरोप है कि पड़ोस गांव के व्यक्ति के द्वारा लापरवाही से ट्रैक्टर चलाया जा रहा था। जिसके चलते मेरे पिताजी अचानक ट्राली से नीचे गिर गए ब ट्रैक्टर के नीचे दब गए जिससे उनकी मौत हो गई। पीड़ित के द्वारा थाना खुटार में प्रार्थना पत्र देकर न्याय के गुहार लगाई गई हालांकि इस मामले में थाना खुटार पर पहले से ही अज्ञात वाहन के खिलाफ अभियोग पंजीकृत है।

> इस मामले में पहले से ही अज्ञात वाहन के खिलाफ अभियोग पंजीकृत है। परिजनों ने नामजद तहरीर दी है। विवेचना में नाम शामिल कर गुण दोष के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।
>
> **-श्यामवीर सिंह**
> **थाना अध्यक्ष खुटार**

# भारतीय बजरंग दल ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन



**भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किसानों की फसलों की निराश्रित गोवंश से प्रभावी सुरक्षा की व्यवस्था हेतु धरना प्रदर्शन किया**

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जनपद के तहसील मुख्यालय जलालाबाद पर भारतीय बजरंग दल के भारी संख्या में कार्यकर्ताओं में प्रदेश महामंत्री मुनिराज सिंह के नेतृत्व में सोमवार दोपहर 12:00 बजे गोवंश की सुरक्षा हेतु गौशालाओं की व्यवस्था करने हेतु शुरू कर दिया है जो कि जिले के सक्षम अधिकारी के आने पर ही समाप्त किया जाएगा, उन्होंने बताया क्षेत्र में निराश्रित गौवंश एक बड़ी चुनौती/समस्या बना हुआ है, किसानों की फसल बबर्बाद हो रही है, सड़क पर दुर्घटना में लोग प्राण गंवा रहे हैं, गाय तड़प तड़प कर मर रही है, भारतीय बजरंग दल द्वारा कई बार मांग करने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने बताया अधिकारी द्वारा उनकी मांगे नहीं सुनी जाएगी तब तक निम्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन जारी रहेगा धरना स्थल पर पहुंचे उप जिलाधिकारी परशुरामपुरी उनकी प्रमुख मांगे हैं निराश्रित छुट्टा गोवंश को विधिवत तरीके से पकड़कर गौशालाओं में भेजा जाए। गौशालाओं की दुर्दशा में तत्काल सुधार किया जाए तथा प्रत्येक गौशाला के लिए जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारी की जवाबदेही तय की जाए, ताकि लापरवाही पर कार्यवाही हो सके। पशु चिकित्सालयों में योग्य हॉक्टरों की नियमित तैनाती सुनिश्चित की जाए, जो सूचना मिलने पर घायल गोवंश एवं गौशालाओं में रह रहे गोवंश का विधिवत उपचार करें। गौ चर भूमि को अवैध कब्जी से मुक्त कराकर गोवंश एवं किसानों की समृद्धिः हेतु उपयोग में लाया जाय। सड़कों पर दुर्घटना में मृत गोवंश का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कराया जाए। नगर पालिका परिषद जलालाबाद द्वारा ग्राम गुरगवां में निर्माणाधीन गौशाला को 15 दिनों के भीतर पूर्ण कर सुधारू रूप से संचालित किया जाए। नगर पालिका परिषद जलालाबाद की अस्थाई गौशाला ग्राम सरैया, गौशाला ग्राम सभा महुआ ड़ाडी बझेडा, गौशाला ठिंगरी, गौशाला ग्राम रूपापुर, गौशाला ग्राम सभा खंडहर इन गौशालाओं की नियमित जांच हो, और मवेशी डॉक्टर की ड्यूटी सुनिश्चित की जाए। गड़बड़ी पाई जाने पर तुरंत कार्रवाई हो इस दौरान मुनिराज सिंह विवेक मिश्रा नाहिल दीपक पाण्डेय के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस मनाये जाने को लेकर कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित

**शाहजहांपुर।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में 26 जनवरी 2026 गणतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने हेतु तैयारियों के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सीडीओ ने की तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निर्देश सम्बंधती अधिकारियों को दिए। सीडीओ ने सभी संबंधित अधिकारियों तथा संभ्रांत नागरिकगणों से कहा कि सभी को मिलकर राष्ट्रीय पर्वो को पूर्ण निष्ठा, समर्पण और पूरे मनोयोग से मानना है। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में गणतंत्र दिवस अच्छे से मनाया जाए और बच्चों को महापुरुषों के संबंध में बताया जाए। गणतंत्र दिवस एवं उत्तर प्रदेश दिवस से संबंधित कार्यक्रम 23 जनवरी से प्रारंभ होकर 26 जनवरी तक अनवरत रूप से चलते रहेंगे। सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय झंडा अभिवादन तथा ध्वजारोहण का कार्यक्रम प्रातः 8:30 बजे मनाया जाएगा। वृद्ध आश्रम तथा कुष्ठ आश्रम इत्यादि में फल वितरण के कार्यक्रम भी आयोजित करवाए जाएंगे। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बिचपुरी वि0ख0 कमालगंज, फर्रुखाबाद

पत्रांकः मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ 2025-26 — दिनांक 10/01/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बिचपुरी विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 11/01/2026 से 17/01/2026 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 17/01/2026 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 11/01/2026 से 17/01/2026 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | मगन कठेरिया के घर से सुन्दर कोरी के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.09 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | प्रदीप के घर से मुरारी के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.64 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | नंदराम के घर से राजाराम के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.81 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः**- निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान-रघुनंदन पाल — ग्राम पंचायत बिचपुरी वि0ख0 कमालगंज — सचिव- प्रदीप कुमार



## कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांकः-808/न0पं0 टेण्डर नोटिस/2025-26/शमसाबाद — दिनांक 12 जनवरी, 2026

**अति अल्पकालीन ई-निविदा (निविदा सूचना)**

नगर पंचायत शमसाबाद के अधिकृत संविदाकारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सेक्टर के **''नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना''** के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निकाय में निम्नांकित कार्य ई टेण्डरिंग के माध्यम से कराया जाना हैं जिसके डाक्यूमेंट बेबसाइड www.etender.up.nic.in पर दिनांक 14/01/2026 से 10/02/2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक उपलब्ध है जो कि वेबसाइड से डाउनलोड व अपलोड किये जा सकते हैं तथा दिनांक 10/02/2026 को अपरान्ह 4:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। आगणन धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शमसाबाद के नाम बन्धक कर जमां करना अनिवार्य होगा।

| क्र0सं0 | नगर पंचायत | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 14.01.2026 12:00 बजे | |
| 2 | Tender Close Date | 10.02.2026 2:00 बजे | |

**श्रीकिशन**
**अवर अभियंता सिविल**
**न0पं0 शमसाबाद (फर्रुखाबाद)**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत शमसाबाद**
**जनपद फर्रुखाबाद**

**जोया शाह**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत शमसाबाद**
**जनपद फर्रुखाबाद**



## कार्यालय नगर पंचायत, कमालगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः-441/ नं.प.क./2025-26/15वें0वि0आ0-नि.नि./अ.नि.सू /कमालगंज — दिनांक 12/01/ 2026

**निविदा सूचना**

विभिन्न सरकारी विभागों में पंजीकृत निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कमालगंज में 15वें वित्त आयोग (टाइड/अनटाइड ग्राष्ट) प्रथम/द्वितीय किस्त से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, फर्रुखाबाद से स्वीकृत परियोजना दिनांक 15/10/2024 के अनुपालन में कराये जाने वाले निर्माण/अधिष्ठापन कार्यो को करने हेतु सीलबन्द निविदाये अधोलिखित कार्यो हेतु दिनांक 06/02/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत, कमालगंज पर टेण्डर बाक्स में डाली जा सकती है। निविदा प्रपत्रों की बिक्री दिनांक 06/02/2026 तक कार्यालय समय में नकद भुगतान पर की जायेगी। निविदायें वैद्य ठेकदारों/फर्मो/संस्थाओं के समक्ष दिनांक 06/02/2026 को ही अपरान्ह 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा/समक्ष खोली जायेगी। निविदादाता द्वारा 10 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी जमा करना अनिवार्य होगा। अन्य नियम एवं शर्ते कार्यालय दिवसों के कार्य के घण्टों में किसी भी दिन देखी जा सकती है। नियत तिथि एवं समय के उपरान्त आयीं निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और वह निरस्त समझी जावेगी।

| क्र. सं. | निर्माण कार्य का नाम 15वें वित्त आयोग | आगणन/ अनुमानित की धनराशि (जी0एस0टी0 सहित) | निविदा मूल्य + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित | 10 अर्नेस्ट मनी | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नलकूप सं0 03 के बाहर सेल्फी प्वांट का निर्माण कार्य। | 4.80 लाख रु. | 566 रुपये | 48000.00 | 1 माह |
| 2 | वार्ड इन्द्रा नगर में साधना शंखवार के मकान से रिंकू वाली गली तक सी0सी0 एवं नाली निर्माण। | 2.05 लाख रु. | 242 रुपये | 20500.00 | 1 माह |
| 3 | वार्ड प्रताप नगर में भगवानदास चाय वाले से मौला वर्फ वाले के मकान तक सी0सी0 एवं नाली निर्माण। | 1.19 लाख रु. | 140 रुपये | 11900.00 | 1 माह |
| 4 | वार्ड अशोक नगर में श्री रवी वर्मा (डा0 प्रमोद गुप्ता) के घर से श्रीमती रेशमा देवी के घर तक सी0सी0 एवं नाली निर्माण। | 1.15 लाख रु. | 139 रुपये | 11500.00 | 1 माह |
| 5 | वार्ड अम्बेडकर नगर में सोना ठाकुर के घर से मौसम कबाड़ी वाले मकान तक सी0सी0 एवं नाली निर्माण। | 1.56 लाख रु. | 184 रुपये | 15600.00 | 1 माह |
| 6 | पिंक महिला सहायता केन्द्र-मैन रोड़ ट्रान्सफार्मर के निकट निर्माण कार्य। | 3.34 लाख रु. | 405 रुपये | 34300.00 | 1 माह |
| 7 | निकाय के समस्त वार्डो में आवश्कतानुसार नालियों पर क्रास जाल/नाली के सन्निकट का निर्माण कार्य। | 5.10 लाख रु. | 602 रुपये | 51000.00 | 1 माह |
| 8 | कान्हा गौशाला में सुरक्षा के दृष्टिगत अधिष्ठापन हेतु पी0टी0 जेड हाईपावर कैमरो का क्रयकरण विद् फिटिंग कार्य। | 1.85 लाख रु. | 218 रुपये | 18500.00 | 1 माह |
| 9 | कान्हा गौशाला एवं एम0आर0एफ0 सेण्टर में सोलर चलित लाइटों के अधिष्ठापन का क्रयकरण कार्य। | 4.00 लाख रु. | 472 रुपये | 40000.00 | 1 माह |

**अधिशासी अधिकारी,**
**नगर पंचायत, कमालगंज।**

**राजबेटी**
**अध्यक्ष,**
**नगर पंचायत, कमालगंज।**

## ईरान में उबाल

ईरान में दशकों से जारी कट्टरपंथी शासन में गाहे-बगाहे प्रतिरोध के स्वर उभरते रहे हैं, जिनका दमन भी शक्ति से होता रहा है। लेकिन मौजूदा विरोध पिछले एक दशक में सबसे तीव्र है। प्रदर्शनकारियों के दमन और प्रदर्शनकारियों को मृत्यु दंड देने की चेतावनी के बाद नहीं लगता है कि जन-अशांति कम होगी। प्रदर्शनकारियों को 'ईश्वर का शत्रु' बताने की ढाल ईरानी सत्ताधीशों को किस हद तक सुरक्षा कवच मुहैया कराएगी,कहना कठिन है। ये महज तात्कालिक उद्देश्य ही किसी हद तक पूरा कर सकता है। इतिहास गवाह है कि दमन से व्यापक असहमति को शायद ही कभी दबाया जा सका हो। जब भी सत्ताधीशों ने ताकत के बल पर जनभावनाओं का दमन किया, फौरी तौर पर भले ही वह दबता दिखता हो, लेकिन वास्तविकता ठीक इसके विपरीत होती है। भीतर-ही-भीतर आक्रोश सुलगता रहता है। कालांतर वह अधिक वेग से वापस लौटकर सत्ता में बदलाव लाता है। दुनिया में तमाम उदाहरण विभिन्न देशों में सामने आते हैं। वास्तव में ईरान का संकट एक एकीकृत धर्म आधारित सत्ता और खुलेपन की ओर बढ़ते समाज का टकराव है। विशेष रूप से सत्ता और युवा वर्ग के बीच खाई लगातार चौड़ी हुई है।

ईरान के युवा दूसरे इस्लामिक व मध्यपूर्व के अन्य देशों में खुले समाज और विकास की नई ऊंचाइयों से प्रभावित हैं। वे अपने देश में ऐसा ही प्रगतिशील शासन देखने के आकांक्षी हैं। ये युवा गरिमामय जीवन, अधिक आर्थिक उन्नति के अवसर और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की मांग कर रहे हैं। निःसंदेह, मौजूदा लोकतांत्रिक विश्व में सत्ता द्वारा संवाद के बजाय शक्ति पर निर्भरता, उसकी उस वैधता को ही कमजोर करती है, जिसे वह अपने हित में संरक्षित करना चाहती है। शासन द्वारा जनता की आवाजों को दबाने का उपक्रम अस्थायी शांति तो ला सकता है, लेकिन शासन के प्रति अविश्वास को बढ़ाता है और अलगाव की खाई को गहरा करता है। वहीं दूसरी ओर ईरान सरकार की दमनकारी नीतियों से वैश्विक समुदाय असहज महसूस कर रहा है। हालांकि, ईरान लंबे समय से पश्चिमी देशों खासकर अमेरिका के दुराग्रहों का शिकार रहा है, वे जब-तब ईरान सरकार की नीतियों की आलोचना करते रहे हैं। जो लोकतांत्रिक सिद्धांतों के बजाय भू-राजनीतिक हितों से ज्यादा प्रेरित रही है।

ईरान की परमाणु नीति के चलते उस पर व्यापक प्रतिबंध भी लगाए गए हैं, जिससे धीरे-धीरे ईरान की आर्थिक स्थिति बदतर होती चली गई। फलस्वरूप महंगाई की मार से त्रस्त जनता सड़कों पर उतर आई। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि प्रतिबंधों और राजनयिक अलगाव से स्थितियों में कोई सार्थक सुधार नहीं हुआ है। लेकिन आम लोगों की जिंदगी ज्यादा कष्टकारी हो चली है।

तेहरान के साथ भारत के कूटनीतिक व आर्थिक संबंध बेहतर रहे हैं, मौजूदा स्थिति में भारत को ईरान के साथ सावधानी के साथ संतुलित संबंध बनाये रखने होंगे। ईरान के विदेश मंत्री की प्रस्तावित भारत यात्रा के दौरान बातचीत में इस नाजुक संतुलन की परीक्षा होगी। जिसे ईरान के आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

# मकर संक्रांति त्योहार के पीछे के वैज्ञानिक सिद्धांत

*पंकज जगन्नाथ*

हर साल 14 जनवरी को हम मकर संक्रांति मनाते हैं। यह एकमात्र भारतीय त्योहार है जो सौर कैलेंडर के दिन मनाया जाता है। बाकी सभी भारतीय त्योहार चंद्र कैलेंडर के अनुसार मनाए जाते हैं इसलिए सौर कैलेंडर के अनुसार उनके मनाने के दिन हर साल बदलते रहते हैं। खगोल विज्ञान, गणित और ज्यामिति सहित प्राचीन भारतीय विषयों में संस्कृत तकनीकी शब्द संक्रांति का इस्तेमाल किया जाता था।

महत्वपूर्ण हिंदू त्योहारों में से एक, मकर संक्रांति भारत के कई क्षेत्रों में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन आधिकारिक तौर पर नई फसल का मौसम शुरू होता है। हालांकि, मकर संक्रांति का सांस्कृतिक महत्व इस बात पर निर्भर करता है कि आप कहाँ रहते हैं; अलग-अलग राज्य इसे अलग-अलग नामों से मनाते हैं लेकिन उसी स्नेह के साथ।

मकर संक्रांति का त्योहार एक खगोलीय घटना पर आधारित है: सूर्य का दक्षिणी से उत्तरी गोलार्ध में स्पष्ट ग्रहण संबंधी बदलाव। विज्ञान के अनुसार, यह सूर्य के खगोलीय भूमध्य रेखा को पार करने का संकेत देता है, जो शीतकालीन संक्रांति के बाद सूर्य के उत्तर की ओर बढ़ने की खगोलीय घटना है। सनातनी सूर्य की पूजा करते हैं और उसके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, उसे एक खगोलीय पिंड और एक सचेत देवता दोनों के रूप में देखते हैं।

मकर संक्रांति पर सुबह से शाम तक, चैतन्य चारों ओर व्याप्त रहता है। इसलिए, साधना (आध्यात्मिक अभ्यास) में लगे साधक को अधिक चैतन्य का सबसे बड़ा लाभ मिल सकता है। चैतन्य के परिणामस्वरूप साधकों में परम अग्नि सिद्धांत, या तेजतत्व भी बढ़ता है। मकर संक्रांति साधना के लिए एक उत्कृष्ट दिन है।

सूर्य का उत्तर की ओर गमन सर्दियों के अंत और उत्तरी गोलार्ध में अधिक दिन की रोशनी का संकेत देता है।

अतीत में, यह कृषि चक्रों के साथ-साथ होता था : फसलें कट जाती थीं, फसलें भंडारित की जाती थीं और नई खेती की तैयारी शुरू हो जाती थी। अलाव जलाना, पतंग उड़ाना और नदी में नहाना व्यावहारिक मूल के सांस्कृतिक रीति-रिवाजों के उदाहरण हैं, जैसे गर्मी देना, लंबे दिनों का स्मरण करना और मौसमी नदी प्रवाह और फसल कटाई के बाद खाली समय से जुड़े औपचारिक शुद्धिकरण। मकर संक्रांति उत्सव का एक अनिवार्य घटक छत पर इकट्ठा होना और सूरज के नीचे पतंग उड़ाना है। इस प्राचीन प्रथा का वैज्ञानिक महत्व है क्योंकि, लंबी सर्दियों के बाद, सूर्य अंततः हमारी ऊर्जा को फिर से भरता है और हमारे शरीर को बैक्टीरिया और बीमारियों से शुद्ध करता है, हम खुशी-खुशी पतंग उड़ाते हैं।



**देश के अलग-अलग हिस्सों में इस दिन के उत्सवों को अलग-अलग नामों से जाना जाता है- मध्य भारत में सुकरात, असमिया हिंदुओं में भोगली बिहू, तमिल और अन्य दक्षिण भारतीय हिंदुओं में पोंगल और उत्तर भारतीय हिंदुओं और सिखों में लोहड़ी। जिस तरह भारत के कई हिस्सों में मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है, उसी तरह एशिया के अन्य हिस्सों में भी इसे दूसरे नामों से और इसी तरह के कारणों से मनाया जाता है। उदाहरण के लिए, मकर संक्रांति उत्सव को थाईलैंड में सोंगक्रान और कंबोडिया में मोहा संगक्रांता के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा, दुनिया भर के लोग, खासकर भारतीय मूल के लोग, अपनी विरासत से जुड़ाव के कारण मकर संक्रांति मनाते हैं।**
**अनोखे लड्डू बनाने के लिए जो सच में इस मौके को खास बना दें, तिल और गुड़ का एक खास मिश्रण तैयार किया जाता है। इन लड्डुओं को खाने का कारण यह है कि तिल के हर दाने में तेल से मिलने वाले तत्व होते हैं। सर्दियों में त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है और उसे सुरक्षा और मुलायम बनाए रखने के लिए नमी की ज़रूरत होती है। इसलिए, तिल के लड्डू खाना, जो इस उत्सव का एक ज़रूरी हिस्सा है, यह त्वचा को नमी देता है। अक्सर तिल-गुड़ कहे जाने वाली ये मिठाइयाँ मकर संक्रांति उत्सव की परंपराओं को दिखाती हैं और माना जाता है कि ये समुदाय में सद्भाव बढ़ाती हैं।**

**सार्वभौमिक त्योहार :-** देश के अलग-अलग हिस्सों में इस दिन के उत्सवों को अलग-अलग नामों से जाना जाता है- मध्य भारत में सुकरात, असमिया हिंदुओं में भोगली बिहू, तमिल और अन्य दक्षिण भारतीय हिंदुओं में पोंगल और उत्तर भारतीय हिंदुओं और सिखों में लोहड़ी। जिस तरह भारत के कई हिस्सों में मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है, उसी तरह एशिया के अन्य हिस्सों में भी इसे दूसरे नामों से और इसी तरह के कारणों से मनाया जाता है। उदाहरण के लिए, मकर संक्रांति उत्सव को थाईलैंड में सोंगक्रान और कंबोडिया में मोहा संगक्रांता के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा, दुनिया भर के लोग, खासकर भारतीय मूल के लोग, अपनी विरासत से जुड़ाव के कारण मकर संक्रांति मनाते हैं।

अनोखे लड्डू बनाने के लिए जो सच में इस मौके को खास बना दें, तिल और गुड़ का एक खास मिश्रण तैयार किया जाता है। इन लड्डुओं को खाने का कारण यह है कि तिल के हर दाने में तेल से मिलने वाले तत्व होते हैं। सर्दियों में त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है और उसे सुरक्षा और मुलायम बनाए रखने के लिए नमी की ज़रूरत होती है। इसलिए, तिल के लड्डू खाना, जो इस उत्सव का एक ज़रूरी हिस्सा है, यह त्वचा को नमी देता है। अक्सर तिल-गुड़ कहे जाने वाली ये मिठाइयाँ मकर संक्रांति उत्सव की परंपराओं को दिखाती हैं और माना जाता है कि ये समुदाय में सद्भाव बढ़ाती हैं।

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और सामाजिक समरसता:-** रा स्व संघ जाति, धन और सामाजिक अन्याय के कारण समाज में आई कमियों को दूर करने की कोशिश कर रहा है। छह उत्सवों में से मकर संक्रांति ऐसा उत्सव है जो समाज में सद्भाव और आत्म-सम्मान को बढ़ावा देने के लिए छुआछूत और पुरानी गलत परंपराओं को खत्म करने का प्रयास करता है। इस उत्सव का लक्ष्य आंतरिक जागरूकता जगाना और भारत को उसकी पूर्व गरिमा और शान वापस दिलाने के लिए करना है। हिंदू सभ्यता बनाने वाली अलग-अलग जातियों को एक साथ आना होगा। डॉ. हेडगेवार जी के अनुसार, जब तक हिंदू समाज बंटा हुआ है, भारत माता का अस्तित्व खतरे में रहेगा। ये उत्सव डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार जी ने सामाजिक समता, ममता, समरसता और हिंदू एकता की विशेषताओं के अनुसार मनाना शुरु किया था, जिन्हें वे समाज के लिए ज़रूरी मानते थे।

हर उत्सव किसी न किसी गुण का सम्मान करता है। मकर संक्रांति स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन का भी प्रतीक है। संघ कभी भी सतही स्तर पर काम नहीं करता। नेतृत्व और स्वयंसेवकों द्वारा लिया गया हर फैसला समुदाय के हर सदस्य के प्रति करुणा और प्रेम के साथ किया जाता है। सामाजिक सद्भाव के लिए एक सदी की प्रतिबद्धता और काम के बाद, हिंदू एकता के फायदे अब साफ दिख रहे हैं। दबे-कुचले और हाशिए पर पड़े समाजों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को ऊपर उठाने के प्रयासों से संघ में लोगों का भरोसा बढ़ा है।

**पर्यावरण की देखभाल:-** पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना प्रकृति का सम्मान करने के अलावा मकर संक्रांति मनाना उनके लिए भारतीय परंपरा के प्रति वफादार रहने और मकर संक्रांति के सार को बनाए रखने का एक तरीका है।

बायोडिग्रेडेबल पतंग उड़ाना कुछ अनोखी पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं में से एक है जो अब मकर संक्रांति उत्सव का एक अभिन्न अंग बन गई हैं। संघ के लिए, पारंपरिक मूल्यों और मकर संक्रांति के सार का त्याग किए बिना जीवन स्थितियों और सामुदायिक लाभों को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न सामाजिक अभियानों में भाग लेना उत्सव का एक और पहलू है।

समाज में सद्भाव और प्राकृतिक दुनिया के प्रति श्रद्धा को प्रोत्साहित करने के लिए, हम अपनी ऊर्जा को फिर से भर सकते हैं, अपने मन और आत्मा को खुशी से भर सकते हैं और इस भावना को दूसरों तक फैला सकते हैं। यह मकर संक्रांति के वास्तविक महत्व और उद्देश्य का सम्मान करने में योगदान देता है।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

## विचार

# मादुरो की गिरफ्तारी से लातिन अमरीका में चीन की महत्वाकांक्षाओं को खतरा

*टी. अरेड्डी*

पिछले दो दशकों से चीन लातिन अमरीका में घनिष्ठ संबंध बना रहा है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमरीका द्वारा सत्ता से हटाए जाने से पश्चिमी गोलार्ध में चीनी नेता शी जिनपिंग के लिए स्थिति अचानक बदल गई है। गत शुक्रवार दोपहर को शी जिनपिंग के विशेष दूत वेनेजुएला के राष्ट्रपति भवन में थे और मादुरो के साथ हंसी-मजाक कर रहे थे, जब दक्षिण अमरीकी नेता मंदारिन में कुछ शब्द बोलने की कोशिश कर रहे थे।

यह घटना अमरीकी विशेष बलों द्वारा 150 सैन्य विमानों के साथ काराकास में प्रवेश करने और तानाशाह को पकडने से कुछ ही घंटे पहले हुई थी। ''चीन अमरीका द्वारा एक संप्रभु राज्य के खिलाफबल के खुले प्रयोग और उसके राष्ट्रपति पर हमले से बेहद आहत है और इसकी कड़ी निंदा करता है।'' बीजिंग के विदेश मंत्रालय ने अमरीकी कार्रवाई पर अपनी पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया में कहा। इस भाषा से उस स्थिति पर हैरानी जाहिर होती है जो उसके नियंत्रण से बाहर थी। मादुरो के सत्ता से बेदखल होने से शी जिनपिंग की क्षेत्रीय राजनीतिक रणनीति में उथल-पुथल मच गई है, जिससे तेल आपूर्तिकर्त्ता और वाशिंगटन के लिए एक विश्वसनीय चुनौती बने वेनेजुएला की भविष्य की दिशा पर सवाल उठ रहे हैं। चीन ने मादुरो की रिहाई की मांग की है और सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपातकालीन बैठक का इस्तेमाल अमरीकी कार्रवाई की निंदा करने के लिए किया, इसे वर्चस्ववादी कार्रवाई बताया।

संयुक्त राष्ट्र में बीजिंग की उप स्थायी प्रतिनिधि सुन लेल ने रूस के साथ मिलकर अमरीकी कार्रवाई को बहुपक्षवाद की अस्वीकृति और क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा बताया। फिर भी, विश्लेषकों का कहना है कि मादुरो के आर्थिक कुप्रबंधन से वर्षों से चली आ रही निराशा के बाद बीजिंग उनके लिए ज्यादा आंसू नहीं बहाएगा और ऊर्जा, खनन आदि क्षेत्रों में अपने हितों की रक्षा के लिए संभवतरू देश के अगले राष्ट्रपति को जल्दी ही मान्यता दे देगा।



सप्ताहांत में तनाव कम हुआ और सोमवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि वेनेजुएला के साथ द्विपक्षीय सहयोग जारी रहेगा। ''वेनेजुएला की राजनीतिक स्थिति में बदलाव के बावजूद, विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक सहयोग को गहरा करने की चीन की तत्परता अपरिवर्तित रहेगी, और वेनेजुएला में चीन के वैध हितों की रक्षा की जाएगी।'' राष्ट्रपति ट्रम्प के प्रशासन द्वारा पिछले महीने जारी की गई राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के कुछ दिनों बाद, जिसमें लातिन अमरीका में गैर-गोलार्धीय प्रतिस्पध्र्धयों को रोकने की प्रतिज्ञा के साथ चीन की ओर इशारा किया गया था, बीजिंग ने अपनी रणनीति जारी कर इसकी पुष्टि की-क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहने की इसकी प्रतिबद्धता। बीजिंग के नए नीति पत्र में कहा गया है कि वह पूरे लातिन अमरीका में राष्ट्रीय संप्रभुता के लिए खड़ा है और 'वर्चस्ववाद और सत्ता की राजनीति का विरोध करेगा।'अगर वाशिंगटन खुद को पुलिस की भूमिका में स्थापित करता है या क्षेत्रीय देशों पर चीन के खिलाफअपनी पकड़ मजबूत करने का दबाव डालता है, तो अन्य देशों पर भी इसका असर पड़ेगा। बीजिंग की अपनी आथ्र्थक मंदी ने इसकी उदारता को कम कर दिया है, जबकि स्थानीय सरकारें अमरीका के साथ भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता में इसका मोहरा बनने को लेकर तेजी से सतर्क हो रही हैं। इस बीच, वेनेजुएला में बीजिंग के लिए दाव को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने में जोखिम है। हालांकि चीन अंततः वेनेजुएला के तेल का सबसे बड़ा खरीदार है, लेकिन यह चीन के आयात का 1 प्रतिशत से भी कम है और निवेश के मामले में यह क्षेत्र में चीन का 9वां सबसे बड़ा देश है। वेनेजुएला का महत्व इस तथ्य में निहित है कि बीजिंग को मादुरो से इतनी निराशा क्यों है-वजह है उस पर भारी कर्ज।

विलियम एंड मैरी की अनुसंधान प्रयोगशाला एडडाटा के अनुसार, परियोजना प्रतिबद्धताओं में लगभग 106 बिलियन डॉलर शामिल हैं। लेकिन लातिन अमरीकी मामलों को विशेष प्रतिनिधि क्यू शिआओकी का शहर में होना ही बीजिंग की खुफ्यिा विफ्लता को दर्शाता है, क्योंकि वह अमरीकी हमले का अनुमान नहीं लगा पाया था। मादुरो और उनकी (तब संभावित) उत्तराधिकारी, उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने क्यू की मेजबानी एक ऐसे कमरे में की, जिसमें लातिन अमरीकी मुक्तिदाता साइमन बोलिवर की एक पेंटिंग लगी हुई थी और चीनी प्रतिनिधिमंडल ने द्विपक्षीय संबंधों के 52 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में उपहार के रूप में एक चीनी मिट्टी का फूलदान भेंट किया। जैसे ही मादुरो ने बैठक समाप्त की, रोड्रिगेज ने चीनी आगंतुक से गालों पर चुंबन स्वीकार किए। मादुरो ने 'धन्यवाद' कहने से पूर्व कहा, ''मुझे उम्मीद है कि आपसे जल्द ही मुलाकात होगी।''

साहित्य



### आज फिर इश्क का चाव

**श्याम सिंह बिष्ट**

आज फिर इश्क का चाव लगा है
दिल मैं फिर ये गहरा घाव लगा है
उनसे कर ली हैं
जब से बाते दो, चार
सुना है जमाने को
फिर हमारे इश्क को
सुन ने का चाव लगा है
धीरे-धीरे बया हो इश्क, मोहब्बत
सुना है अब हर मोहब्बत का
बाज़ारो मैं भाव लगा है
कुछ गम तेरे कुछ गम मेरे
कुछ हसरतें तेरी कुछ हसरतें मेरी
इन्हीं को पाने का
जीवन भर का दांव लगा है
आज फिर इश्क का चाव लगा है
गुजरूं जो तेरी गली से
तेरी गली मैं महफ़िल
अपना घर अब ये
सुनसान लगा है
आज फिर इश्क का चाव लगा है

## राशिफल

**मेषः-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा।

**वृषभः-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा।

**मिथुनः-** संबंधों में व्यवहार कुशल बने। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छवि बनायें।

**कर्कः-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी।

**सिंहः-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्याः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन नकारात्मक चिंताओं से बोझिल होगा।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं का त्याग कर लक्ष्य पर केंद्रित हों।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आसपास का माहौल प्रसन्न होगा।

**धनुः-** कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मकरः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। गैर सांस्कारिक कार्य की आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुभः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**मीनः-** नकारात्मक चिंताओं को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

# कैसे हल हो भारत में दूषित जल की समस्या?

*विनीत नारायण*

भारत, जो दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है, आज दूषित जल के एक गंभीर संकट से जूझ रहा है। हाल के वर्षों में, विशेष रूप से 2025-2026 में, नल के दूषित पानी से 5,500 से अधिक लोग बीमार हुए और 26 शहरों में 34 मौतें हुई। ये आंकड़े न केवल चौंकाने वाले हैं, बल्कि एक बड़ी राष्ट्रीय समस्या की ओर इशारा करते हैं। भारत की प्रमुख नदियां, जैसे गंगा और यमुना, औद्योगिक अपशिष्ट, अनुपचारित सीवेज और कृषि अपवाह से बुरी तरह प्रदूषित हैं। विश्व जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों में से 120वें स्थान पर है और लगभग 70 प्रतिशत भूजल स्रोत दूषित हैं। दूषित जल की समस्या भारत में बहुआयामी है। मुख्य कारणों में अनुपचारित सीवेज सबसे बड़ा है, जो नदियों और भूजल को प्रदूषित करता है। इसके अलावा, कृषि से निकलने वाले कीटनाशक और उर्वरक तथा उद्योगों से निकलने वाले रसायन, जैसे भारी धातु और विषाक्त पदार्थ जल स्रोतों को नष्ट कर रहे हैं।

उदाहरण के लिए, कपड़ा और चमड़ा उद्योगों से निकलने वाला अपशिष्ट कई नदियों को प्रभावित कर रहा है। 163 मिलियन भारतीयों के पास सुरक्षित पेयजल की पहुंच नहीं है और 21 प्रतिशत संक्रामक रोग जल से संबंधित हैं। हाल ही में इंदौर और अन्य शहरों के घटनाक्रमों ने इस समस्या को और उजागर किया है। यह असंगति सरकार की पारदर्शिता पर सवाल उठाती है। पूरे देश में टाइफाइड जैसे रोग फैल रहे हैं, जो दूषित पानी से जुड़े हैं। आर्थिक रूप से, यह संकट उत्पादकता को प्रभावित करता है, क्योंकि बीमारियां कार्यबल को कमजोर करती हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से, यह जैव विविधता को भी नुकसान पहुंचाता है और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को बढ़ाता है। सरकार की उदासीनता इस समस्या का एक प्रमुख कारण है। केंद्र सरकार पर आरोप है कि वह स्वच्छ जल और स्वच्छ हवा प्रदान करने में विफ्ल रही है। विपक्ष के अनुसार मुख्य कारणों में कमी नियमों की है, जिनमें अत्यधिक निजीकरण, सरकारी भ्रष्टाचार और सामान्य उपेक्षा शामिल हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार चुनावी वादे जैसे 'हर घर जल' योजना लागू तो हुई, लेकिन गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया। भ्रष्टाचार के कारण फंड का दुरुपयोग होता है और स्थानीय स्तर पर बुनियादी ढांचा अभी भी पुराना है। सीवेज और पेयजल लाइनों की मिश्रण जैसी समस्याएं आम हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर, जल गुणवत्ता 2025-26 में एक प्रमुख चुनौती है लेकिन इस गंभीर चुनौती को कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सी.एस.आर.) को स्थानांतरित करने की बजाय सरकार को अधिक सक्रिय होना चाहिए। यह उदासीनता न केवल स्वास्थ्य संकट पैदा करती है, बल्कि सामाजिक असमानता को भी बढ़ाती है, क्योंकि इससे गरीब तबके के लोग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। दूषित जल की समस्या का समाधान संभव है, यदि बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया जाए। सबसे पहले, स्रोत पर प्रदूषण को रोकना जरूरी है। उद्योगों को अपशिष्ट उपचार संयंत्र स्थापित करने के लिए बाध्य किया जाए। कृषि में जैविक खेती को प्रोत्साहित करें, ताकि रसायनों का अपवाह कम हो। सीवेज उपचार को 100 प्रतिशत बनाना चाहिए, जो वर्तमान में अपर्याप्त है। आंकड़े बताते हैं कि पश्चिमी देशों के अनुभव काफी उपयोगी साबित हुए हैं। स्विट्जरलैंड में शहरी जल उपचार की गुणवत्ता सर्वोच्च है और विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वहां का नल का पानी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। वे अपशिष्ट जल को पुनर्चक्रित करते हैं, जो कई देशों में अपनाया जाता है। यूरोप में 'ब्लू रिवोल्यूशन' रणनीति कुशल उपयोग, अपशिष्ट कमी और पारिस्थितिक संतुलन पर जोर देती है। प्रबंधित एक्विफर रिचार्ज (एम.ए.आर.) जैसी विधियां अपनाई जाती हैं, जिसमें नदी तलों को समायोजित करना, बैंक फिल्ट्रेशन, सतही पानी का वितरण और रिचार्ज कुओं का उपयोग शामिल है। वहीं अमरीका और यूरोप में मेम्ब्रेन सैपरेशन टैक्नोलॉजी, सोलर वाटर डिसइंफैक्शन (एस.ओ.डी.आई.एस.) और सिरेमिक फिल्ट्रेशन जैसी तकनीकें आम हैं। यूरोपीय संघ में जल बचत पर जोर है, विभिन्न क्षेत्रों में दक्षता बढ़ाने के लिए। काऊंसिल ऑफ यूरोपियन बैंक ने 16 देशों में जल और स्वच्छता परियोजनाओं में 1.8 बिलियन यूरो का निवेश किया है। प्रकृति-आधारित समाधान (एन.बी.एस.) यूरोप में जल प्रबंधन में उपयोगी हैं, जैसे वैटलैंड्स और वन क्षेत्रों का उपयोग फिल्टर के रूप में किया जाना। भारत को पश्चिमी अनुभवों से सीखते हुए उनके सफ्ल उपायों को अपनाना चाहिए। स्थानीय समुदायों को शामिल करने पर भी जोर दिया जाए, नवीनतम तकनीकी का नवाचार करने पर भी जोर देने की आवश्यकता है। सरकारी तंत्र की पारदर्शिता बढ़ाए जाने की जरूरत है। सरकार राष्ट्रीय जल नीति को मजबूत करे, जिसमें जलवायु परिवर्तन को भी शामिल किया जाए, उदासीनता छोड़कर सक्रिय होना चाहिए, अन्यथा संकट और गहराएगा। स्वच्छ जल हर नागरिक का अधिकार है और इसे सुनिश्चित करना राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए।



**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### आठ सूत्रीय समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन



**महोबा।** आंगनवाड़ी कर्मचारी एवं सहायिका एसोसिएशन के बैनर तले इकट्ठा हुई सैकड़ों आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं ने शासकीय कर्मचारी का दर्जा दिलाने और वेतनमान बढ़ाने सहित आठ सूत्रीय समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की नामौजूदगी में उपजिलाधिकारी को सौंप समस्याओं के निस्तारण की मांग की है। दरअसल कलेक्ट्रेट परिसर में आंगनवाड़ी कर्मचारी एवं सहायिका एसोसिएशन के बैनर तले इकट्ठा हुई सैकड़ों आँगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की नामौजूदगी में उपजिलाधिकारी सल्तनत परवीन को सौंपते हुए अपनी पीड़ा और मांगें रखीं। प्रदर्शनकारी आंगनवाड़ी कर्मियों का कहना है कि वर्तमान में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नाम मात्र का मानदेय दिया जा रहा है, जो न तो महंगाई के अनुरूप है और न ही न्यूनतम मजदूरी के आसपास। आज भी न पेंशन मिलती है, न भविष्य निधि, न ग्रेच्युटी और न ही कोई सामाजिक सुरक्षा मिलती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों ने प्रधानमंत्री को भेजे ज्ञापन में मानदेय में तीन गुना वृद्धि,सेवानिवृत्ति पर पेंशन और सम्मानजनक सामाजिक सुरक्षा की मांग की गई है। प्रदर्शनकारी कर्मियों का कहना है कि देश का भविष्य गढ़ने वाली इन महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और न्याय मिलना चाहिए। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में आँगनवाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकायें मौजूद रहीं।

### एमएलसी की मौजूदगी में किया गया जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन



**महोबा।** संस्कृति विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश पर्व – हमारी संस्कृतिः हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव–2025–26 के अन्तर्गत सेवायोजन सभागार में कलाकारों की जनपदस्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें तहसील कुलपहाड़, चरखारी एवं महोबा के कलाकारों द्वारा प्रतिभाग किया गया। एकल गायन, समूह गायन, एकल लोकगायन, नृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन तहसीलों से विजयी प्रतियोगियों में तहसील कुलपहाड़ से लोकगायन एकल में प्रथम स्थान चंदन राजपूत, खुशबू द्वितीय स्थान,गायत्री तृतीय स्थान पर रहे। तहसील चरखारी से लोकगायन एकल में प्रथम स्थान सपना, द्वितीय स्थान आकांक्षा, तृतीय स्थान अंजू ने प्राप्त किया, तहसील महोबा में सुगम संगीत एकल में यशस्वी प्रथम, मानव विश्वकर्मा द्वितीय, श्रेयश उपाध्याय तृतीय स्थान पर रहे। तहसील महोबा में सुगम संगीत समूह में प्रथम स्थान बाबला ब्लाइंड स्टार ग्रुप, द्वितीय स्थान गोल्डी एंड ग्रुप द्वितीय, तृतीय स्थान यशी एंड ग्रुप ने प्राप्त किया। जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में लोकगायन एकल में प्रथम गायत्री विश्वकर्मा, द्वितीय चंदन राजपूत, तृतीय स्थान खुशबू राजपूत ने प्राप्त किया। विजेताओं का सम्मान मुख्य अतिथि एम एल सी जितेंद्र सिंह सेंगर एवं अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ समाज सेवी डा कमलेश सक्सेना ने मेडल, ट्राफी, प्रमाणपत्र प्रदान कर किया। इस अवसर पर एम एल सी जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा महोबा में कला एवं संस्कृति की अपार संभावनाएं हैं, यहाँ गुरुजनों ने इन कलाकारों को तराशकर ऊंचाई पर पहुँचाया है, संस्कृति उत्सव जैसे कार्यक्रम से कलाकारों का उत्साह वर्धन होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ कमलेश सक्सेना ने कहा कि बुंदेलखंड की लोक संस्कृति का झलक संस्कृति उत्सव में देखने को मिली है, ऐसे आयोजन से नवीन पीढ़ी को अवसर मिलता है। संचालन जग प्रसाद तिवारी ने किया आभार पर्यटन सूचना अधिकारी डॉ चित्रगुप्त ने किया। जनपद स्तर चयनित प्रतिभागियों को दिनांक 17–19 जनवरी को मण्डल पर आयोजित मण्डलीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल में जयनारायण सोनी, सिद्ध गोपाल सैंन, रामशरण, मेघा शक्ति, अमर सिंह रहे। इस दौरान शिवकुमार गोस्वामी, धनेन्द्र दीक्षित, रिपुंजय सिंह, अंशिमा श्रीवास्तव,प्रदुम्न नायक आदि मौजूद रहे।

### हुसैना के ग्रामीणों ने मोक्ष धाम जाने के लिए रास्ते की मांग उपजिलाधिकारी से की



**मौदहा (हमीरपुर)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम हुसैना ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार शेखर मिश्रा को देते हुए बताया कि ग्राम हुसैना में स्थित मोक्षधाम बना हुआ है। लेकिन मोक्षधाम को आने जाने के लिये कोई रास्ता नहीं है। जिससे लोगो को बरसात व लोगो के खेतो से होकर निकलना पड़ता है। जिसमे अगल बगल के होत के हो द्वारा निकलने में बाधा उत्पन्न होती है। ग्रामीण श्री चन्द्र कुशवाहा, दरबारी रमेश ने बताया कि मोक्षधाम जाने वाले रास्ता निकलवाकर उस रास्ता का सीमाकंन कराये जाने के लिए राजस्व टीम गठित कर रास्ते का सही सीमांकन हो सके।

### सुलह समझौता करा कर दोनों लोगों को वापस घर भेजा



**हमीरपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संचालित मध्यस्थता केन्द्र में वाद सं.–1068/2025 रेखा पुत्री कल्लू निवासी सुमेरपुर और जीतू पुत्र प्रेमप्रकाश निवासी कानपुर के मध्य दाम्पत्य सम्बन्धी विवाद था जिसमें नियुक्त मध्यस्थ अधिवक्ता राजेन्द्र वीर चौहान द्वारा दोनों पक्षों से वार्ता कर सुलह कराया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा दोनों पक्षों को बधाई दी गयी और मामले में नियुक्त मध्यस्थ अधिवक्ता के कार्य पर संतोष जाहिर किया गया।

### चोरों ने गुमटी का ताला तोड़ कर रखा सामान किया पार

**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बे के कजियाना मुहल्ला निवासी अबरार अंसारी ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि मै कस्बे के चारा मंडी के पास चाय गुटके की गुमटी रखे था रविवार शाम अपनी दुकान बंद कर घर गया था द्य सोमवार सुबह साढ़े सात बजे दुकान आया तो उसका ताला टूटा व सामान बिखरा पड़ा था मैने देखा कि दुकान की गोलक में आठ हजार रुपये व 30 पैकेट गुटका गायब थे जिसकी सूचना 112डायल को किया कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि चोरी की तहरीर मिली है द्य जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### सातवें दिन हजारों की संख्या में पहुंचे गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीज

**हमीरपुर।** शहर के चौरा देवी प्रांगण में आयोजित नव दिवसीय आध्यात्मिक शिवचर्चा–दिव्य त्रिकालदर्शी दरबार के साथ काले कंबल वाले बाबा के रोगी राहत शिविर के सातवें दिन सोमवार को हजारों की संख्या में पहुंचे गंभीर बीमारी से ग्रसित रोगियों का बाबा ने उपचार किया।शिविर के छटवें और सातवें दिवस पर एक ब्लड कैंशर पीड़िता के इलाज को लेकर कार्यक्रम के आयोजक रसिक महाराज ने झोली फहलाकर श्रदालुओं से भीख मांगी। इस दौरान उन्होंने दो दिनों में लगभग 50 हजार रुपयों की मदद कर कैंशर पीड़िता के उत्तम स्वास्थ की कामना की है। सिद्धेश्वर महादेव धाम झलोखर के तत्वावधान में माँ चौरा देवी प्रांगण पर महाकुंभ के अंतर्गत रसिक इंटरनेशनल सांस्कृतिक मंडल बुंदेलखंड के निर्देशन में तृतीय चरण एवं सप्तम दिवस सोमवार को बुंदेलखंड की लोकप्रिय कथा व्यास अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक तेजस्विनी महाराज ने शिव कथा का वर्णन किया जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। वहीं दरबार में गुजरात की धरती से विराजमान काले कंबल वाले बाबा का रोगी राहत शिविर लगा। जिसमें सोमवार को लगभग सात हजार से अधिक संख्या में लकवा, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी और दिव्यांगता सहित अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीजों का बाबा ने कंबल उढाकर उपचार किया।शिविर में बाबा ने लकवा जैसी कई बीमारी से ग्रसित कई बच्चों और बुजुर्गों को चलाकर दिखाया।शिविर में मस्कुलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से ग्रसित ऋतुराज सोनी और उनके परिजन पांचवें दिन भी शिविर पहुंचे जहाँ उन्हें कुछ प्रतिशत लाभ दिखाई दिया है। बाबा के शिविर सूचना मिलने पर कानपुर, बाँदा,महोबा, लखनऊ, बिहार, जयपुर,चेन्नई, राजस्थान, हरियाणा सहित कई प्रदेश के सात हजार से अधिक मरीजों और तिमारदारों ने पहुंचकर अपने अपने रोगों से अवगत कराकर उसका निवारण करने का सलिका सीखा और उपचार कराया।वहीं शिविर में जनपद के मौदहा क्षेत्र निवासी पूजा पाल जो ब्लड कैंशर बीमारी से ग्रसित है, जिसके उपचार में मदद को लेकर कार्यक्रम के आयोजक रसिक महाराज ने श्रदालुओं से झोली फैहलाकर भीख मांगकर इन दो दिनों में लगभग पचास हजार रूपये की आर्थिक मदद पीड़िता के भाई को दी है।

# जनवरी के अन्तिम सप्ताह तक पूरे करें परियोजनाओं के अवशेष कार्यः डीएम

▸ डीएम ने बैठक कर की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराने हेतु निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी ग़ज़ल भारद्वाज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। चरखारी नगर पुर्नगठन पेयजल योजना, खरेला नगर पुर्नगठन पेयजल योजना तथा कबरई नगर पुर्नगठन पेयजल योजनाओं की निर्माण प्रगति अत्यन्त कम होने पर जिलाधिकारी द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम (नगरीय) को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया कि परियोजनाओं के अवशेष कार्यों को जनवरी के अन्तिम सप्ताह तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद की ग्रामीण पेयजल परियोजनाओं के सुचारू रूप से संचालन हेतु जनपद में कार्यरत अन्य कार्यदायी संस्थाओं के नोडल विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए समस्याओं का निराकरण कराना सुनिश्चित करें। जनपद के ओवर हेड टेंकों की सफाई नियमित समयान्तराल पर करायें तथा आपूर्तित किए जा रहे जल का परीक्षण प्रयोगशालाओं में कराते हुए उनका रिकार्ड मेनटेन करें। पेयजल की समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति, अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), अधिशाषी अभियंता जल निगम (नगरीय), सहायक अभियंता जल संस्थान, अधिशाषी अधिकारी स्थानीय निकाय एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, प्रोजेक्ट मैनेजर्स सहित अन्य अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# सीओ ने लिया मकर संक्रांति मेले की तैयारियों का जायजा



**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौंड द्वारा थाना पनवाड़ी अंतर्गत चौकी नगाराघाट क्षेत्र में दिनांक 14 एवं 15 जनवरी 2026 को मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले, धसान नदी में स्नान एवं पूजा कार्यक्रम के दृष्टिगत स्थलीय भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया।

उल्लेखनीय है कि उक्त अवसर पर धसान नदी के उस पार थाना गरौठा, जनपद झांसी अंतर्गत भी विशाल मेला आयोजित होता है, जिसमें पनवाड़ी क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालु/आगंतुकों का आवागमन होता है। इसके अतिरिक्त थाना पनवाड़ी क्षेत्र अंतर्गत सिद्धबाबा मंदिर भरवारा में दिनांक 14 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले दंगल एवं मेला कार्यक्रम के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी द्वारा आयोजकों से जानकारी प्राप्त की गई तथा प्रभारी निरीक्षक पनवाड़ी को शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं कार्यक्रमों के सुव्यवस्थित संचालन को ध्यान में रखते हुए भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, स्नान/पूजन स्थलों एवं दंगल स्थल की सुरक्षा, पुलिस बल की तैनाती, आपातकालीन व्यवस्थाओं तथा आपसी समन्वय के संबंध में गहनतापूर्वक निरीक्षण किया गया तथा प्रभारी निरीक्षक पनवाड़ी एवं चौकी प्रभारी नगाराघाट को आवश्यक निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ ने निर्देशित किया कि कार्यक्रमों के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि रहे, नदी एवं कार्यक्रम स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए, भीड़ नियंत्रण प्रभावी रूप से किया जाए तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से सुनिश्चित की जाएं। साथ ही पड़ोसी जनपद/थाना क्षेत्र से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रमों को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक पनवाड़ी,चौकी प्रभारी नगाराघाट, मेला/दंगल आयोजकगण एवं अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार




**कबरई/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कबरई सत्यवेन्द्र सिंह द्वारा गठित उपनिरीक्षक सुनील कुमार मिश्रा मय हमराह हेड कांस्टेबल भूप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त हेमन्त कुमार पुत्र सुघर सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम कुआँ खोडा थाना खरेला जिसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर एवं दो जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद करते हुये ग्राम परसाहा थाना कबरई के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना कबरई पर मुकदमा धारा 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## युवा दिवस के रूप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

▸ जय बुंदेलखंड महाविद्यालय में किया गया कार्यक्रम का आयोजन



**कुलपहाड़/महोबा।** नगर में स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में मनायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। नगर के जय बुन्देलखण्ड महा विद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाई गई। सर्वप्रथम विधालय के निदेशक छोटे लाल द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित काफी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते उन्होंने विवेकानंद के बारे में बताया कि वह बहुत योग्य महापुरुष रहे, वह दयालु थे, वह कहते थे, दुनिया पूर्व में मजाक उड़ाती है, फिर मानने को मजबूर हो जाती है। उनका कहना था कि बिना सीखने के बाद जीत नहीं मिलती है। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी विपिन मिश्रा ने छात्र छात्राओं से विवेकानंद के रास्ते पर चलने का आवाहन किया, और साथ ही एड्स नियंत्रण के बारे में भी जानकारी दी गई। सचिन बाबू ने बताया कि स्वामी विवेकानंद ने हमेशा कहा कि जब तक आपको लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए तब तक नहीं रूकना चहिए। इसी तरह एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा किशोर गोस्वामी महाविद्यालय में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर इखलाक अहमद, संगीता, नीरज, राजेन्द्र कुमार, दशरथ राजपूत, पुष्पा देवी आदि छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर सरस्वती विद्या मंदिर में स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन



**मौदहा(हमीरपुर)।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती एवं युवा दिवस के अवसर पर कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज द्वारा स्वदेशी संकल्प दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौड़ में विद्यालय के सभी छात्र,छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और स्वदेशी व राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम के अवसर पर मुख्यवक्ता नरोत्तम कुमार ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों एवं आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। उनके विचार आज भी युवाओं को लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य भारत सिंह ने कहा कि आज का युवा यदि स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाए तो निश्चित ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने स्वामी जी के प्रसिद्ध आदर्श वाक्य उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए को सभी से अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम के संयोजक अशोक त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## मनरेगा बचाओ संघर्ष अभियान के तहत कांग्रेसियों ने की जनजागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत

**महोबकंठ/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी महोबा द्वारा मनरेगा बचाओ संघर्ष अभियान ग्राम महोबकंठ से प्रारंभ किया गया। दोपहर 12:00 बजे से लेकर 3:00 बजे तक उपवास किया गया उसके उपरांत मनरेगा के विषय में पार्टी के पदाधिकारियों और आम जनमानस को जानकारियां दी गई। जिलाध्यक्ष संतोष धुरिया ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार ने लोकप्रिय मनरेगा गारंटी अधिनियम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाकर वीबी जीरामजी यानी कि विकसित भारत गारंटी फोर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) कर दिया है। सरकार द्वारा महात्मा गांधी जी के योगदान को भुलाने का प्रयास किया जा रहा है, सरकार इसमें लगभग 100% का भुगतान करती थी अब केंद्र सरकार मात्र 60% का भुगतान करेगी और शेष 40% प्रदेश सरकार देगी। यह योजना ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले उन करोड़ों गरीब मजदूरों पर हमला है और उनके संवैधानिक अधिकारों पर हमला है, जो समाज की पंक्ति में सबसे पीछे खड़े हैं रोज खाने कमाने वाले लोग हैं उनकी भुगतान में कटौती करना यह सरकार की गरीबों के प्रति मानसिकता को उजागर करता है कांग्रेस पार्टी इस अन्याय का विरोध करेगी और मांग करती है कि पुनः मनरेगा जैसी गारंटी अधिनियम को लागू किया जाए। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने किया। मनरेगा के विषय में अपने विचार व्यक्त करने वाले जिला अध्यक्ष संतोष कुमार धुरिया, जिला कोऑर्डिनेटर मनरेगा पूर्व जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी, जिला महासचिव अरविंद द्विवेदी, जिला महासचिव एडवोकेट बलदेव प्रसाद, कोषाध्यक्ष देशराज रैकवार, जिला महासचिव शैलेंद्र विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष संतोष रैकवार, ब्लॉक अध्यक्ष हरिश्चंद्र राजपूत, पूर्व जिला महासचिव छक्की लाल राजपूत, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह राजपूत, कार्यक्रम में तीरथ सिंह यादव, जितेंद्र कुमार, मनोज कुमार, कामता प्रसाद, अनिरुद्ध विश्वकर्मा, बृजेश अहिरवार, जय सिंह साहू, काशीराम, हरगोविंद खुराना, वीरपाल, तुलसीदास, राजकुमार रैकवार, सरमन कुमार, महिपाल सिंह, संजय राजपूत, प्रवीण शंकर पाठक, अवधेश महाराज सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# डामर गांव में पेयजल आपूर्ति एक सप्ताह से बाधित

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

▸ ग्रामीणों ने नमामि गंगे के अधिकारियों से ठीक कराने की मांग की



विकास खंड क्षेत्र के डामर गांव में जलसंस्थान के एकल नलकूप से होने वाली पेयजल आपूर्ति एक सप्ताह से बाधित रहने से ग्रामीण पेयजल की किल्लत का सामना कर रहे है। लोग निजी नलकूप से टैंकर में पानी लाने को मजबूर हो रहे है। नमामि गंगे की सप्लाई भी नहीं मिल पा रही है। नलकूप से कीचड़ युक्त पानी निकल रहा है। क्षेत्र के डामर गांव में जलसंस्थान के एकल नलकूप से गांव सहित कुशौली पुरवा गांव को पेयजल की आपूर्ति की जाती है। लेकिन एक सप्ताह से इस नलकूप की मोटर पंप खराब हो जाने से दो बार विभाग द्वारा डाली गई लेकिन पानी की सप्लाई नहीं हो सकी।नलकूप ऑपरेटर विवेक कुमार ने बताया कि सुबह पानी के लिए नलकूप को चलाया तो कीचड़ युक्त पानी निकला। दो घंटे तक सफाई भी की गई । लेकिन सप्लाई नहीं हो सकी। गांव निवासी वीर सिंह, चंद्रभान, खड्ग सिंह, होरी लाल, आदि ने बताया कि पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।गांव के हैंडपंप भी जवाब दे रहे है। सुबह चार बजे से लोग हैंडपंपों में पानी के लिए लाइन लगाते है। दिन भर लोग पानी के लिए परेशान रहते है। दिन में लोग टैंकर से निजी नलकूप से पानी लेकर आते है।आगामी ग्राम पंचायत चुनाव के लिए तैयारी कर रहे लोग अपने ट्रैक्टर टैंकर से पानी लेकर मोहल्लों में सप्लाई कर रहे है। जिससे पीने का पानी लोगो को मिल रहा है। कीचड़ युक्त पानी देने से नलकूप का बोर खराब हो रहा है। इसके रि बोर की जरूरत है। ग्रामीणों ने जलसंस्थान के अधिशाषी अभियंता से मांग की है। कि पेयजल के लिए नया नलकूप का निर्माण कराया जाए। वहीं गांव में नमामि गंगे परियोजना से टंकी व नलकूप स्थापित है। इस नलकूप से गांव सहित सरसई व कुशौली पुरवा गांव को पेयजल आपूर्ति की जाती है। लेकिन नलकूप चालक की लापरवाही के चलते मनमर्जी से पानी की सप्लाई की जाती है। गांव निवासी भगवान दीन, मान सिंह, सुशांत, बबली आदि लोगो ने बताया कि जल संस्थान का नलकूप खराब होने इस नमामि गंगे के नलकूप से सप्लाई नहीं मिल पा रही है। लोगों ने दोनो समय नलकूप से सप्लाई कराए जाने की मांग नमामि गंगे परियोजना के अधिकारियों से की है।

## जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर समर्थ इंडिया द्वारा लर्निंग एंड अवेयरनेस केंद्र और तरंग युवतियों, किशोरियों के साथ राष्ट्रीय युवा दिवस जागरूकता कार्यक्रम पारा, कुतुबपुर, ग्राम में आयोजित किया गया। इस दौरान बैडमिंटन प्रतियोगिता, डांस, गायन, स्लोगन आदि के माध्यम से युवाओं ने उत्सव को मनाया, और स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। राखी, सिमरन, युवाओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है, और उनका जीवन युवाओं के लिए आदर्श है। हम सबको उनके जीवन से विभिन्न तरह के सीख मिलती है। जिनका उपयोग हम अपने दैनिक निजी जीवन में और सार्वजनिक जीवन में इस्तेमाल कर सकते हैं। युवाओ में शक्तियां अपार है। लोग सकारात्मक सोच के साथ नई तकनीक का इस्तेमाल करते हुए डिजिटल दुनिया में अपनी भागीदारी बढ़ाए। आज जमाना है कि डिजिटल, और एआई जैसी तकनीक है। इन सब पर और अधिक समझ बनाते हुए अपनी क्षमताओ और कुशलताओं को आगे और बढ़ाना होगा। ताकि समय के साथ-साथ हम इन तकनीकों का सुचारू रूप से अपनी बेहतरी के लिए इस्तेमाल कर सके। इस दौरान युवा पॉलिसी, युवा से लिए संचालित कार्यकम, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों आदि भी चर्चा की गई। इस दौरान अर्चना, मोनिका, प्रिया, काजल, राधा, शालिनी, रोशनी, कोमल, अभिलाषा, वंदना, पायल, शालू, लक्ष्मी, नीलम, अनसुईया, प्रांशी, राधिका, खुशी, सरिता, सत्ती, आदि प्रमुखरूप से उपस्थित रही।

## हीरानंद इन्टर कालेज में विवेकानंद की जयंती मनाई गई

**खड़ेही लोधन(हमीरपुर)।** कस्बा बिवार में संचालित हीरानन्द इंटर कॉलेज में सोमवार के दिन स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।कार्यक्रम संचालक अध्यापक अरविंद कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वामी जी के सार्वभौमिक विचारों और युवा शक्ति में उनके अटूट विश्वास को जन-जन तक पहुंचाना है।हीरानन्द विद्यालय की छात्रा रोशनी पाठक ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म का परचम समूचे विश्व में लहराया था और देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बने।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुख सागर पाण्डेय एवं सन्नी मिश्रा विशिष्ट अतिथि कृष्ण भान सिंह भदौरिया, बिवांर थाना प्रभारी नन्दराम प्रजापति ने भी बारी-बारी से स्वामी जी के आदर्शों का व्याख्यान किया और उनके द्वारा बताए गए आदर्शों पर अनुशरण करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम आयोजन मण्डल के सदस्य मानसिंह ने स्वामी विवेकानंद के उत्तिष्ठ जाग्रत, प्राप्य वराण्य बोधियति का स्मरण दिलाया। इस दौरान रमेश कुमार पटेल, प्रमोद कुमार प्रवक्ता रामकिशोर, जगदीश द्विवेदी अध्यापक सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय युवा उपस्थित रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गयी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती मनाई गयी। कार्यक्रम की शुरुआत संगीताचार्य ज्ञानेश जड़िया के नेतृत्व में मॉ सरस्वती एवं विवेकानन्द के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन, पुष्पार्चन एवं वन्दना से हुई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंकराज त्रिवेदी (पूर्व छात्र एवं अध्यापक तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हमीरपुर के नगर कार्यवाह तथा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष) रहे। उन्होने बोलते हुए कहा कि यदि आप निरन्तर अध्ययन करते रहेगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होने राष्ट्रीय युवा दिवस - 2026 की थीम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि यह थीम युवाओ की शिक्षा और रोजगार पर आधारित है। यह युवाओ के नवाचार और कौशल को विकसित करने पर जोर दे रहा है। ताकि भारत एक विकसित राष्ट्र बन सके। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रामप्रकाश गुप्ता ने बोलते हुए कहा कि भारत मे स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती 12 जनवरी को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप मे मनाई जाती है। संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्णयानुसार सन् 1984 ई. को अन्तर्राष्ट्रीय युवा वर्ष घोषित किया गया है। उन्होने विवेकानन्द की कही बातो के संस्मरण को विस्तारपूर्वक बताया व प्रेरक प्रसंग के माध्यम से छात्रो को जीवन मे आगे बढ़ने के गुर बताये। तथा सकारात्मक सोच के साथ अपना लक्ष्य निर्धारण करने पर बल दिया। वही शासन के निर्देशानुसार विद्यालय से स्टेडियम तक 'स्वदेशी संकल्प दौड़' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य रमेश शुक्ल ने किया। तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रमुख आचार्य मातादीन त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राये मौजूद रही अन्त में कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेदप्रकाश शुक्ल ने दी।

# राष्ट्र निर्माण में है छात्रों की मुख्य भूमिका : एमएलसी

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**



स्वामी विवेकानंद की जयंती, राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा ग्राम छन्दवल में निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल में राष्ट्र निर्माण एवं युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम तथा छात्र छात्राओं को गर्म यूनीफार्म वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 100 छात्रों को स्वेटर, जूता मोजा वितरित किये गए। कार्यक्रम मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पांजलि करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में छात्रों की मुख्य भूमिका है, छात्रों एवं युवाओं को सार्थक दिशा मिले, इसका दायित्व शिक्षकों के साथ ही सरकार का है। जिसे पूरी संवेदनशीलता के साथ सरकार निर्वहन कर रही है। एमएलसी ने बच्चों को गर्म यूनीफार्म वितरित कर उन्हें स्वामी विवेकानंद जी की तरह बनने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आरएसएस के जिला कार्यवाह सुधीर तिवारी ने कहा कि जब तक देश का हर नागरिक अपना सगा लगेगा, तभी हम सच्चे राष्ट्रवादी होंगे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और बच्चों को अपने हाथों से स्वेटर, जूता मोजा आदि गर्म कपड़े वितरित किये। श्री तिवारी ने कहा कि बच्चों को तीन काम अवश्य करने कहा- खूब खाओ,खूब खेलो और खूब पढ़ो, लक्ष्य साधकर आगे बढ़ो। हास्य व्यंगकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू जी ने स्वामी विवेकानंद पर लिखी अपनी रचना-विश्व धर्म संसद में स्वामी जी थे सबसे भारी, नवयुवकों के प्रेरक थे, स्वामी जी पगड़ीधारी से उन्हें श्रद्धां सुमन अर्पित किया।

गीतकार साहब नारायण शर्मा ने अपनी रचना-समाहित हो सभी में जो मैं वह आनंद हो जाऊं, निराशों को जो आशा दे वह कविता छंद हो जाऊं से सभी को भावविभोर कर दिया। प्रेस क्लब रामसनेहीघाट के अध्यक्ष रामबाबू मिश्र, प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार शिवशंकर तिवारी ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बच्चों को बधाई दी और गर्म यूनीफार्म वितरित किया। गोल्डेन ब्लॉसम लाइब्रेरी के संचालक अलोककुमार वर्मा ने स्वामी विवेकानंद जी के ध्येय वाक्य, उठो जागो और तब तक बढ़ते रहो जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाये, इस पर व्याख्यान दिया। रेडक्रॉस के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह ने बच्चों को राष्ट्रीय युवा दिवस की बधाई दी। खुशहालपुर डिग्री कालेज के प्राक्टर डॉ विनोद गौतम ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर सभी अतिथियों को संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार द्वारा स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया। छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम संयोजन प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने किया, इस मौके पर शिक्षिका वन्दना वर्मा, इला देवी, शारदा रावत, प्रिया मौर्य, सरिता यादव, प्रिंसी वर्मा, पलक कनौजिया, अर्चना, सरस्वती, सरोज, जियालाल सहित 185 छात्र छात्राएं एक सैकड़ा अभिभावक मौजूद रहे।

### समरसता भोज में सैकड़ों लोगों ने लिया हिस्सा



राष्ट्रीय युवा दिवस पर बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा समरसता भोज, तहड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस भोज में स्कूली बच्चों के साथ ही। बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, अभिभावकों ने हिस्सा लिया।

### चिकित्सकों ने लोगों का किया निःशुल्क उपचार



राष्ट्रीय युवा दिवस पर संस्थान द्वारा हीलिंक अस्पताल के चिकित्सकों के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में छात्र एवं अभिभावकों ने अपनी स्वास्थ्य समस्याओ के बारे में परामर्श लिया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ गौरव सिंह (एमबीबीएस एमडी), डॉ अनिल कुमार जनरल फिजीशियन, डॉ अतुल अवस्थी ने मरीजो की जांच एवं उपचार, आवश्यक दवाएं वितरित किया।

# प्रीमियर लीग के फाइनल में युवाशक्ति की ऐतिहासिक जीत

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे के ठाकुर द्वारा में आयोजित प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में युवाशक्ति ने शिवशक्ति को 8 रनों से हराकर लगातार दूसरी बार खिताब पर कब्जा किया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अब्दुल रहमान की कप्तानी में युवाशक्ति ने 8 ओवर में 72 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में शिवशक्ति की टीम कड़े मुकाबले के बाद लक्ष्य से चूक गई। शानदार गेंदबाजी करते हुए सारिक रज़ा ने 5 विकेट चटकाए, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस धमाकेदार जीत के साथ ही युवाशक्ति लीग के दोनों सीजन जीतने वाली पहली टीम बन गई है। युवाशक्ति के अन्य सहयोगी अरमान कुरैशी, मेराज राईन, हर्षवर्धन सिंह नितिन अग्रवाल टुनटुनी आदि ने पहुंचकर टीम को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# प्रधान ने सैकड़ों कंबल वितरण कर गरीबों के चेहरे पर लाई मुस्कान

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



पिता पुत्र के अटूट प्रेम और सामाजिक संदेश देने के लिए प्रधान ने अपने पिता की पुण्यतिथि पर कंबल वितरण खिचड़ी भोज एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

जिससे पड़ रही कड़ाके की ठंड में जरूरतमंद लोगों को सहायता मिल सके।सलोन विकासखंड के खमरिया पूरे कुशल ग्राम सभा के प्रधान राना सिंह ने अपने पिता स्वर्गीय दिनेश प्रताप सिंह की 18वीं पुण्यतिथि को यादगार बनाने के लिए खिचड़ी भोज एवं कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया।राना सिंह ने अपने भाइयों संग पिता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।जिसमें परिजनों एवं सहयोगियों ने गरीब असहाय निराश्रित लोगों को सैकड़ों कंबल वितरण किया।साथ ही प्रसाद के रूप में बिशाल भंडारा किया गया।

भीषण ठंड और शीतलहर के प्रकोप में कंबल पाकर जरूरतमंद लोगों के चेहरों पर खुशी और राहत की मुस्कान दिखाई दिया। वही प्रधान राना सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा पिता का मानना था कि गरीबों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है।इसी भावना के साथ भविष्य में भी समाज सेवा करते रहेंगे।इस मौके पर लकी सिंह,जय सिंह, मुकेश शुक्ला समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत में अन्नपूर्णा भवन का हुआ भूमि पूजन

**महराजगंज,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**



अन्नपूर्णा भवन का ग्राम पंचायतों में हुआ भूमि पूजन कुशमहुरा व कक्केपुर ग्राम पंचायतों में खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा विकासखंड के 4 ग्राम पंचायतों में कुबना कुशमहुरा अलीपुर एवं कक्केपुर में अन्नपूर्णा भवन बनवाए जा रहे हैं। कुबना ग्राम पंचायत में पहले ही भूमि पूजन हो गया है तो वही सोमवार को कुशमहुरा व कक्केपुर ग्राम पंचायत मे खाद्य विभाग के अधिकारियों एवं ग्राम प्रधान द्वारा भूमि पूजन किया गया। मुकेश पांडे पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि शासन द्वारा राशन बांटने के लिए अन्नपूर्णा भवन बनाए जा रहे हैं जिसके तहत 3 ग्राम पंचायत में भूमि पूजन किया गया है और अभी अलीपुर ग्राम पंचायत बाकी है जहां पर भूमि पूजन नहीं हुआ है। इस मौके पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी राकेश पूर्ति निरीक्षक मुकेश पांडे ग्राम प्रधान रमेश कुमार मौर्य कोटेदार राकेश कुमार कोटेदार संघ अध्यक्ष महाराजगंज सुरेश शुक्ला कोटेदार मोहम्मद हामिद खान अजय कुमार ग्राम रोजगार सेवक लव कुश कुमार पवन कुमार यादव महादेव साहू मुकेश कुमार लोधी दुर्गेश मिश्रा मौजूद रहे।

# हाईटेक हो रही पुलिस को चकमा नहीं दे पाए चोर

- शिक्षा का प्रभाव..... टेक्नोलॉजी का किया प्रयोग और टेक्नोलॉजी ने ही पकड़वाया
- घटनाओं के खुलासे में टेक्नोलॉजी का होता है अहम रोलः पुलिस

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश पुलिस लगातार हाईटेक बनाई जा रही है उद्देश्य अपराध और अपराधियों का खात्मा, वही रायबरेली पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एसओजी और सर्विलांस टीम के द्वारा एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है जो घटनाओं को घटित करने के लिए टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर रहा था पुलिस ने गूगल से मंदिर चिन्हित कर वहां घंटे चोरी करने वाले गैंग को पकड़ा है। इस गैंग का मुखिया भिंड का रहने वाला है और किसी भी शहर में घंटे चोरी करने के लिए पहले वहां के प्रमुख मंदिर को गूगल सर्च के माध्यम से चिन्हित करता है। गैंग के सदस्य अपने साथ एक महिला को भी रखते जिसे पुलिस चेकिंग के दौरान बीमार बता कर आराम से निकल जाते हैं। पुलिस की जगतपुर थाना इलाके के ऊँचाहार रोड पर बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान भिंड निवासी गोविन्द भदौरिया के पैर में गोली लगी है। पुलिस के अनुसार, गैर जनपद के रहने वाले इन बदमाशों ने रायबरेली के दो स्थानीय लोगों के साथ मिलकर जिले के विभिन्न मंदिरों को निशाना बनाया था। गिरोह के सदस्य गूगल लोकेशन के जरिए मंदिरों तक पहुंचते फिर वहां से घंटे चोरी कर निकल जाते। गिरोह ने हाल ही में जगतपुर थाना क्षेत्र स्थित एक मंदिर से घंटे चोरी किए थे।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से 3 क्विंटल से अधिक मंदिर के घंटे और एक चार पहिया वाहन बरामद किया गया है। पूछताछ में ये भी सामने आया कि बदमाश गूगल लोकेशन के माध्यम से मंदिरों की पहचान कर चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। जगतपुर थाना पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपियों को ऊंचाहार क्षेत्र से गिरफ्तार किया। एसपी डॉ यशवीर सिंह के अनुसार आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास है। इन लोगों ने उन्नाव जिले में भी मंदिरों से घंटे चोरी किए हैं।

## खबरें एक नजर में

### जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**लालगंज, रायबरेली।** कस्बे के घोसियाना मोहल्ले में स्व. फतेह बहादुर सिंह स्मृति में कंबल वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजक पूर्व ब्लाक प्रमुख जयशंकर सिंह ने कहा कि दरिद्र नारायण की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं होती। सभी समर्थ लोगों को जरुरत मंदो की मदद के लिए आगे आना चाहिए ।जरूरतमंद की मदद करने से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। उनके साथ मौजूद डॉक्टर अंचला सिंह ने मौजूद लोगों को स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न उपयोगी जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि उपचार से बेहतर बचाव होता है। जरूरी सावधानियां अपना कर बीमारियों से दूर रहा जा सकता है। इस मौके पर लगभग डेढ़ सैकड़ा असहाय निर्धन व जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान सभासद खुर्शीद अहमद, राघवेंद्र सूर्यवंशी, अतुल शर्मा, बबलू तिवारी ,राकेश कुमार ,कृष्णावती आदि मौजूद रहे।

### केजीएमयू पर आपत्तिजनक टिप्पणियों से आक्रोशित हुए भाकपा नेता

**बाराबंकी।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के ख़िलाफ़ अराजक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे आपत्तिजनक टिप्पणियों के ख़िलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को ख़राब करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर तरह तरह की फ़ज़ी बाते प्रसारित कर रहे हैं और पता नहीं किस षड्यंत्र के तहत विश्व विद्यालय में अपना राजनैतिक एजेंडा चला रहे हैं। जबकि विशाखा समिति ने लगाये गए आरोपों की पुष्टि नहीं की है। ऐसी दशा में आपके हस्तक्षेप की आवश्यकता है। उन्होंने ज्ञापन में आगे कहा है कि क़ानून व्यवस्था समाप्त है। लोग कुलपति के चैम्बर में आकर अराजक व विधि विरोधी हरकते कर रहे हैं। जबकि सरकार मौन है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने बताया कि प्रतिष्ठित संस्थानों की गरिमा गिराने का कार्य हो रहा है जो शर्मनाक है इतिहास माफ नही करेगा।

### महिला थाना प्रभारी के प्रयास से दो दंपती पुनः साथ रहने को हुए राजी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति-5.0के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु सोमवार को कंचन सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में शिकायतों को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसमें दो विवाहित जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया तथा जनपद पुलिस को धन्यवाद दिया। पुलिस द्वारा उसे आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

### प्रियंका का जन्मदिन और स्वामी विवेकानंद की मनाई जयंती

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी का जन्मदिन हर्षोल्लास और के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। वक्ताओं ने कहा कि विवेकानंद का दर्शन केवल ग्रंथों तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन में उतारने की आवश्यकता है। इसके पश्चात प्रियंका गांधी के जन्मदिन पर आठ साल की आर्य कश्यप से केक कटवाया गया। कहा गया कि प्रियंका जी आज की राजनीति में उस मानवीय चेहरे का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो सत्ता नहीं बल्कि सेवा को प्राथमिकता देता है। श्री सिंघल ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की मजबूती, अनुशासन और जनसेवा ही कांग्रेस की असली पहचान है। प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया स्वामी विवेकानंद के विचार मानव सेवा, समानता और राष्ट्रनिर्माण पर आधारित थे।

# विवेकानंद जयंती पर कवि सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर डलमऊ कस्बे के फतेहपुर मार्ग पर गंगा तट के समीप स्थित खड़ेश्वरी आश्रम में कवि सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया पिछले 15 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आए कवियों ने अपनी अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी वही वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने-अपने विचार व्यक्त किये कार्यक्रम में कारण महाकाल ग्रुप द्वारा विभिन्न गीतों पर मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई तथा नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा गीत एवं काव्य पाठ का आयोजन किया गया जिसे देखकर वहां मौजूद दर्शकों ने खूब सराहा और तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया कार्यक्रम के अंत में कलाकारों वरिष्ठ जनों एवं सहयोगियों का सम्मान किया गया कार्यक्रम का आयोजन खड़ेश्वरी आश्रम के महंत कृष्ण बिहारी ठाकुर बाबा के द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड तथा विशिष्ट अतिथि विजय राघव दास जी महाराज उपस्थित रहे कार्यक्रम में मुख्य सहयोगी के रूप में राकेश पांडे हीरामणि शुक्ला गोवर्धन सोनकर महेंद्र कुमार शिवकुमार श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# नहर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



थाना जैदपुर क्षेत्र अंतर्गत अहमदपुर चौराहे से जवाहरपुर रोड स्थित नहर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही अहमद पुर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों के मुताबिक नहर मे मिले शव की पहचान करीब 50 वर्षीय रमेश पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम उद्धौली थाना सफदरगंज के रूप में की गई है। शव देखे जाने के बाद ग्रामीणों द्वारा अहमद पुर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचकर अहमद पुर चौकी प्रभारी आलोक सिंह राजावत ने शव को कब्जे में लेते हुए आवश्यक पंचनामा की कार्रवाई पूरी की तथा शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। फिलहाल मृत्यु के कारणो का स्पष्ट पता नही चल सका है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणो का खुलासा हो सकेगा। समाचार लिखे जाने तक इस संबंध मे कोई आधिकारिक बयान या ठोस जानकारी जारी नही की गई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### जायद हेतु निःशुल्क दलहन बीज का वितरण शुरू

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने जानकारी दी है कि जायद के लिए निःशुल्क दलहन एवं तिलहन बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए किसानों से 15 दिसंबर से ऑनलाइन आवेदन/बुकिंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत राजकीय कृषि बीज भंडारों से दलहनी फसलों (उर्द एवं मूंग) के बीज कृषकों को निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषक मिनीकिट प्रदर्शन हेतु निःशुल्क बीज प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन अवधि के दौरान प्राप्त सभी पात्र आवेदनों में से ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जाएगा।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सीतापुर,समृद्धि न्यूज।**



युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के अवसर पर विकास भवन सीतापुर के सभागार में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद की मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्य को क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी क्षमा त्रिपाठी द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा भेंट की गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी एवं विकास भवन में उपस्थित युवक महिला मंगल दल के सदस्यों द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। सभागार में उपस्थित युवाओं को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों एवं संघर्षों के बारे में बताया गया।

# बौद्धिक विकास का पर्याय है खेल : राजू भैया

- सर्वोदय बाल विकास विद्यालय की खेल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखवाया जौहर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



राष्ट्रीय युवा दिवस पर सर्वोदय बाल विकास विद्यालय मोहम्मद पुर में आयोजित सात दिवसीय खेल प्रतियोगिता के अंतिम दिन क्रिकेट,खो खो और कबड्डी की प्रतियोगिता आयोजित हुई।जिसमें क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में बालिका वर्ग से अलकनंदा ग्रुप ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 ओवर में 33 रन बनाए जवाब में सरस्वती ग्रुप ने 3.1 ओवर में निर्धारित लक्ष्य को अर्जित कर लिया वहीं बालक वर्ग में त्रिशूलवीर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर के खेल में 103 रन बनाए जवाब में चक्रवीर ग्रुप ने 7.5 ओवर में निर्धारित लक्ष्य को हासिल कर लिया।

सरस्वती ग्रुप से हिमांशी रावत और चक्रवीर ग्रुप के आदित्य सिंह को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। खो खो के फाइनल मुकाबले में बालक वर्ग से चक्रवीर और बालिका वर्ग से यमुना ग्रुप ने जीत दर्ज की। खेल प्रतियोगिता की अंतिम प्रतियोगिता कबड्डी के रूप में हुई जिसमें यमुना ग्रुप ने सरस्वती ग्रुप को 5 प्वाइंट से हराकर फाइनल अपने नाम किया वहीं चक्रवीर ग्रुप ने धनुषवीर ग्रुप को 08 प्वाइंट से हराकर विजेता बनी। खेल प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर आकाश, अमन और वीरू ने अपनी विशेष प्रस्तुतियां देकर सभी का ध्यान अपनी ओर केंद्रित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता और वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया ने कहा खेलो से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है। उन्होंने अवधी भाषा पर बल देते हुए कहा यह ऐसी भाषा है जिसमें बाबा तुलसी ने श्रीरामचरितमानस की रचना की इसलिए हमें इस भाषा पर गर्व करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राजेश सिंह गुड्डू, वैभव सिंह,आदित्य सिंह,देवा सिंह, नीलेश प्रधान,अमरीश यादव, दिनेश द्विवेदी,राहुल बाजपेई, कल्पेश शुक्ला, बृजेश मिश्रा, सुधीर यादव, दीपा सिंह,लवलेश सिंह ,विशाल, शिवम तिवारी, राजेंद्र,अंकित अवस्थी, गोविंद यादव,अनुज यादव समस्त शिक्षकगण और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# अंधविश्वास के चलते हुई थी तांत्रिक की नृशंस हत्या

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र जायस के अंतर्गत हुई हत्या के मामले का पुलिस न अनावरण करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मृतक का कटा हुआ सिर, आलाकत्ल गड़ासा, घटना में प्रयुक्त मारुति वैन सहित मृतक का मोबाइल फोन, आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण-पत्र, ताबीज, कलावा व अन्य सामग्री बरामद की है।

बीते 8 जनवरी को पूजा सिंह पत्नी नितिन कुमार निवासी बहादुरपुर, थाना जायस ने तहरीर देकर पुलिस को बताया था कि उनके मामा विजय सिंह उम्र 50 वर्ष पुत्र बेनी माधव सिंह निवासी जेल रोड जनपद प्रतापगढ़, रात करीब 10 बजे घर से निकले थे, जिनकी अज्ञात लोगों द्वारा मोजमगंज क्षेत्र में नहर पटरी के पास हत्या कर दी गई। जिस पर अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में थाना जायस पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चार अभियुक्त राजन सोनकर उर्फ निरहू, सौरभ सोनकर, प्रदीप उर्फ तूफानी सोनकर एवं अजय सोनकर सभी निवासी छोटा गोरियाना, कस्बा जायस को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में मुख्य अभियुक्त राजन सोनकर ने बताया कि मृतक झाड़-फूंक का कार्य करता था। इलाज से राहत न मिलने और पैसों की मांग से परेशान होकर उसने साथियों के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। 7 जनवरी की रात मृतक को देवा शरीफ ले जाने के बहाने मारुति वैन से मोजमगंज के पास सुनसान खेत में ले जाकर गड़ासे से सिर अलग कर दिया।

### बाईक सवार को बचाने में कार ने बुजुर्ग महिला को कुचला, मौत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड भेंटुआ के सरयू शुकुल का पुरवा मजरे भेटुआ गांव में एक एक बेकाबू कार ने 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला देवमती को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब देवमती अमेठी-सुलतानपुर मार्ग पर पैदल चल रही थीं। कार बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो गई और देवमती को टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के बेटे रामचंदर ने बताया कि उनकी मां किसी काम से निकली थीं, तभी यह हादसा हुआ।

# रंपा महल को प्रशासन ने लिया अपने कब्जे में

**सीतापुर,समृद्धि न्यूज।**



शहर के ऐतिहासिक रम्पा महल को लेकर जिला प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। प्रशासन ने इसे अपने कब्जे में ले लिया है।

तहसीलदार सदर अतुल सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि यह भवन नजूल भूमि पर बना हुआ था, जिस पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी द्वारा 8 तारीख को अवैध कब्जा करने वालों को नोटिस जारी किया गया था, जिसमें उन्हें 15 दिन के भीतर स्वयं ही कब्जा हटाने का समय दिया गया था। तहसीलदार ने बताया कि मनोरमा शुक्ला और उनके द्वारा अनौपचारिक रूप से अधिकृत किए गए व्यक्ति शकील इस हॉल पर अपना कब्जा बताते थे और इसे आवासीय व व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किराए पर दे रहे थे। नोटिस जारी होने के बाद मनोरमा शुक्ला और शकील ने स्वेच्छा से हॉल को खाली कर दिया और चाबियां प्रशासन को सौंप दी हैं। व्यापारियों को राहत, हॉल बनेगा लाइब्रेरी या म्यूजियम कार्रवाई के दौरान यह पाया गया कि चांद नामक एक व्यक्ति, जो फ्रिज की दुकान चलाता है, ने हॉल के बाहर चैनल में थोड़ा सामान रखा था। उनसे बात करने के बाद उन्होंने भी स्वेच्छा से अपना सामान हटा लिया। तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि रम्पा महल अब पूरी तरह से खाली हो चुका है और यह नजूल की संपत्ति है। इस पर किसी भी तरह का नया कब्जा दंडनीय अपराध माना जाएगा, जिसके लिए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और इस संबंध में एक बोर्ड भी लगाया जा रहा है। उन्होंने उन सभी दुकानदारों और आवासीय गतिविधियों में लगे लोगों को राहत दी, जो हॉल के चारों ओर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सिर्फ हॉल को ही प्रशासन ने अपने नियंत्रण में लिया है और बाकी व्यावसायिक या आवासीय गतिविधियों में लगे लोगों को जिला प्रशासन द्वारा नहीं हटाया जाएगा। इन लोगों की स्थिति को देखते हुए प्रशासन एक किराया मानक निर्धारित करेगा, जिसका पैसा सीधे नैमिषारण्य ट्रस्ट को जाएगा, और इस फंड का उपयोग नैमिषारण्य के विकास के लिए किया जाएगा। अंततः इस रम्पा महल को जिलाधिकारी द्वारा प्रस्ताव के माध्यम से लाइब्रेरी या म्यूजियम के रूप में विकसित किया जाएगा।

शाहजहांपुर गौशाला में हो रही घोर लापरवाही

# मृत गौवंशों के अवशेषों से संक्रमण का खतरा

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

सिकंदरपुर क्षेत्र की शाहजहांपुर गौशाला की दयनीय स्थिति ने सबको स्तब्ध कर दिया है। परिसर में मृत गौवंशों के कई अवशेष खुले में सड़े पड़े थे, जिससे संक्रमण का भयंकर खतरा मंडरा रहा था। ग्राम कल्यानपुर-कमालपुर के बीच काले झारे तालाब के पास पिछले तीन दिनों से एक निराश्रित गौवंश गंभीर बीमारी से जूझ रहा था। स्थानीय ग्रामीण रजत शाक्य ने अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडेय को सूचना दी। उनके पुत्र व गौसेवक कृष्णा पांडेय अपनी टीम के साथ पहुंचे और तत्काल खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) से संपर्क कर पशु चिकित्सक बुलवाया। उपचार के बाद गौवंश को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की प्रक्रिया शुरू हुई। खोजीपुर गौशाला में जगह न मिलने पर गौवंश को अस्थायी रूप से ग्रामीण के घर रखा गया। प्रशासन के निर्देश पर सिकंदरपुर क्षेत्र की शहजहांपुर गौशाला भेजा गया, लेकिन वहां की दयनीय स्थिति ने सबको स्तब्ध कर दिया। परिसर में मृत गौवंशों के कई अवशेष खुले में सड़े पड़े थे, जिससे संक्रमण का भयंकर खतरा मंडरा रहा था। गौवंशों को केवल सूखा भूसा परोसने की व्यवस्था, गंदे-कीड़े भरे पानी का हौद और खाली गंदा दूसरा हौद साफ सफाई का नामोनिशान नहीं।



कोई केयरटेकर भी मौजूद न था। कृष्णा पांडेय द्वारा बीडीओ को सूचित करने पर गौशाला सचिव को निलंबित करने और दोषियों पर विभागीय कार्रवाई का आश्वासन मिला फोटो-वीडियो के बाद प्रधान पति रफीकुल हसन व केयरटेकर पहुंचे, जिन्होंने घायल गौवंश को आश्रय दिया। इस घटना ने क्षेत्रीय गौशालाओं की बदहाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस दौरान जिला संयोजक अंशू सक्सेना, महामंत्री दक्ष दुबे, महासचिव अंशुल राठौर समेत कई सदस्य व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आलू के खेत से पकड़ा गया अजगर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** थाना विशुनगढ़ अंतर्गत ग्राम सरैया मोड़ पर राकेश कमल के आलू के खेत में एक बड़ा अजगर दिखाई दिया। सूचना मिलते ही आसपास के लगभग 200 ग्रामीण मौके पर जमा हो गए, जिससे खेत में आलू की फसल को कुछ नुकसान भी पहुंचा। ग्रामीण प्रशांत खटिक ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर भीड़ को नियंत्रित किया और वन विभाग को सूचित किया। वन विभाग की टीम ने सावधानी से अजगर को बोरी में पकड़ा और सुरक्षित स्थान पर ले जाकर छिबरामऊ क्षेत्र की काली नदी के जंगल में छोड़ दिया। वन विभाग के अधिकारी बादाम पाल ने बताया कि अजगर को उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित रूप से छोड़ा गया है।

# सेंट मारिया पब्लिक स्कूल में खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

▸ पूरा विद्यालय परिसर खेल भावना और उमंग से हुआ सराबोर

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

सेंट मारिया पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ डायरेक्टर वीसी अवस्थी ने मशाल जलाकर किया। विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी।



इस अवसर पर डायरेक्टर वीसी अवस्थी ने कहा कि खेलकूद से अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने बच्चों को खेलों में सक्रिय भागीदारी करने तथा खेल भावना बनाये रखने की प्रेरणा दी। विभिन्न प्रतियोगिताओं में वॉलीबॉल, बैडमिंटन, दौड़, कबड्डी, खो-खो, चेस एवं अन्य खेलों का आयोजन किया जायेगा। पहले दिन बैडमिन्टन, शतरंज, कबड्डी का आयोजन हुआ। बैडमिंटन ने कक्षा 10 की छात्रा दीक्षा राजपूत, कबड्डी ; बालिका वर्ग में कप्तान संयोगिता टीम, शतरंज में वैभव श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही बैडमिंटन में जानवी, कबड्डी में कप्तान मोहिनी टीम, और शतरंज में आयुष राजपूत को उप विजेता टीम घोषित किया गया। पूरा विद्यालय परिसर खेल भावना और उमंग से सराबोर दिखाई दिया। इस दौरान शिक्षक आशुतोष पाण्डेय, सुनील पाल, श्रीहर्ष, सीमा चतुर्वेदी, इमराना खातून, रमेश पाल, रमई दुबे व स्टाफ सदस्य ने भी कार्यक्रम में उपस्थित रह कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## युवा दिवस के रूप में मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती




**छिबरामऊ, कन्नौज।** आवास विकास कॉलोनी स्थित सुप्रभाष अकादमी के तरंग मंच पर स्वामी विवेकानन्द जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। बच्चों ने सरस्वती वंदना के बाद रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए ।इससे पहले प्रधानाचार्या अलका गुप्ता ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण किया और बताया कि स्वामी जी की हर धर्म के गहरी रुचि थी। इसी वजह से पश्चिमी देशों में आज भी उनके अनुयायी निरंतर बढ़ रहे है।जिस देश के युवा ज्यादा ऊर्जावान और अनुशासित होंगे उस देश का भविष्य उज्वल होगा। मैनेजर हिमांशु सक्सेना ने कहा कि जिस प्रकार विभिन्न नदिया सागर में जाकर समाहित होती है, उसी प्रकार समस्त धर्म विश्व के मानव समाज को अलग अलग मार्ग पर चलाते हुए उसी परमात्मा की ओर ले जाते हैं। इस अवसर पर कक्षा 5 की छात्रा अंशिका ने स्वामी जी के जीवन दर्शन की बारे में बताया। अध्यापक एसएम सिद्दीकी ने बताया कि स्वामी जी एक महान भविष्य दृष्टा, तेजस्वी एवं गुरु भक्त थे। इस अवसर पर बच्चों को स्वामी विवेकानंद की वाणी पुस्तक वितरित की गई। इस दौरान सुषमा, अंकिता, अमित, स्वाति, अंकुश, फरहा सेहत समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ युवा चेतना सप्ताह का शुभारंभ

▸ 18 जनवरी तक चलेगा आयोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्र हित में युवाओं में चेतना जगाने के उद्देश्य से छिबरामऊ महोत्सव समिति के तत्वावधान में बनवारी नगर स्थित एसबीवीएस सभागार में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ युवा चेतना सप्ताह 2026 का शुभारंभ हो गया। महोत्सव की अध्यक्ष इंद्रा दुबे ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के प्रथम दिन शिक्षा क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं अर्पित मिश्रा, अनुज राजपूत, दीपक द्विवेदी, शुभम कमल, विश्वास प्रधान, सचिन यादव, पवन यादव, आयुष प्रजापति, ऋषि यादव एवं प्रदीप शर्मा



को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष इंद्रा दुबे ने कहा कि युवा समाज की रीढ़ होता है, शिक्षा, राजनीति, खेल, संस्कृति, पर्यावरण एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मात्र 29 वर्ष की आयु में स्वामी विवेकानंद ने शिकागो सम्मेलन में देश का नाम रोशन किया था। शशिकांत शुक्ला ने कहा कि समाज को दिशा देने की जिम्मेदारी शिक्षकों की होती है। महामंत्री संजीव चौहान ने युवाओं से बुजुर्गों के अनुभवों से सीख लेने की अपील की। महोत्सव युवा समिति के अध्यक्ष पीयूष गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज सशक्त होता है। महोत्सव के संस्थापक गौरव त्रिपाठी अमर ने बताया कि 18 जनवरी तक चलने वाले आयोजन की श्रृंखला में 13 जनवरी को राजनीति क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करने वाले युवाओं को सम्मानित किया जाएगा इसके अलावा स्वामी जी के जीवन पर भाषण प्रस्तुति प्रदर्शन प्रतियोगिता होगी। कोषाध्यक्ष अरुणेश चतुर्वेदी के संचालन में हुए कार्यक्रम में शानू राठौर, गुड्डू, विशेष मिश्रा, सतेंद्र, पल्लवी त्रिपाठी, तनिष्क गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



## युवा दिवस पर आयोजित हुई खेलकूद प्रतियोगिता

**छिबरामऊ कन्नौज।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस के अंतर्गत मिघौली स्टेडियम में अय्योजित खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन ग्राम प्रधान मनोज यादव ने किया। इस दौरान वॉलीबॉल, कबड्डी व दौड़ की प्रतियोगिताएं हुईं। 1600 मीटर बालिका वर्ग में प्रथम हिमांशी यादव, द्वितीय रियांशी, तृतीय कोमल, 1600 मीटर बालक वर्ग में प्रथम आयुष, द्वितीय अर्पित, तृतीय राहुल, कबड्डी बालिका वर्ग में विजेता डीके स्पोर्ट्स अकादमी, उपविजेता छिबरामऊ स्पोर्ट्स क्लब कबड्डी बालक वर्ग में विजेता छिबरामऊ स्पोर्ट्स क्लब, उप विजेता डीके स्पोर्ट्स अकादमी, वॉलीबॉल बालिका वर्ग में विजेता हीरालाल इंटर कॉलेज व उपविजेता डीके स्पोर्ट्स अकादमी, वॉलीबॉल बालक वर्क में विजेता डीके स्पोर्ट्स अकादमी व उपविजेता छिबरामऊ स्पोर्ट्स क्लब रहा। विजेता प्रतिभागियों को मेडल व ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आकाश सिंह व अंशिता श्रीवास्तव, अवर अभियंता लघु सिंचाई विभाग उदय भान सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक में अपराधों में सख्त पैरवी के निर्देश

▸ डीएम की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में अभियोजन एवं कानून- व्यवस्था से संबंधित समीक्षा बैठक में गंभीर अपराधों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को सजा दिलाने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि गंभीर अपराधियों को समयबद्ध सजा दिलाई जाए। बच्चों एवं महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में विशेष पैरवी करते हुए दोषियों को दंडित कराया जाए। जिन मामलों का समाज पर सीधा प्रभाव पड़ता है, ऐसे



समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री

प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ न्यायालय में मजबूती से प्रस्तुत किया जाए, ताकि समाज में सकारात्मक संदेश जाए। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण एवं कानून- व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए अभियोजन की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी और परिणाममुखी बनाना आवश्यक है। जिले में पांच वर्ष से अधिक समय से 3645 मुकदमे लंबित हैं, जिनकी पैरवी प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए। बैठक में बताया गया कि 779 वादों में 581 गवाह न्यायालय में उपस्थित हुए, जिनमें से 308 की गवाही दर्ज की गई तथा 32 वाद अपरीक्षित रहे। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गवाहों की उपस्थिति और दर्ज गवाही का स्पष्ट विवरण दर्शाने के लिए चार्ट तैयार किया जाए। उन्होंने एससी/एसटी अधिनियम के तहत समझौते वाले प्रकरणों का विवरण तैयार कर संबंधित धनराशि की रिकवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल पर अभियोजन विभाग द्वारा समय से फीडिंग कराने पर भी जोर दिया। बैठक में एसपी विनोद कुमार सहित संबंधित अधिकारी रहे।

# पशुपालक अपने पशुओं का अवश्य कराएं टीकाकरण

▸ बैठक में दी खुरपका मुंहपका टीकाकरण अभियान की जानकारी

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

राजकीय पशु चिकित्सालय में खुरपका मुंहपका टीकाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान के संबंध में आयोजित बैठक में 22 जनवरी से प्रारंभ होने जा रहे अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

टीकाकरण के विषय में चर्चा करते हुए उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नेम कुमार ने बताया कि 22 जनवरी से एनएडीसीपी कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद कन्नौज में टीकाकरण खुरपका मुंहपका बीमारी का सातवें चरण का टीकाकरण अभियान 45 दिनों तक चलाया



जाएगा। इसमें जनपद के सभी गोवंशीय एवं महीषवंशीय पशुओं का टीकाकरण किया जाएगा। विकासखंड छिबरामऊ के अंतर्गत 5 टीमें बनाई जाएंगी जो पशुपालकों के द्वार पर जाकर सभी पशुओं का टीकाकरण करें ग्राम प्रधान से इसका प्रमाण पत्र भी प्राप्त करेंगे कि सभी पशुओं के टीका लगा दिया गया है। सभी पशुपालकों से अनुरोध है कि आप अपनी गाय एवं भैंसो में खुरपका मुंहपका का टीका जरूर लगवाएं । खुरपका मुंहपका एक वायरस की गंभीर बीमारी है जिससे पशु बहुत जल्द संक्रमित हो जाता है एवं मादा पशु बांझ हो जाती हैं।

इस बीमारी से बचाव का टीकाकरण ही एकमात्र उपाय है। बैठक में पशु चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट, पशुधन प्रसार अधिकारी, एआईटी कार्यकर्ता एवं टीकाकरण कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## केक काटकर मनाया गया प्रियंका गांधी का जन्मदिन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** देवी सहाय मार्केट स्थिति कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और सांसद प्रियंका गाँधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस खुशी के मौके पर केक काटकर सभी कार्यकर्ताओं को खिला कर उनकी दीर्घायु की कामना की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शाक़िर हुसैन एडवोकेट ने कहा प्रियंका जी ने सदैव कांग्रेस को मजबूत किया। लोकसभा में पार्टी की बात और जनमानस की समस्याओं को प्रमुखता से कहती हैं। उन्होंने कर्नाटक, तेलंगाना और हिमांचल प्रदेश में सरकार बनाने में मुख्य भूमिका निभाई। हमेशा गरीबों की आवाज़ उठाने वाली प्रियंका गांधी राहुल गांधी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश की अगली प्रधानमंत्री होंगी। इस मौके पर अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट के प्रदेश महासचिव विनोद दुबे, आमिर खान, बंटी गुप्ता, ओपी तिवारी, ऋषभ गुप्ता, सुनील कठेरिया, जितेन्द्र गुप्ता,राजू अंसारी सहित कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एमएलसी ने मतदाता बढ़ाने को लेकर की चर्चा



भाजपा सेक्टर अध्यक्षों के साथ बैठक करती एमएलसी रमा-आरपी निरंजन।

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

झांसी-जालौन-ललितपुर एमएलसी रमा आरपी निरंजन ने महेवा मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र पाल की मौजूदगी में एसआईआर समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें उरकरा खुर्द, अभैदेपुर, पिथऊपुर, दमरास, खड़गुई आदि ग्रामों के बूथ और सेक्टर अध्यक्ष भी मौजूद रहे। बैठक में फॉर्म 6, 7 एवं फॉर्म 8 के बारे में पार्टी पदाधिकारियों को बताया गया उसकी क्या महत्ता है उसके बारे में भी बताया गया। एमएलसी श्रीमती निरंजन ने पुरानी और नई वोटर लिस्ट से मिलान करावाया और पूंछा कि जो वोटर कम हुए तो इसका कारण क्या है। उन्होंने निर्देश दिये कि इन सभी का बिंदवार तरीके से मिलान किया जाए और जो नाम कम हुए हैं उनमें से ऐसे कितने नाम हैं जो गलती से छूट गए हैं उनके पुनः फॉर्म कम्पलीट कराकर जमा करवाये जायें और जो नये वोटर बनना हैं जों अट्ठारह साल पूरा कर रहे उनके वोट बनवायें जिन बहुओं के वोट नहीं बने उनके वोट बनवायें यदि कोई दिक्कत आती है। तो मुझसे सीधे संपर्क करें। इसके बाद उन्होंने और भी जन समस्यायें सुनी और अवैदेपुर में एक नाले सफाई की समस्या के संदर्भ में खंड विकास अधिकारी महेवा अरुण सिंह को निर्देशित किया। पिथऊपुर, जलालपुर के बीच रपटा में लगी काई की समस्या से जूझ रहे लोगों की मांग पर अधिशाषी अभियंता लघु सिंचाई से दूरभाष पर वार्ता कर ग्रामीणों की समस्या का निदान कराने के निर्देश दिये। इसके बाद जरूरतमंद करीब एक सैकड़ा लोगों को कम्बल वितरित किये। इस मौके पर बूथ, सेक्टर, पदाधिकारियों के अलावा अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आशा कार्यकत्रियों की मांगों को लेकर धरना समाप्त कराने को हुई वार्ता

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

आशा कार्यकत्रियों की मांगों को लेकर चल रहे धरना- प्रदर्शन को समाप्त कराने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने जिला आशा अध्यक्ष रानी देवी सहित पदाधिकारियों से वार्ता की। सीएमओ ने बताया कि 10 दिसंबर 2025 को ज्ञापन सौंपा गया था। जिसमें कहा गया कि आशा कार्यकत्रियों को सरकारी कर्मचारी घोषित किए जाने, जब तक यह घोषित न हो तब तक 25 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिए जाने, सभी सरकारी महिला एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर बैठने व रात्रि विश्राम हेतु विश्राम कक्ष की व्यवस्था, हाईस्कूल/ इंटरमीडिएट उत्तीर्ण आशाओं को एएनएम के विभागीय प्रशिक्षण का अवसर, ईपीएफ व ईएसआईसी जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं तथा जीवन बीमा सुविधा उपलब्ध कराने जैसी प्रमुख मांगें शामिल थीं। बताया कि मांगों में से कुछ पर कार्रवाई हो चुकी है। जनपद के सभी सरकारी महिला एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर आशा कार्य कत्रियों के लिए बैठने व रात्रि विश्राम कक्ष की व्यवस्था कर दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना के तहत बड़ी संख्या में पात्र आशा कार्यकत्रियों का बीमा कराया जा चुका है।

# दो ट्यूबवेलों व ट्रांसफार्मर से पुर्जे व तेल चोरी

▸ बेखौफ चोरों ने समधन क्षेत्र में फिर घटना को दिया अंजाम

**समधन, समृद्धि न्यूज।**

बीता रविवार रात को चोरो ने किसानों के खेतों पर बिजली संचालित दो ट्यूबवेलों पर ट्रांसफार्मर से कल पुर्जे व कीमती तेल चोरी कर ले गये क्षेत्र के ग्राम मलिकपुर निवासी सुरेन्द्र सिंह यादव व आत्माराम दिवाकर के खेतों पर रखे बिजली संचालित ट्यूबवेलों पर रखे ट्रांसफार्मरो को खम्बो से जमीन पर उतारकर कल पुर्जे व कीमती तेल चोरी करके फरार हो गये किसानों का कहना है इससे पहले भी कई बार चोर बिजली ट्रांसफार्मरो से कल पुर्जे



बिजली ट्रांसफार्मर से कल पुर्जे व कीमती तेल चोरी की जांच करते चौकी प्रभारी सुरेन्द्र पाल सिंह

व कीमती तेल चोरी करने की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं इसलिए उनके हौसले बुलंद हैं। पीड़ित किसान सुरेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि ट्रांसफार्मर से कल पुर्जे व कीमती तेल चोरी होने के वाद अब खेतों में खड़ी आलू की फसल की सिंचाई कैसे हो पायेगी उन्होंने गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस को एक लिखित शिकायती पत्र देकर ट्रांसफार्मर से कल पुर्जे व कीमती तेल चोरी की घटना का पर्दाफाश करने की मांग उठाई है। उधर ट्रांसफार्मर से कल पुर्जे व कीमती तेल चोरी की घटना की जांच करने के लिये रामाश्रम चौकी प्रभारी सुरेन्द्र पाल सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की गई। किसान यूनियन धरती पुत्र आराजनैतिक के जिलाध्यक्ष आलोक यादव ने बिजली निगम के उच्च अफसरों से रात में टयूववेलो की टू फेस लाइट चलाने की मांग उठाई है जिससे विधुत ट्रांसफार्मरो से कल पुर्जे व कीमती तेल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## पशुओं को पानी पिलाने गयी किशोरी से छेड़खानी

**कालपी,जालौन।** जानवरों को पानी पिलाने गई किशोरी के साथ की गई छेड़छाड़ व जबरदस्ती के मामले में लड़की की मां ने कोतवाली कालपी में शिकायत दर्ज कराई है। उक्त प्रकरण के संबंध में पीड़ित मां ने उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र प्रस्तुत करते हुये बताया कि मेरी 15 वर्षीय पुत्री को हमारे गांव का ही लड़का जबरदस्ती परेशान करता है। वह बात करने का दबाव बनाता है। जब मेरी पुत्री जानवरों को पानी पिला रही थी तभी आरोपी लड़का वहां आया और गलत नीयत से मेरी लड़की का हाथ पकड़ा व खींचतान करना शुरू कर दिया। लड़की के विरोध करने पर मारने की धमकी देने लगा तथा बलात्कार करने की धमकी दी व गंदी-गंदी गालियां दी।

# करोड़ों की नगर पंचायत की जमीन पर भूमाफियाओं की है टेढ़ी नजर

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

एक ओर जहां प्रदेश सरकार ही नहीं बल्कि जिला प्रशासन अवैध कब्जों से सरकारी भूमि को भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त कराने का अभियान चला रही है तो वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत कोटरा में इसके ठीक उलट गंगा बहती नजर आ रही है। जहां नगर पंचायत के एक कर्मचारी की मिलीभगत से करोड़ों रुपये कीमत की आम रास्ता पर एक माफिया ने पहले पिलर खुदवाये बाद में गेट लगाकर कब्जा कर लिया। इतना ही नहीं जब मामले की शिकायत मोहल्लेवासियों ने नगर पंचायत के साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज करायी लेकिन इसके बाद भी चौबीस घंटे निर्माण कार्य जारी है। हालांकि जिलाधिकारी के संज्ञान में मामला पहुंचा तो उन्होंने तत्काल नगर पंचायत कोटरा को निर्माण कार्य रुकवाने के साथ ही अवैध कब्जा हटवाने के निर्देश जारी कर दिये। मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत कोटरा के मोहल्ला गणेशगंज में स्थित टाउन एरिया की बेश कीमती जमीन पर कोटरा के ही दबंग राजकुमार उर्फ पिट्टे चौधरी ने विगत दिवस रातों रात पिलर खोद कर भारी भरकम गेट लगाकर अवैध कब्जे का प्रयास किया है।

# नोडल अधिकारी ने लाभार्थियों से लिया फीडबैक

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

सचिव, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग, उप्र शासन द्वारा नियुक्त जनपद के नोडल अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के साथ विकासखंड कदौरा क्षेत्र के ग्राम उसरगांव में जन चौपाल का आयोजन कर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पात्र लाभार्थियों को पढ़कर सुनाई। इस अवसर पर उन्होंने लाभार्थियों से सीधा संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का फीडबैक लिया तथा स्थलीय सत्यापन भी किया। नोडल अधिकारी ने जन




चौपाल में लगाए गए विभिन्न विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया और अधिकारियों को योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्रों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने बच्चों को अन्नप्राशन कराया तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर उन्हें पौष्टिक आहार वितरित किया, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का संदेश गया। जन चौपाल को संबोधित करते हुए इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार जन्म से लेकर बुजुर्ग अवस्था तक नागरिकों के समग्र कल्याण हेतु अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से लेकर स्नातक स्तर तक शिक्षा एवं देखभाल का खर्च सरकार वहन कर रही है। वहीं जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को पोषण एवं सुरक्षित प्रसव के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

# कैमरे की निगरानी में सख्ती से चल रही शासकीय प्री-बोर्ड परीक्षा

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कोंच नगर स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मंडी में सोमवार को प्रातः 10.30 बजे से कक्षा 10 एवं 12 की शासकीय प्री-बोर्ड परीक्षा कड़ी सख्ती और कैमरों की निगरानी में सम्पन्न कराई जा रही है। परीक्षा का उद्देश्य आगामी बोर्ड परीक्षा से पूर्व छात्राओं की शैक्षिक तैयारी का वास्तविक आकलन करना है। विद्यालय की प्रधानाचार्या आभा तिवारी के निर्देशन में यह परीक्षा पूरी तरह नकलविहीन वातावरण में आयोजित की जा रही है। परीक्षा प्रभारी पंकज बाजपेई अपने सहयोगी स्टाफ के साथ परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी संभाले हुए हैं। विद्यालय परिसर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से प्रत्येक कक्ष की निगरानी की जा रही है, जिससे परीक्षा की पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित किया जा सके। प्रधानाचार्या आभा तिवारी ने बताया कि प्री-बोर्ड परीक्षा विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि इससे बोर्ड परीक्षा के पहले अपनी तैयारी, समय प्रबंधन और कमजोर विषयों की पहचान हो जाती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय की कक्षा 10 एवं 12 की सभी छात्राएं प्री-बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हो रही हैं।

# अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

- एएसपी ने की जांच पड़ताल व फॉरेंसिक टीम ने जुटाये साक्ष्य
- शव की नहीं हो सकी शिनाख्त, जांच पड़ताल में जुटी खाकी

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात शव पड़े होने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैली गयी। घटना की सूचना मिलने पर एएसपी व पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। युवक की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने सोशल मीडिया का सहारा लिया है। जानकारी के अनुसार मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र में इटावा-बरेली हाईवे पर स्थित खाटू श्याम मंदिर के पीछे लगभग 300 मीटर दूरी पर खटा दुबका मार्ग पर अज्ञात शव मिलने की सूचना सुबह लगभग 10 बजे राहगीर रुपेश द्वारा डायल 112 को दी गई। 112 की सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी आला अधिकारियों को दी। घटना स्थल पर एएसपी अरुण कुमार सिंह, डीएसपी कायमगंज राजेश कुमार द्विवेदी तथा फॉरेंसिक टीम पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य नमूने लिए। मृतक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष होगी। मृतक का रंग गेहुआं, हरी हॉफ जैकेट, नीला तथा लाल रंग का ट्रैक सूट पहने था। दोनों हाथों में सूजन थी। सर पर चोट के कारण घटना स्थल पर खून फैला हुआ था। मृतक के पास बब्बर शेर का पउआ मिला। तथा जेब पांच दस के सिक्के तथा एक 20 का नोट मिला। इसके साथ पॉलीथिन में मूंगफली मिलीं। जिन्हें साक्ष्य के रूप में फॉरेंसिक टीम अपने साथ ले गई। एएसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात शव की सूचना मिली थी। शव के सर पर चोट के निशान मिले है। सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मृतक की फोटो डाल दी गई है। पोस्टमार्टम की कार्यवाही के बाद मृतक की मौत का कारण पता चलेगा। पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाले रही है। उप निरीक्षक आशू यादव ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



जांच पड़ताल करते एएसपी, सीओ व कोतवाली प्रभारी आदि

# डम्पर की टक्कर से पशु चिकित्सक की मौत

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना राजेपुर क्षेत्र में चाचूपुर तिराहा से आगे सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार पशु चिकित्सक की मौत हो गई। शाहजहांपुर से फर्रुखाबाद की ओर जा रहे एक डम्फर ने सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को निजी वाहन द्वारा लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना में बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार डम्पर संख्या आर.जे. 11जीसी2204 को उसका चालक तेज व लापरवाही से चला रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल में उसकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार पशु चिकित्सक आदेश कुमार पुत्र प्रेमपाल निवासी पिपरिया नगला, थाना मिर्जापुर, जनपद शाहजहांपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को निजी वाहन द्वारा लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद डम्पर चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है। मृतक का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही कराई जा रही है। तहरीर प्राप्त होने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है और मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



मृतक का फाइल फोटो व दुर्घटना करने वाला डम्पर

# मिथलेश अग्रवाल ने किया ज्ञान कप क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के एसएनएम इंटर कॉलेज ग्राउंड पर ज्ञान कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज हुआ। यह टूर्नामेंट समाजसेवी व उद्योगपति सत्य प्रकाश अग्रवाल, भाजपा नेत्री मिथिलेश अग्रवाल के द्वारा कराया जाता है। आज इस टूर्नामेंट का उद्घाटन सत्यप्रकाश अग्रवाल, मिथलेश अग्रवाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, डॉ. शरद गंगवार व अरुण दुबे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। यह टूर्नामेंट 12 जनवरी से 18 जनवरी तक चलेगा। इस टूर्नामेंट में अमरोहा, नोएडा, अलीगढ़, बरेली, कानपुर, लखनऊ, फिरोजाबाद, दिल्ली सहित 8 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन मैच केसी स्टार नोएडा व अंसारी वॉरियर्स अमरोहा के बीच खेला जा रहा है। मैच शुरू होने से पहले अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय किया। आज के उद्घाटन मैच का टॉस डॉ. मिथिलेश कुमारी अग्रवाल ने सिक्का उछालकर किया। यह टॉस अंसारी वॉरियर्स अमरोहा ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। वहीं कानपुर से आए अंपायर सौरभ जयसवाल, हिमांशु यादव व स्कोर राजेश सिंह अपना दायित्व अच्छे से संभाल रहे थे। एस.एन.एम. इंटर कॉलेज का ग्राउंड दर्शकों से भरा हुआ था। इस ग्राउंड को बाहर की टीमों द्वारा खेलने योग्य बनाने में मनोज तिवारी व उनकी टीम ने अहम भूमिका निभाई है।



टूर्नामेंट का शुभारंभ करतीं मिथलेश अग्रवाल

# बाइक सवार को बचाने के प्रयास में मकान के गेट में घुसी कार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बाइक सवार को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर एक मकान के गेट में जा घुसी। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस युवक व उसकी गाड़ी को थाने ले गयी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नगला विनायक गांव का एक युवक सोमवार को दुर्घटना का शिकार हो गया। युवक अपनी गाड़ी से गांव से नवाबगंज स्थित एक कोचिंग सेंटर जा रहा था। बबना तिराहा से बाईपास की ओर जाते समय यह हादसा हुआ। सामने से आ रहे एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में युवक की गाड़ी अनियंत्रित हो गई। गाड़ी बबना तिराहा निवासी गुड्डु राजपूत के मकान के गेट में जा घुसी। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। काफी देर तक दोनों पक्षों के बीच समझौते का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं बन पाई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक तथा उसकी गाड़ी को थाने ले आई।



घटना के बाद मौके पर मौजूद लोग

# रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की मौत हो गयी, जबकि उसका भतीजा गम्भीर रुप से घायल हो गया। घायल भतीजे को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव लहरा निवासी महेंद्र सिंह उम्र 60 वर्षीय पुत्र रामचंद्र अपने भतीजे बॉबी पुत्र अरविंद के साथ बाइक द्वारा रोज गार्डन फार्म हाउस में पपड़ी निवासी आमिर की शादी समारोह में शामिल होकर वापस अपने गांव लहरा जा रहे थे। जैसे ही वह बिरियन तिराहे के पास पहुँचे, तभी रोडवेज बस संख्या यू.पी.78 केटी4859 से टक्कर हो गई। जिससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा उसका भतीजा बॉबी घायल हो गया। घटना की सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज सोमवीर सिंह, कांस्टेबिल विजय गुर्जर, कांस्टेबिल धर्मेन्द्र तिवारी, कांस्टेबिल सचिन कुमार ने दोनों लोगों को गम्भीर अवस्था में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहां डाक्टर जितेन्द्र बहादुर ने महेंद्र को मृत घोषित कर दिया। घायल भतीजे बॉबी को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। कस्बा चौकी इन्चार्ज सोमवीर सिंह ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। उन्होंने बताया कि बस को चालक सहित कब्जे में लेकर थाने भिजवाया।



मृतक का फाइल फोटो



गुमशुम बैठे मृतक के परिजन

## खबरें एक नजर में

### दुष्कर्ष के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** सब्जी विक्रेता ने किशोरी को खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। ग्रामीणों ने मामले की सूचना स्वजनों को दी। स्वजनों की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर के एक गांव निवासी व्यक्ति ने दी तहरीर में बताया कि दो दिन पूर्व वह प्लाट पर काम करने गया था। उसी समय क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक फेरी लगाकर सब्जी बेचने गांव में आ गया। सब्जी विक्रेता युवक ने तेरह वर्षीय बेटी को सरसों के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। बेटी के रोने पर ग्रामीणों ने मौके पर जाकर देख लिया। ग्रामीणों को देखकर आरोपित मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्वजनों को दी। स्वजनों ने किशोरी के साथ थाने पहुंच मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने दो दिन बाद आरोपित जुगेंद्र सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने सोमवार दोपहर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया मुकदमा दर्ज कर आरोपित युवक को जेल भेज दिया गया है।

### महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** महिला ने घर के कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। स्वजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम हेतु भेज दिया। क्षेत्र के गांव कादरदादपुर सराय निवासी आकाश राठौर की इक्कीस वर्षीय पत्नी अंजना ने सोमवार देर शाम घर के कमरे में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। काफी समय तक दरवाजा न खुलने पर स्वजनों ने कमरे में जाकर देखा तो उनकी चीख निकल गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर ग्रामीणों के सहयोग से शव को नीचे उतरा। स्वजन खुदकुशी का कारण नहीं बता सके। स्वजनों के अनुसार आकाश की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी। आकाश घटना के समय हलवाई का कार्य करने गया था। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया शव पीएम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### सोने की चेन वापस न करने पर पीड़ित के भाई ने दो के खिलाफ दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मैन बाजार निवासी रजत पुत्र ओमप्रकाश ने लगभग दो वर्ष पूर्व नगर के एक ज्वैलर्स की दुकान पर अपनी सोने की चेन 45,000 रुपये में गिंरवी रखी थी। 18 दिसंबर 2025 को रजत ने अपने मुहल्ले के साथियों की मदद से 62,500 रुपये देकर चेन छुड़ा ली। आरोप है कि रजत के एक साथी युवक ने वह चेन अपने पास रख ली। अगले दिन वहीं युवक उस चेन को गिंरवी रखने के लिए उसी दुकान पर गया। दुकानदार ने जांच करने पर बताया कि चेन का कुंडा तो असली है, लेकिन पूरी चेन नकली है। रजत के परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवक और उसके साथियों ने रजत को चेन वापस नहीं दी। इस मामले में रजत के भाई रवेन्द्र कुमार ने दो नामजद लोगों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर दी है। कस्बा प्रभारी गीतम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और उचित कार्रवाई का भरोसा दिया गया है।

# हर्ष फायरिंग के आरोपी पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बारात की तैयारी के समय हर्ष फायरिंग के मामले में अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम शैली रॉय ने रमन जाटव पुत्र गेंदालाल निवासी खन्नी नगला निवासी नारायणपुर फर्रुखाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 13 जनवरी की तिथि नियत की गयी है। बीते 17 वर्षो पूर्व कोतवाली फर्रुखाबाद के ग्राम नारायणपुर निवासी सरला पत्नी स्व0 नरेश चंद्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 2 जनवरी 2009 को मेरे जेठ स्व. प्रेमचंद्र जाटव के पुत्र पिंटू की बारात जाने की निकरौसी हो रही थी। पूर्व प्रधान खेमकरन के घर के पास कुआं के फेरे के दौरान रमन पुत्र गेंदालाल ने मेरे पुत्र मिथुन की तमंचा से फायर कर हत्या कर दी। मेरे पुत्र की लाश कुआं के पास सड़क पर पड़ी थी। गांव के सरवीर के भी गोली लगी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैली रॉय ने रमन जाटव को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 13 जनवरी की तिथि नियत की गयी है।

# रात शॉर्टसर्किट से मूंगफली विक्रेता की दुकान में लगी आग

- दो दुकानें जलकर राख, लाखों का नुकसान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

देर रात करीब एक बजे उस समय अफरातफरी मच गई। जब बिजली के शॉर्टसर्किट से एक मूंगफली विक्रेता की दुकान में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पास में स्थित दूसरी दुकान भी उसकी चपेट में आ गई। इस दर्दनाक हादसे में दोनों दुकानों में रखा माल और नकदी जलकर राख हो गई। जिससे पीड़ित परिवार को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के लिंगीगंज निवासी अंशुल सक्सेना पुत्र सुरेश चंद्र सक्सेना की दुकान के ऊपर से 11 हजार केवी की हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है। देर रात अचानक हुए शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लग गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए और तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दोनों दुकानों में रखा मूंगफली, चना, लहिया, बिस्तर आग सहित हजारों रुपये की नकदी जल गयी। पास ही स्थित अंशुल के चाचा सुनील सक्सेना की दुकान भी आग की चपेट में आ गई। देखते ही देखते दोनों दुकानें धू-धू कर जलने लगीं। मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग बेकाबू होती चली गई। पीड़ित अंशुल के पिता सुरेश चंद्र सक्सेना ने बताया कि इस आगजनी की घटना में हजारों रुपये की नकदी समेत कुल मिलाकर लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। इस हादसे से परिवार पूरी तरह टूट गया और आजीविका का मुख्य साधन भी नष्ट हो गया है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और विद्युत विभाग से हाईटेंशन लाइन के नीचे दुकानों की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाने के साथ ही पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।



शार्टसर्किट से जला सामान

# अपने पद का दुरुपयोग कर रहीं बीएलओ ग्राम प्रधान का सूची से काटा नाम

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीएलओ अपने कार्य को किस हद तक लापरवाही के चलते अंजाम देते हैं, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वर्तमान प्रधान का मतदाता सूची से नाम ही काट दिया। पीड़ित ग्राम प्रधान ने प्रकरण की जांच कराकर लापरवाह बीएलओ के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी को दिये गये प्रार्थना पत्र में ग्राम पंचायत बसेली ब्लाक बढ़पुर के ग्राम प्रधान पवन कुमार ने कहा है कि ग्राम निर्वाचक नामावली 2025 में क्षेत्रीय बी.एल.ओ. सुधा व सुपरवाइजर त्रिलोकीनाथ द्वारा अपने पद के दुरुपयोग कर पूर्व प्रधान से सांठगांठ कर प्रार्थी व उसके परिवार के चार अन्य सदस्य अनीता पत्नी मान सिंह, मुन्नालाल पुत्र अजय सिंह, अशोक पुत्र राम सिंह, अनीता पत्नी नरेंद्र के भी वोट मतदाता सूची से हटा दिये गये। प्रार्थी द्वारा इस बात की शिकायत बी.एल.ओ. सुधा व सुपरवाइजर त्रिलोकीनाथ से की गयी,तो दोनों लोग आगबबूला होकर बोले कि अगर तुम लोगों के वोट कट गये, तो इस पर हम लोग क्या करें। प्रार्थी द्वारा इस बात की शिकायत उच्च अधिकारियों से करने हेतु कहा गया, तो उपरोक्त लोगों द्वारा प्रार्थी को धमकी देकर कहा गया कि ज्यादा नेता बनोगे, तो सरकारी काम में बाधा डालने एवं अन्य झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल भिजवा देंगे। उक्त बी.एल.ओ. सुधा व सुपरवाइजर त्रिलोकीनाथ द्वारा पूर्व प्रधान जितेन्द्र कुमार की सह पर फर्जी वोट मतदाता सूची में शामिल किये जा रहे हैं। उपरोक्त प्रकरण की जांच कराकर उपरोक्त बी.एल.ओ. सुधा व सुपरवाइजर त्रिलोकीनाथ के खिलाफ कार्यवाही किया जाना आवश्यक है।



पीड़ित ग्राम प्रधान

# बाइक की टक्कर से तीन घायल, युवती का पैर टूटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ से महरूपुर की तरफ पैदल आ रही तीन युवतियों को मोटरसाईकिल चालकों ने टक्कर मार दी। जिससे एक युवती का पैर टूट गया। घायल बाइक चालकों को 108 एंबूलेंस से लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ अंतर्गत महरूपुर दुर्गा गेस्ट हॉउस के पास फतेहगढ़ की तरफ से पैदल आ रही तीन युवतियों को मोटरसाईकिल चालक दीपू ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से एक युवती का पैर टूट गया।

घटना के बाद बाइक सवार भी गिर गया। जिससे वह भी घायल हो गया। घटन के बाद काफी लोग मौके पर पहुंच गये। घटना की सूचना 108 एंबूलेंस को दी गयी। बाइक सवार युवकों को लोहिया हॉस्पिटल के ले गयी। मौजूद लोगों ने बताया की जिस लड़की का पैर टूटा था। उसको उसके साथ वाली युवतियां उठाकर उसको उसके घर ले गईं। मोटरसाईकिल चालक दीपू व रामलड़ैते निवासी लैन गाँव के बताये जा रहे हैं।

दोनों दारू पीकर मोटरसाईकिल से महरूपुर की तरफ से फतेहगढ़ की तरफ जा रहे थे।



घायल बाइक सवार को लेकर जाता एंबूलेंस ईएमटी चालक

# कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

- आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कराया गया भर्ती

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव कटरा निवासी वाहिद उम्र 35 वर्षीय पुत्र अकबर बाइक द्वारा कम्पिल गया था। वहाँ से वापस घर लौटते समय जैसे ही वह गाँव रायपुर थाना कायमगंज के निकट पहुँचा, तभी अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को कायमगंज समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया गया।

# लोगों को आकर्षित कर रहे मेला श्रीरामनगरिया में लगे झूले

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीते करीब तीन चार से दिनों से खिलकर निकल रही धूप के चलते लोग बरबस ही मेला श्री रामनगरिया में खिंचे चले आ रहे हैं। मेले की रौनक देखते ही बन रही है। मेले में मनोरंजन के साधन झूले लोगों को अपनी ओर काफी आकर्षित कर रहे हैं, क्योंकि इस बार कई प्रकार के झूले मेले में मौजूद हैं।

पांचाल घाट गंगा तट पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला श्रीरामनगरिया अपनी अनुपम छटा बिखेर रहा है। वहीं मनोरंजन के साधन भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। इनमें विशेषकर झूले हैं, जो इस बार बच्चों, युवकों व युवतियों के बीच विशेष आर्कषण का केंद्र बने हुए हैं। कई प्रकार के झूले झूलकर लोगों का मन प्रफुल्लित हो रहा है। यहां पर रामपुर से आए सर्कस के साथ-साथ नाव झूला, बड़ा झूला, छोटा झूला, मौत का कुआं और हथौड़ा जैसे लगभग 15 प्रकार के छोटे-बड़े झूले लगाए गए हैं। बच्चे इन झूलों और चरखी का आनंद ले रहे हैं। सर्दी के बावजूद चाट-पकौड़े की दुकानों पर भी अच्छी भीड़ देखी जा रही है। मेले में साफ्टी की आधा दर्जन से अधिक बड़ी दुकानें भी लगी हैं, जो खरीदारों को आकर्षित कर रही हैं।



मेले में लगे झूले

# पॉक्सो के मामले में आरोपी को सात वर्ष का कारावास

- 6500 रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश मेराज अहमद ने पॉक्सो के मामले में ऋषि कुमार पुत्र नाथूश्री उर्फ अजुद्द्धी निवासी बिरिया नजीरपुर थाना मल्लावा जनपद हरदोई को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात वर्ष का कारावास व 6500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। बीते नौ वर्षो पूर्व थाना राजेपुर क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरी 16 वर्षीय पुत्री 9 मई 2017 को प्रातः 9 बजे गांव के फूलचंद्र के यहां किसी काम से गई हुई थी। मेरी लड़की को फूलचंद्र, फूलचंद्र की पत्नी पिंकी अपने घर से कहीं भेज दिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर ऋषि कुमार के विरुद्ध न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश मेराज अहमद ने ऋषि को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात वर्ष का कारावास व 6500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।




जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

# ऊर्जा का संचार कर स्वामी विवेकानंद बने युवाओं के प्रेरणा श्रोत

**उद्यान वाटिका में युवा दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन**


स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते अतिथि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजसेवी संस्था अमर ज्योति सेवा संस्थान द्वारा स्वामी विवेकानंद उद्यान वाटिका में पांचाल घाट स्थित मेला श्रीराम नगरिया में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवा छात्र व छात्रायें बड़ी संख्या में मौजूद रही। विवेकानंद वाटिका में मंत्रोच्चार शंखनाद के साथ आचार्य पंडित अतुल अग्निहोत्री, दिव्यांशु अग्निहोत्री, रोहित त्रिवेदी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वरदास ब्रह्मचारी ने की। मुख्य अतिथि सुखराम पांडेय, विशिष्ट अतिथि विधायक सुशील शाक्य एवं ब्रह्मचेतन्य महाराज, योगेशानंद आदि ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राओं ने संगीतमय ढोलक, हरमोनियम पर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। एसबी पब्लिक स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज श्याम नगर, विद्यावती माध्यमिक विद्यालय मसेनी के छात्र-छात्रायें शामिल हुए।

छात्र-छात्राओं ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सुखराम पाण्डेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन पवित्र, चरित्र व युवाओं के लिए प्रेरणा श्रोत है। स्वामी के विचार युवाओं में नई ऊर्जा व स्फूर्ती का संचार करते है। सारे संसार में सवामी ने अपने विचारों से प्रभावित कर भारत माता को सर्वोच्च रुप में प्रतिष्ठित किया। विशिष्ठ अतिथि विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि चाहें संसारिक जगत हो, अथवा अध्यात्मि, स्वामी ने परतंत्रता का लय नई ऊर्जा व क्रांति का बीज बोया। ईश्वर दास ब्रह्मचारी ने कहा कि स्वामी गुरुतत्व के रुप में प्रतिष्ठित है। स्वामी सनातन धर्म के जीवंत स्वरुप थे। जिन्होंने सारे विश्व में अध्यात्मिक क्रांति लाकर नई ऊर्जा प्रवाहित की। संस्था के महासचिव प्रमोद तिवारी ने सभी आगंतुकों का सम्मान किया। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। इस अवसर पर अखिलेश दीक्षित, राकेश तिवारी, अनिल, त्रिपुरेश, विधुरेश्वर, नवल किशोर, आदेश तिवारी आदि लोग मौजूद रहे। सभी ने भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर निबंध व भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन


कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय युवा दिवस पर माय भारत के द्वारा जिला युवा अधिकारी शिखर रस्तोगी के नेतृत्व में निबंध और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कनोडिया बालिका इंटर कालेज में हुआ। सभी ने स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन और प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी मौजूद रहीं। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत और सम्मान राहुल वर्मा और आकाश ने किया। शिखर ने कहा आज के युवाओं में अपार संभावनाएं हैं, हमें उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन करने की आवश्यकता है। गुंजा जैन ने कहा युवाओं को समाज के लिए कुछ अच्छा करने के लिए प्रेरित करना हमारा कर्तव्य है। मैं इन बच्चों की प्रतिभा को देखकर बहुत प्रसन्न हूं। प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने कहा आज के बच्चे कल का भविष्य हैं, हमें उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर निर्णायक विजय लक्ष्मी स्मृति दुबे आदि मौजूद रहीं। राहुल वर्मा ने सभी का धन्यवाद किया। संचालन पूनम शुक्ला ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत से हुआ।

# भाकियू ने आशा बहुओं की मांगों का किया समर्थन


आशा बहुओ के साथ धरने पर बैठे भाकियू नेता

**कोविड काल में आशा बहुओं के कार्य का भुगतान किये जाने की उठायी मांग**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन के जिला अध्यक्ष अजय कटियार ने आशा बहुओं और कोविड कर्मचारियों के द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि आशा बहुओं के द्वारा किए जा रहे कार्य का पूरा भुगतान नहीं किया जा रहा है, सभी ब्लॉकों में स्वास्थ्य विभाग के वीसीपीएम घोर भ्रष्टाचार में लिप्त है, एक माह में लगभग 90 लाख का और पूरे वर्ष का जोड़े तो करोड़ों का भ्रष्टाचार होता है, जिले में स्वास्थ्य सेवाएं वेंटिलेटर पर है। आशा बहुओं के द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जबरन हटाने की कोशिश की जा रही हैं, यदि आशा बहुओं के द्वारा दिए जा रहे वाउचर के मद का रुपया उनको पूरा नहीं दिया जा रहा है तो ये रुपया जा कहा रहा है, इसकी उच्च स्तरीय जांच कमेटी बनाकर इसकी जांच की जाए और उन्होंने कहा कि कोविड कर्मचारियों का समायोजन किया जाना अति आवश्यक है। यदि जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी तत्काल इनका समायोजन करे, अन्यथा आशा बहुओं और कोविड कर्मचारियों के समर्थन में भारतीय किसान यूनियन टिकैत मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय का घेराव करेगी। इस अवसर पर अफरोज मंसूरी, छविनाथ शाक्य, कृष्ण गोपाल मिश्रा, अभय यादव, विजय शाक्य, अरविंद गंगवार, पुजारी कटियार, रामप्रकाश पाल, अनुज राजपूत, शिवराम शाक्य, संजय सिंह, नवनीत गंगवार, विकास यादव, राघवेंद्र सिंह, सुनील यादव, श्याम शाक्य, रविन्द्र शाक्य, अंकित राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर संकल्प दौड़ का हुआ आयोजन


स्वामी विवेकानंद के स्वरुप बने विद्यार्थी

**स्वामी का स्वरूप बनकर बच्चों ने दिया युवा एकता का संदेश**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति के तत्वावधान में स्वदेशी उपयोग के बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित स्वदेशी संकल्प दौड़ को जिला प्रचारक मानवेंद्र सिंह व प्रबंधक संजीव चौहान ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ सेनापति से होते हुए नाला मच्छरट्टा, लोहाई रोड, चौक होते हुए सेनापति तक हुई। जिसमें भैया बहनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया एवं भारत माता, स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ, विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के नारे लगाए गए एवं पट्टीकाओं पर नारे लगाते हुए दौड़ लगा रहे प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह व आचार्य बंधुओ ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। वक्ताओं ने अनुशासन संकल्प और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। स्वामी विवेकानंद जयंती पर युवा दिवस कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया। मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार कटियार व अध्यक्ष रामानंद पांडे व कार्यक्रम की भूमिका वीरेश परमार व प्रदीप सिंह ने किया। संचालन एवं आभार रजनीश ने प्रकट किया। व्यवस्था प्रमुख प्रदीप अवस्थी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं, इन्हें विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का दृढ़ संकल्प लेना चाहिए। कृष्ण कुमार कटियार ने बताया कि उठो जागो जब तक मत रुको जब तक अपने लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए। रामानंद पांडे ने बताया कि हमें स्वामी विवेकानंद के बताएं मार्ग पर चलने तथा राष्ट्र सेवा का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर आर्तिका शुक्ला, रश्मि परिहार, पूनम शुक्ला, सीमा मिश्रा, सरला कश्यप, लक्ष्मी शुक्ला, प्रदीप शर्मा, शिवमोहन मिश्र, रामजी, अनिरुद्ध प्रताप सिंह, आलोक सिंह, बृजपाल सिंह, गोविन्द प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता में छात्रा मानवी ने पाया तीसरा स्थान



छात्रा को सम्मानित करते अतिथि

**सीपी इंटरनेशनल स्कूल के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीपी इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 9 की मेधावी छात्रा मानवी कटियार ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय, माता-पिता एवं जनपद का नाम गौरव से ऊंचा किया है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मुख्य अतिथि द्वारा छात्रा को 2000 की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। निदेशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने कहा कि मानवी की यह उपलब्धि उसकी लगन, परिश्रम एवं वैज्ञानिक सोच का परिणाम है। उपनिदेशक अंजू राजे ने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जाते हैं और मानवी की सफलता उसी का सशक्त प्रमाण है। मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योत्सना अग्रवाल ने कहा कि आज की छात्रा आने वाले कल की वैज्ञानिक और राष्ट्र निर्माता है। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने कहा कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन जैसी प्रतियोगिताएँ छात्रों की वैज्ञानिक प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम हैं।


परीक्षा देते विद्यार्थी

# प्री-बोर्ड परीक्षा क्रिश्चियन इंटर कालेज में कैमरे की निगरानी में आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शासनादेश के अनुसार हाईस्कूल तथा इंटर मीडिएट की प्री-बोर्ड परीक्षायें चल रही है, जो ६ जनवरी से २१ जनवरी तक सम्पन्न होगी। प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में क्रिश्चियन इंटर कालेज में प्रधानाचार्य अमित सिंह की देखरेख में हाईस्कूल व इंटर मीडिएट की प्री-बोर्ड परीक्षा सम्पन्न हुई। नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए गेट पर संघन तलाशी के बाद विद्यालय में प्रवेश व सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा हुई। जिसमें कक्षा 10 में 140 बच्चों ने परीक्षा दी और 10 बच्चे अनुपस्थित रहे। वहीं कक्षा 12 में 158 बच्चों ने परीक्षा दी और 12 बच्चे अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित बच्चों से अनुपस्थित होने का स्पष्टीकरण मांगा जायेगा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक परीक्षा सम्पन्न कराने में अहम भूमिका निभा रहे है।

# अन्तर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संगठन ने मनायी विवेकानंद की जयंती


विवेकानंद जयंती मनाते संगठन के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष पर स्वामी विवेकानंद की जयंती देव नदी मां गंगा के पावन तट पर अंतरराष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण के तत्वाधान में कैंप कार्यालय में मनाई गई। सभी संगठन के पदाधिकारी के साथ गणमान्य लोगों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर मालार्पण कर पुष्प अर्पित किए। सभी ने संकल्प लिया हमें अपने देश के लिए मातृभूमि के लिए सर्वत्र तैयार रहना चाहिए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने कहा हमें सच्चाई के पथ पर चलते हुए स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। प्रदेश महासचिव नारायण दत्त द्विवेदी ने कहा आज राष्ट्रीय युवा दिवस भी है हमें संकल्प लेना चाहिए अपने देश का नाम हम सबको स्वामी की तरह ही संकल्प लेकर करना चाहिए। स्वामी ने अपने देश का नाम विदेश तक में रोशन किया था। युवा देश का भविष्य तय करते हैं उन्हें अपने जीवन में अपने सिद्धांतों में स्वामी के आदर्शों को अपनाना चाहिए। प्रीति तिवारी ने अपनी चार पत्तियों से स्वामी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बबिता ने कहां हमें स्वामी के विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में जादूगर गोगा, आचार्य विवेकानंद पाठक, अनिल तिवारी, रामवीर चौहान, शिवम दुबे, सुनीता अग्निहोत्री, मंजू तोमर, डॉ0 निधि मिश्रा, अर्चना द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे।

# आयुष्मान कार्ड बनाने में सक्रियता न दिखाने पर डीएम ने जतायी नाराजगी


डीएम को विवेकानंद की पुस्तक भेंट करते सीडीओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एनकार्ड की बैठक आयोजित हुई। आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद के पास के जिलों में अफीम की खेती की जाती है, किंतु जनपद में नहीं।

डीएम ने उपस्थित जनों को नशा मुक्त रहने, कभी नशा न करने व युवा पीढ़ी को नशा ना करने देने हेतु प्रेरित करने की शपथ दिलाई। एक अन्य बैठक में जिलाधिकारी ने पात्र व्यक्तियों को ही आवास देने के लिए कहा और इसमें कोई भी त्रुटि न हो इसके लिए विशेष ध्यान देने के लिए कहा, ताकि भविष्य में कोई समस्या ना उत्पन्न हो। 27200 व्यक्ति सर्वे में पात्र पाए गए 12200 व्यक्ति स्वयं घोषित पात्र हैं। मुख्यमंत्री आवास हेतु 147 पात्रों का चयन किया जा चुका है। बताया कि पोर्टल पर 69 आईडी है, परंतु यह सभी आयुष्मान कार्ड बनाने में सक्रिय नहीं है, इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। आठ गांव पर एक एएनएम नियुक्त होती है, आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु नियुक्त स्वास्थ्य कर्मी की जिम्मेदारी निर्धारित करें, आशा एनएम सीएचओ संगिनी आदि लगभग 500 कर्मी आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु नियुक्त होने के बावजूद भी अपेक्षित संख्या में आयुष्मान कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं। 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति स्वयं ऑनलाइन अपना आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। बहुत से गरीब लोग गरीबी के कारण अपने मां-बाप को उनकी बीमारी के कारण छोड़ देते हैं, आयुष्मान कार्ड बनाने से यह समस्या समाप्त हो जाएगी, चूकि समस्या समाप्त नहीं हो रही है, इसलिए कल से सीएमओ-एसीएमओ अपने संबंधित स्टाफ के साथ डीएम के समक्ष बैठक में उपस्थित रहेंगे और सुधार की प्रतिदिन जानकारी देंगे व समीक्षा करेंगे। स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। डीएम ने कहा कि स्वामी विवेकानंद हमारे प्रेरणा स्रोत हैं। हमारी संस्कृति विलक्षण है, हमने कभी किसी को नहीं लूटा। वसुधैव कुटुंबकम हमारी संस्कृति है। विवेकानंद ने कहा भारतीयों जागो, स्वयं की प्रतिभा को जानो, जहां नारी का सम्मान होता है वहां सभ्यता प्रगति करती है उक्त विचार जिलाधिकारी ने व्यक्त किए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने जिला अधिकारी को विवेकानंद की एक पुस्तक भेंट की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी तथा अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधानों तथा पंचायत सचिव को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

- निकाली गई जागरूकता रैली, ग्राम सड़क सुरक्षा समिति का गठन करें
- ट्रैक्टर-ट्रालियों में रिफ्लेक्टिव टेप लगवायें


प्रधानों व सचिवों को जागरुक करते अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत एवं खण्ड विकासं अधिकारी त्रिलोक चन्द्र शर्मा द्वारा ब्लॉक मोहम्मदाबाद में ग्राम प्रधानों तथा पंचायत सचिव को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

बैठक में 71 ग्राम प्रधानों तथा पंचायत सचिव ने प्रतिभाग किया। शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह का आयोजन 1 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बताया कि यातायात पुलिस से प्राप्त सूचना के अनुसार माह दिसम्बर 2025 तक जनपद में 490 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई हैं जिनमें 284 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जबकि दिसम्बर 2024 तक जनपद में 390 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई थीं, जिनमें 213 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। इस प्रकार वर्ष 2025 में दुर्घटनाओं की संख्या में 25.64 प्रतिशत तथा मृतकों की संख्या में 33.33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जनपद में 19 दिसम्बर से 17 जनवरी तक नो हेल्मेट नो पेट्रोल का अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम प्रधान अपने ग्राम में सड़क सुरक्षा की बैठक करे। सभी ग्रामीणों प्रेरित करें कि किसी भी स्थिति में यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग ना करें, वाहन के प्रपत्र पूर्ण रखें, नशे की स्थिति में वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, अपनी गति को नियंत्रण में रखें तथा यातायात नियमों का पालन करें। ग्राम प्रधान ट्रैक्टर-ट्राली में रिफ्लेक्टर अवश्य लगवायें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। एआरटीओ ने राह-वीर योजना की जानकारी दी। सभी को सड़क सुरक्षा जागरुकता की शपथ दिलायी गई।

# कांग्रेसियों ने केक काटकर मनाया प्रियंका गांधी का जन्मदिन



सांसद प्रियंका गांधी का जन्मदिन मनाते कांग्रेसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा ने अपनी कमेटी के पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रीय महासचिव सांसद प्रियंका गांधी का जन्मदिन केक काटकर मनाया। शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा ने अपने निवास नाला सुम्तिसुमाल पर जिला उपाध्यक्ष राकेश सारस्वत के साथ प्रियंका गांधी के जन्मदिन पर केक काटा और उनके बताये गये सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। आगामी 100 दिन कार्यक्रम के बारे में विशेष रुप से मनरेगा बचाओ संग्तम कार्यक्रम में भाजपा सरकार का विरोध प्रदर्शित किया। 100 दिन के कार्यक्रम की जारी प्रेस विज्ञप्ति को पढ़कर सुनाया। इस अवसर पर अशोक राठौर, अमर मिश्रा, जायदा परवीन, अतीक सलमानी, महफूज आलम, रोहित वर्मा, संजय दिवाकर, संजीव दिवाकर, रिषव मिश्रा, अमन वर्मा, सीटू गुप्ता, सोनू तिवारी, अमन चौहान आदि लोग मौजूद रहे। वहीं शुभम तिवारी के नेतृत्व में त्रिपुलिया चौक पर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी का जन्मदिन मनाया गया। पीसीसी सदस्य शुभम तिवारी ने चौक पर मजदूरों के साथ चाय नास्ता आदि वितरित कर प्रियंका गांधी का जन्मदिन मनाया। वर्तमान में मनरेगा में हो रही सरकारी मनमानी का विरोध किया। उन्होंने कहा कि गरीब, असहाय मजदूरों के साथ प्रियंका गांधी एवं राहुल गांधी खड़े है। उनके हितों की लड़ाई लड़ेंगे। मनरेगा योजना में किये गये बदलाव का विरोध किया।

इस मौके पर मेराजुद्दीन, प्रभात यादव, अर्चित कश्यप, इमरान अंसारी, मोहित शुक्ला, विकास अग्निहोत्री, गौरव मिश्रा, विपिन प्रजापति, रिषव अग्निहोत्री, बिरजू, दिलीप यादव, कृतार्थ तिवारी, शिवम शर्मा, अनुभव यादव, तनुज गुप्ता, शिव कुमार, सुमित कुमार, अतुल अग्निहोत्री, सनी अग्निहोत्री, हिमांशु यादव, अनिल, बॉबी यादव, तेजस तिवारी, किशन कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# आत्मा की पवित्रता विद्या और तप से होतीः चन्द्रदेव शास्त्री



प्रवचन करते आचार्य चंद्रदेव शास्त्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीराम नगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में प्रात :काल यज्ञ किया गया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने कहा कि शरीर की पवित्रता जल से होती है, मन की पवित्रता सत्य से होती है, बुद्धि की शुद्धि ज्ञान से होती है और आत्मा की पवित्रता विद्या और तप से होती है। यदि शरीर पर ध्यान दिया तो स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा, महाकवि कालिदास ने लिखा है कि शरीरमाद्यं खलु धर्म साधनं अर्थात शरीर ही धर्म का पहला और उत्तम साधन है व शरीर ही धर्म को जानने का पहला साधन है। ईश्वर ने हमें साध्य की सिद्धि के लिए शरीर को साधन के रूप में दिया है। इसलिए शरीर रूपी साधन को स्वस्थ रखने के लिए मनुष्य को पुरुषार्थी होना चाहिए। मन की पवित्रता सत्याचरण से होती है। सत्य बोलने से आत्मा का बल बढ़ता है। सत्यवादी व्यक्ति का विश्वास शत्रु भी करते हैं, जबकि असत्यवादी व्यक्ति का विश्वास अपने भी नहीं करते। बुद्धि की पवित्रता ज्ञान से होती है, बुद्धि की शुद्धि से ही ईश्वर की सिद्धि सम्भव है। इस धरती पर जितने प्राणी हैं उन सभी प्राणियों में शारीरिक रूप से मनुष्य सबसे कमजोर प्राणी है, इसके पश्चात भी बुद्धि के बल पर मनुष्य ने सारी दुनियां को वश में कर रखा है। आत्मा की उन्नति विद्या एवं तप से होती है। तप के द्वारा विद्या अर्जन करना ही आत्मोन्नति है। कु0 उदिता आर्या ने प्रभु प्यारे से जिसका सम्बन्ध है, उसे हरदम आनंद ही आनंद है, भजन सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। पण्डित शिवनारायन आर्य ने भक्ति में मन, परहित में तन जब तेरा हो जाएगा, तब तुझे खुद ही के अंदर परमात्मा मिल जाएगा। भजन के द्वारा सभी को भक्ति और आनंद से सराबोर कर दिया। सभा में उत्कर्ष आर्य, मंगलम आर्य, डॉ0 सत्यम आर्य, उदयराज आर्य, संदीप आर्य, हरिओम शास्त्री, शिशुपाल आर्य, अजीत आर्य, उपासना कटियार आदि उपस्थित रहे।

# आलू आढ़ती एसो. के अध्यक्ष हो सकते हैं शैलेन्द्र यादव


बैठक में मौजूद आढ़ती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को आलू मण्डी सातनपुर में सचिन तिवारी अमृतपुर वाले की आढ़त पर आढ़तियों की बैठक सम्पन्न हुई। आलू कारोबार से संबंधित समस्याओं पर विचार रखे गए। सचिन उर्फ संजू तिवारी ने बताया कि आढ़ती एसोसिएशन का गठन हो तब तक सुधीर वर्मा रिंकू और शैलेन्द्र यादव व्यवस्था देखेंगे, तभी बीच में किसी ने अचानक शैलेन्द्र यादव को अध्यक्ष पद के लिए कहा और माला मिठाई का खेल शुरू हो गया।

इसी बीच बहुत से लोगों ने कहा कि प्री प्लानिंग के तहत अचानक पचास साठ लोगों बुलाकर यह नहीं होना चाहिए, मंडी के सभी लगभग 700 आढ़तियों सूचित करके कमेटी गठित की जाए। बैठक में अचानक शैलेन्द्र यादव का नाम प्रस्तावित होने से एसोसिएशन के पदाधिकारी भड़क गये। सर्वसम्मति से

निर्णय लिया गया कि आलू कारोबार संबंधित समस्याओं का निराकरण जो करें, वही अध्यक्ष बने। पिछले काफी वर्षों से सुधीर वर्मा रिन्कू अध्यक्ष है। इससे पूर्व अजय गंगवार सन्नू अध्यक्ष थे। उनके निष्क्रिय होने पर सुधीर वर्मा अध्यक्ष बने थे, अब आढ़तियों की समस्या देखने वाला कोई नहीं है, जिस कारण नये अध्यक्ष बनाने का नाम आया है। आगे की रणनीति में नये अध्यक्ष बनाने की बात तय की जायेगी।

# विकसित भारत जी राम जी अधिनियम में 125 दिनों की रोजगार की गारंटी : रामकेश

- रोजगार न मिलने पर ग्रामीणों को मिलेगा भत्ता
- सात दिनों के अंदर काम का भुगतान न होने पर व्याज सहित होगा भुगतान

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**




विकसित भारत जी राम ज़ी अधिनियम को लेकर भाजपा व उसके सहयोगी दलों की भाजपा कार्यालय में एक प्रेस वार्ता जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें विकसित भारत - गारंटी फार रोजगार एवं अजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 की जानकारी दी गई स जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी का उद्देश्य ग्रामीण रोजगार को केवल कल्याण योजना के रूप में नहीं वल्कि विकास से जुड़ी गारंटी के रूप में स्थापित करना है स ताकि यह विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनरुप हो स यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार को आधुनिक बनाने का लक्ष्य रखता है और मनरेगा की पुरानी कमजोरियों को दूर करने के लिए तकनीक पर आधारित पारदर्शिता, मजबूत जवाबदेही और स्थाई संसाधनों व दीर्घकालीन ग्रामीण उत्पादन पर विशेष ध्यान देने की व्यवस्था करता है स उन्होंने बताया कि ग्रामीण परिवार को मिलने वाली निश्चित रोजगार 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है और 185 दिनों की गारंटी देता है स इस अधिनियम में किसानों के हितों की सुरक्षा की गई है जिसमें फसल बोने और काटने के प्रमुख मौसमों के दौरान अन्य विकसित भारत - जी - राम - जी के कार्यों को कानूनी रूप से रोका जायेगा स उन्होंने कहा कि यह अधिनियम 60 दिन अतिरिक्त मजदूरी पाने की गारंटी देता है साथ ही यह भी गारंटी है कि यदि किसी ग्रामीण को काम की माँग के 15 दिन के अंदर रोजगार नहीं मिलता तो भत्ता दिया जायेगा स इसी प्रकार जहाँ भुगतान के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता था वहीं इस अधिनियम में मांगे गए काम के 7 दिनों के अंदर यदि कोई भुगतान नहीं मिलता तो व्याज सहित भुगतान किया जायेगा स प्रेसवार्ता में भाजपा के सहयोगी दलों में सोहेल देव पार्टी से बुंदेलखंड अध्यक्ष बलवंत सिंह खेंगर व जिलाध्यक्ष कमलेश चौरसिया, लोकदल पार्टी से जिला प्रभारी नईम नेता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह, राष्ट्रीय परिषद सदस्य संतोष गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी उत्तम सक्सेना मौजूद रहे।

## डीएम ने किया सम्भावित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी जे. रीभा ने आगामी नीट की परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सम्भावित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सम्भावित परीक्षा केन्द्रों क्रमशः डीएवी इण्टर कॉलेज, आदर्श बजरंग इण्टर कॉलेज, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज का निरीक्षण करते हुए परीक्षा केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरा, स्ट्रांग रूम, शौचालय, फर्नीचर, प्रकाश की व्यवस्था आदि का गहनता से निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्यो एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि नीट की परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित की जायें। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक मायाशंकर, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, जिला विद्यालय निरीक्षक दिनेश कुमार सहित सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# विद्यार्थी परिषद ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस जनपद में 33 कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

- प्रांत उपाध्यक्ष समेत सभी प्रमुख पदाधिकारियों ने रखा विभिन्न कार्यक्रमों में विचार

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बांदा जिले के कार्यकर्ताओं द्वारा जनपद के विभिन्न परिसरों में अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम संपन्न हुए,जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष डॉ पवन कश्यप ने महर्षि विद्यापीठ कन्या इंटर कॉलेज बबेरू में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के प्रेरणा स्रोत है,स्वामी जी का संपूर्ण जीवन भारत की अखंडता के साथ साथ विश्व बंधुत्व की भावना को आगे बढ़ाना रहा है। आज का युवा आत्मविश्वास प्रगतिशील सोच व राष्ट्र निर्माण के भाव से समाज के लिए कार्य करें तथा समाज में करुणामई भाव से जनहित के लिए सेवा कार्य में संलग्न हो।

इसी क्रम में अतर्रा नगर में प्रांत उपाध्यक्ष डा. अजय आर्या, डा.वीरेंद्र दीक्षित, फतेहगंज में संकल्प चतुर्वेदी, धनंजय गुप्ता, बदौसा में स्नेहा नामदेव और दिलीप नरैनी में प्रांत सह संयोजक सुभाष त्रिपाठी, जसपुरा में योगेश चंदेल, पैलानी में जिला संयोजक गोविंद तिवारी, बिसंडा में जिला सहसंयोजक कार्तिकेय गुप्ता, बांदा नगर में नवीन पांडे, श्लोक द्विवेदी विभाग सह प्रमुख डा.अशोक परिहार, मानसी धुरिया, रमेंद्र शर्मा बांदा कृषि विश्वविद्यालय में पीयूष सिंह, ने संबोधित किया। उक्त कार्यक्रमों में वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद का युवाओं का संदेश, विकसित भारत में युवाओं की भूमिका, युवा संवाद, युवोत्सव, विद्यार्थी संवाद, संगोष्ठी, खेल प्रतियोगिता, माल्यार्पण, पुष्पांजलि, अन्य कई माध्यमों से विवेकानंद जी का विचार विद्यार्थियों को प्रेषित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### बीडीओ की सरकारी गाड़ी से बाइक सवार घायल, पीड़ित ने थाने में दी तहरीर



**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।** लखीमपुर खीरी के नकहा थाना क्षेत्र के अशोगापुर के पास खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) नकहा की सरकारी गाड़ी की टक्कर से एक बाइक सवार युवक घायल हो गया। हादसे के बाद पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शिवम अवस्थी पुत्र मुरारी, शंकरपुर के पास स्थित एक नेपाली होटल में कार्य करता है। वह बाइक से लखीमपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान अशोगापुर के पास बीडीओ नकहा संगीता यादव की सरकारी गाड़ी, जिसे चालक चला रहा था और जो विकासखंड नकहा की ओर जा रही थी, से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर के कारण शिवम सड़क पर गिरकर घायल हो गया। आरोप है कि हादसे के बाद सरकारी गाड़ी आगे निकल गई। आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नकहा पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज कराया गया। पीड़ित का कहना है कि वह घटना के बाद विकासखंड कार्यालय भी गया था, लेकिन वहां उसे डरा-धमकाकर भगा दिया गया। मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए खंड विकास अधिकारी नकहा संगीता यादव ने बताया कि दुर्घटना के समय वह गाड़ी में मौजूद थीं और वाहन चालक गाड़ी चला रहा था। उन्होंने कहा कि दुर्घटना हुई है, लेकिन इसमें सामने वाले पक्ष की भी गलती हो सकती है। जांच के बाद सभी तथ्य सामने आएंगे। वहीं थाना खीरी के थाना अध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि पीड़ित की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। घायल का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है और जांच के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### शान्ति यज्ञ व विशाल भण्डारे की तैयारी शुरू



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** जनपद के श्री महंत सुमिरन दास के गुरूभाई श्री महंत फूलदास का सत्यलोकवास अगहन कृष्ण द्वादशी, रविवार, 16 नवम्बर 2025 को हो गया था। दिवगंत आत्मिक शान्ति हेतु चलावा चौक आरती का कार्यक्रम निम्न तिथियों में निश्चित हुआ। आरती का कार्यक्रम ज्येष्ठ कृष्ण परमा शनिवार 2 मई 2026 को दिन में 12 बजे से है। उत्तराधिकारी महन्त श्री रामजी दास गुरू आनन्ददास ग्राम-लखावती, हाल निवास- जानकीकुण्ड, चित्रकूट एवं समस्त कबीर पंथ एवं साधु संतो की उपस्थिति में आयोजन किया जा रहा है। चलावा चौका आरती का कार्यक्रम साहेब सद्गुरु कबीर आश्रम महंत देवीदास बाबा हूँडी कुटी आश्रम, हमीरपुर के द्वारा सम्पन्न होगा । मानवेन्द्र शास्त्री कबीर मठ ने जानकारी देते हुए बताया कि सदगुरू कबीर साहिब महंत देवीदास आश्रम संत कुटी डेरा में विशाल भण्डारे का आयोजन होना है साथ की शंकर जी का मंदिर निर्माण कार्य होना है मंदिर क्षेत्र में डुंडी, कुटी, गढ़ा, कैथी आमरा बरेहटा आदि गावों के लोगों का भंडारे में स्वागत है। बताया कि इस संतसंगमयी बेला पर पधारकर श्री सदगुरू अमृत वाणी का लाभ लेते हुये दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजली देकर कार्यक्रम को सफल बनाये ।

### यूनाइटेड टीचर्स एसोसियेशन की इकाइयों का गठन



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** यूनाइटेड टीचर्स एसोसियेशन (यूटा), की जिला बांदा और ब्लॉक इकाइयों का पुनर्गठन जिला संरक्षण रामहदय यादव के संरक्षण में जिला संयोजक कुलदीप क्रांतिकारी के द्वारा किया गया। जिसमें निरंजन चक्रवर्ती जिलाध्यक्ष, डॉ अश्वनी यादव जिला महामंत्री, अकरम खां वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुरेन्द्र परिहार, श्याम बाबू एवं कालीचरण प्रजापति उपाध्यक्ष, शिवचरण कुशवाहा संयुक्त मंत्री, कंचन मौर्या संगठन मंत्री, केशना पाल, आशा कुटार एवं रामप्रकाश यादव प्रवक्ता, जुल्फिकार अहमद प्रचार मंत्री, अवनीश प्रजापति लेखाकार, नसीम अंसारी आडिटर पद पर निर्वाचित हुए। ब्लाक कार्यकारणी में बडोखर खुर्द ब्लॉक में श्रीपाल प्रजापति अध्यक्ष, राजेन्द्र साहू मंत्री , बिसंडा ब्लॉक में ब्रजेश यादव अध्यक्ष, उदयभान प्रजापति मंत्री, बबेरू ब्लॉक में इच्छाराम अध्यक्ष, जयकरन सिंह मंत्री, जसपुरा ब्लॉक में लक्ष्मीचंद्र निषाद अध्यक्ष, तेज बहादुर मंत्री, कमासिन ब्लॉक में शिवमंगल यादव अध्यक्ष, जितेन्द्र कुमार मंत्री, महुआ ब्लॉक में ओम प्रकाश प्रजापति अध्यक्ष, सुयोधन यादव मंत्री, नरैनी ब्लॉक में सुरेन्द्र वीर सिंह अध्यक्ष, रईस रजा मंत्री, तिंदवारी ब्लॉक में हरिश्चन्द्र प्रजापति अध्यक्ष, राजेश पाल मंत्री पद पर निर्वाचित हुए।

# उत्कृष्ट सेवा सम्मान से पुलिस प्रशासन को किया सम्मानित

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

बांदा उद्योग व्यापार मंडल बांदा द्वारा नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधियों पर तुरंत कार्रवाई हेतु समर्पित पुलिस प्रशासन का एक सम्मान समारोह कार्यक्रम स्थानीय सारंग होटल मे सम्पन्न हुआ।

विगत दिनों पूर्व शहर के नजर बाग (व्यापारिक क्षेत्र) में हुई चोरी को मात्र तीन दिन में बरामद सामान एवं चोरों सहित अनावरण करने का कार्य जिन पुलिस कर्मियों ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए निभाया उन सभी को इस सम्मान समारोह मेंष्उत्कृष्ट सेवा सम्मानष् से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी,उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संरक्षक संतोष कुमार गुप्ता बांदा उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संतोष अनशनकारी, महामंत्री संजीव सेठ,कोषाध्यक्ष महेश गुप्ता,उपाध्यक्ष अंकित साहू, पूर्व अध्यक्ष नपा राजकुमार गुप्ता राज,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासू, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना गुप्ता,ब्लाक



- त्वरित कार्यवाही पर व्यापार मंडल ने किया सम्मानित

प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू ,व्यापारी नेता मनोज जैन, अध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र अशोक कुमार गुप्ता, व्यापारी संत कुमार गुप्ता, सुनील सक्सेना उपाध्यक्ष भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, संजय जैन सहित सैकड़ो की संख्या में मौजूद व्यापारियों ने पूरी पुलिस टीम को सफल अनावरण की सम्मानित कर बधाई दी। पलाश बंसल पुलिस अधीक्षक बांदा के निर्देशन में, श्री शिवराज अपर पुलिस अधीक्षक बांदा, सुश्री मेविस टॉक सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में अपराध और अपराधी पर लगाम लगाने वाली टीम का हुआ सम्मान। बलराम सिंह प्र.निरी. कोतवाली नगर, आनंद कुमार प्रभारी एसओजी, बुद्धी सागर चौकी प्रभारी मर्दन नाकाउ.नि. इबरार सिद्दकी. उ.नि. जगदीश प्रसाद तिवारी, हे.कां. संदीप कुमार एसओजी, कां. गोविन्द यादव थाना कोतवाली नगर, कां. कमल सिंह सेंगर एसओजी, कां. अमित कुशवाहा एसओजी, कां. ऋषभ कुमार एसओजी, कां. सत्यम गुर्जर थाना कोतवाली नगर कां. कृष्णकांत सिंह थाना कोतवाली नगर कां. महेन्द्र सिंह थाना कोतवाली नगर, श्री विजय सिंह कुशवाहा इंस्पेक्टर क्राइम कोतवाली नगर , सुरेश चंद्र नगायच प्रभारी एलआईयू बांदा, सब इंस्पेक्टर मो. इबरार सिद्दीकी, सब इंस्पेक्टर जगदीश तिवारी,कांस्टेबल गोविंद, कॉन्स्टेबल अखिलेश, कांस्टेबल हरपाल, हेड कांस्टेबल अश्वनी प्रताप, हेड कांस्टेबल आशीष शर्मा, कांस्टेबल प्रतीक, कांस्टेबल मनीष मिश्रा, कांस्टेबल अमित त्रिपाठी, आदि को मुख्य अतिथि प्रकाश द्विवेदी सदर विधायक एवं बांदा उद्योग व्यापार मंडल बांदा के पदाधिकारी एवं अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया।

# जननी सुरक्षा योजना से मातृ स्वास्थ्य को मिली मजबूती व संस्थागत प्रसव को मिला बढ़ावा

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में बांदा जिले में जननी सुरक्षा योजना ने मंत्र एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित इस योजना के प्रति लोगों का विश्वास बड़ा है और अब लोग संस्थागत प्रसव करना पसंद कर रहे हैं। जहां पहले लोग घरों में अशिक्षित हाथों में पुरुषों की जिम्मेदारी देते थे और इससे जच्चा बच्चा की मौत हो जाती थी तो वही सरकार की इस पहलवान लगातार प्रयासों के चलते अब लोग संस्थागत परसों पर विश्वास करने लगे हैं और सरकारी अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। जिसके परिणाम स्वरूप अब बांदा में मातृ मृत्यु दर में कमी देखने को मिल रही है। संस्थागत प्रसव के मामले में बांदा ने एक नया कीर्तिमान हासिल किया है और एसआरएस के आंकड़े के मुताबिक लाख डिलीवरी में 99 महिलाओं की ही मौत होती है। और प्रदेश में बांदा का संस्थागत प्रसव के मामले में छठवां स्थान है। जहां पिछले 9 महीने में 24615 संस्थागत प्रसव हुए हैं। वहीं 17161 प्रसुताओं को प्रसूताओं को




- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत बांदा में 9 महीने में 24615 कराए गए सुरक्षित संस्थागत प्रसव

मिलने वाले पैसे का भुगतान भी कर दिया गया है। वहीं सरकार के लगातार प्रयासों के जरिए अब लोग संस्थागत प्रसव के महत्व को समझने लगे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर विजेंद्र सिंह ने बताया कि जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत हमारे जिले में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने का लगातार काम किया जा रहा है। और लोगों को जागरूक किया जा रहा है व लोग जागरुक भी हो रहे हैं। और अब लगभग सभी लोग सरकारी अस्पतालों में ही जाकर डिलीवरी कराना पसंद कर रहे हैं। और इस वितीय वर्ष का 30,007 संस्थागत प्रसव का हमको लक्ष्य था। जिसके सापेक्ष अब तक 70 प्रतिशत टारगेट पूरा कर लिया गया है। और उम्मीद है कि मार्च तक हम लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे इन्होंने बताया कि बांदा में मातृ मृत्यु दर न के बराबर है। और एसआरएस के आंकड़े के मुताबिक एक लाख महिलाओं में 99 महिलाओं की ही मौत हुई है जो जनपद के लिए अच्छी बात है। साथ ही इन्होंने बताया की सरकारी अस्पतालों में संस्थागत प्रसव की पूरी व्यवस्थाएं हैं और यहां पर खाने-पीने व रुकने की पूरी व्यवस्थाएं हैं। साथ ही जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को 1400 रुपए व शहरी क्षेत्र की महिलाओं को 1000 रुपए भी दिए जाते हैं। और जहां पहले अशिक्षित हाथों में प्रसव की जिम्मेदारी होती थी। वहीं अब लोग जागरूक हुए हैं और सरकारी अस्पतालों में जाकर प्रसव कराना पसंद कर रहे हैं। इन्होंने बताया कि संस्थागत प्रसव के मामले में बांदा जिले का प्रदेश में छठवां स्थान है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, परिवार में कोहराम

**बाँकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना मैलानी क्षेत्र के अंतर्गत बांकेगंज-कुकरा मार्ग पर रविवार शाम एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। अज्ञात वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक ने अस्पताल पहुँचने से पहले ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान ग्राम खंजनपुर निवासी अजय पाल यादव के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना रविवार शाम करीब 6ः00 बजे की है। अजय पाल यादव अपनी बाइक से कुकरा-बांकेगंज मार्ग होकर अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह लोहियापुल से कुछ दूरी पर पहुँचे, सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। हादसा इतना भीषण था कि अजय पाल की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की



सूचना पर तत्काल पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुँची। घायल को आनन-फानन में बांकेगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अजय पाल यादव की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सीएचसी पहुँचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मैलानी पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

# कोतवाली तिकुनियां क्षेत्र में लाखों की चोरी, घर का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी ले उड़े चोर

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली तिकुनियां क्षेत्र के अंतर्गत बेलरायां चौकी क्षेत्र के भूलनपुर गांव में रविवार रात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर का ताला तोड़कर कमरे में रखी अलमारी व बक्सों को खंगालते हुए सोने-चांदी के जेवरात, नकदी सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर लिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, भूलनपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार पुत्र सूरत बहादुर अपने परिवार सहित पुराने घर में चले गए थे और नया घर बंद था। प्रदीप कुमार चीनी मिल में 6 से 2 बजे की ड्यूटी पर गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके घर का मुख्य गेट तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर अलमारी और बक्सों को निशाना बनाया।



चोरी गए सामान में एक जोड़ी सोने की टप्स, एक जोड़ी सोने के कुंडल, तीन जोड़ी चांदी की पायल, पांच जोड़ी बिछिया, दो जोड़ी सोने की माला, एक बैटरी, लगभग 7 हजार रुपये नकद तथा एक बैग शामिल है। बैग में आधार कार्ड, स्कूल की सभी मार्कशीट और अन्य महत्वपूर्ण कागजात रखे हुए थे, जिन्हें चोर अपने साथ ले गए।

पीड़ित प्रदीप कुमार ने बताया कि जब वह रात करीब दो बजे ड्यूटी से लौटे तो घर का गेट टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो कमरे का ताला भी टूटा था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी व बक्सों के ताले तोड़कर चोर सारा कीमती सामान उठा ले गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने कोतवाली तिकुनियां में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर दहशत का माहौल है और उन्होंने पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## 'नगर पालिका आपके द्वार' अभियान में उमड़ा जनसैलाब, 497 लोगों ने कराया पंजीकरण

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।** गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी) में नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित 'नगर पालिका आपके द्वार' अभियान के तहत सोमवार को लखीमपुर रोड स्थित पब्लिक इंटर कॉलेज में पांचवां शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वार्ड 05, 12, 17 व 25 के 497 नागरिकों ने विभिन्न जनसेवाओं के लिए पंजीकरण कराया। शिविर में वृद्धावस्था पेंशन के 54, राशनकार्ड के 218, नगर पालिका सेवाओं के 68, विधवा पेंशन के 17, दिव्यांग पेंशन के 4 तथा विद्युत विभाग से जुड़े 8 मामलों का निस्तारण किया गया। साथ ही 123 नए मतदाता पंजीकरण फॉर्म वितरित किए गए। नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने जनता को शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। अगला शिविर 13 जनवरी को फूलबाबा आश्रम में आयोजित होगा।

# एसएसबी द्वारा जरूरतमंद किसानों को किया गया बीज वितरण

**पलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

39वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के कमांडेंट आर. के. राजेश्वरी के दिशा-निर्देशों के क्रम में द्वितीय कमान माधव चंद्रा घोष के नेतृत्व में जिला लखीमपुर खीरी की पलिया तहसील क्षेत्र अंतर्गत चंदन चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम मसान खम्भ में जरूरतमंद किसानों को बीज का वितरण किया गया।

यह किसान सहायता कार्यक्रम तिलक राज, सहायक कमांडेंट की उपस्थिति में सूंडा एवं देवराही बीओपी के एसएसबी कार्मिकों द्वारा आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान किसानों को कृषि कार्य में सहयोग देने के उद्देश्य से बीज उपलब्ध कराए गए जिससे



उनकी खेती को मजबूती मिल सके। एसएसबी कमांडेंट ने बताया कि सीमा क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों और किसानों के कल्याण हेतु इस प्रकार के सहायता कार्यक्रम आगे भी लगातार जारी रहेंगे। एसएसबी द्वारा किए गए इस प्रयास से ग्रामीण किसानों में उत्साह देखा गया और उन्होंने विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 15 जनवरी को मनाया जाएगा मकर संक्रांति का पर्व



**फरधान (खीरी), समृद्धि न्यूज।** इस वर्ष मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी, गुरुवार को मनाया जाएगा। देवकली के आचार्य प्रमोद दीक्षित ने बताया कि सूर्यदेव 14 जनवरी, बुधवार की रात 9 बजकर 19 मिनट पर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। शास्त्रों के अनुसार यदि संक्रांति प्रदोषकाल अथवा रात्रि में पड़ती है तो उसका पुण्यकाल अगले दिन माना जाता है, इसी कारण मकर संक्रांति 15 जनवरी को मनाई जाएगी। आचार्य प्रमोद दीक्षित के अनुसार षटि्तला एकादशी व्रत 14 जनवरी, बुधवार को रहेगा। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही खरमास की समाप्ति होगी तथा सूर्य उत्तरायण हो जाएंगे। मकर संक्रांति को खिचड़ी पर्व के रूप में भी मनाया जाता है, जिसका स्नान-दान की दृष्टि से विशेष महत्व है। इस दिन गंगा सहित अन्य पवित्र नदियों, तीर्थों, कुओं व सरोवरों में स्नान करना शुभ माना गया है। मकर संक्रांति पर ऊनी वस्त्र, दुशाला, कंबल, जूते-चप्पल, धार्मिक पुस्तकें तथा विशेष रूप से पंचांग का दान अत्यंत पुण्यदायी बताया गया है। यह पर्व देशभर में अपनी-अपनी स्थानीय परंपराओं और रीति-रिवाजों के अनुसार श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाता है।

# खमरिया पुलिस ने कराया जिला बदर अभियुक्त पर आदेश का अनुपालन

**ईसानगर, खीरी, समृद्धि न्यूज।**

डीएम लखीमपुर खीरी द्वारा यूपी गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 की धारा 3(1) के अंतर्गत जिला बदर घोषित किए गए अभियुक्त के विरुद्ध खमरिया पुलिस ने आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराया। जिलाधिकारी के आदेश के अनुसार अभियुक्त मोहम्मद यार पुत्र मोबीन, निवासी ग्राम ईश्वारापुरवा मजरा बेहटा, थाना खमरिया को जनपद की सीमा से बाहर किया गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी द्वारा यह आदेश दिनांक 12 जनवरी 2026 को आदेश पत्रांक D202510430001184 के तहत पारित किया गया था। आदेश के अनुपालन में थाना खमरिया पुलिस ने अभियुक्त को आदेश की प्रति तामील कराई तथा नियमानुसार मुनादी की कार्यवाही संपन्न कराई। इसके उपरांत अभियुक्त को जनपद खीरी की सीमा से बाहर भेजते हुए जनपद सीतापुर की सीमा में छोड़ा गया, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनी रहे। पुलिस अभिलेखों के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध थाना खमरिया में कई गंभीर आपराधिक मुकदमे पंजीकृत हैं। अभियुक्त पर मुकदमा संख्या 50/2024 धारा 380/411/457 भा.द.वि. तथा मुकदमा संख्या 51/2024 धारा 401/411 भा.द.वि. एवं 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मुकदमे दर्ज हैं। यह संपूर्ण कार्यवाही प्रभारी निरीक्षक थाना खमरिया ओपी राय के निर्देशन में उप निरीक्षक उदयभान उपाध्याय, हेड कांस्टेबल गेंदी लाल एवं कांस्टेबल रवि यादव की टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## खेत में चारा लेने गई महिला पर तेंदुए का हमला

**बेलरायां खीरी, समृद्धि न्यूज।** सिंगाही थाना क्षेत्र की मोतीपुर ग्राम पंचायत के भौका गांव में खेत में चारा लेने गई एक महिला पर तेंदुए ने हमला कर दिया। हमले में महिला के पैर में गंभीर चोट आई है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार भौका गांव निवासी मीना देवी पत्नी सुंदरलाल अपने पशुओं के लिए चारा लेने खेत गई थीं। वह सरसों के खेत में घास काट रही थीं, तभी पास के गन्ने के खेत से निकलकर अचानक एक तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। तेंदुए को देखकर मीना देवी चिल्लाते हुए भागने लगीं, लेकिन तेंदुए ने दौड़ाकर उन पर झपट्टा मार दिया, जिससे उनका पैर घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही वन दरोगा हरीलाल, वनकर्मी शंकरलाल तथा एसटीपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे और क्षेत्र में कांबिंग अभियान चलाया। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से सतर्क रहने, अकेले खेतों की ओर न जाने तथा समूह में निकलने की अपील की है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में वन्यजीवों की लगातार गतिविधियों से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। वन विभाग द्वारा तेंदुए की निगरानी बढ़ा दी गई है।

# एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी के नेतृत्व में शिव-गैलेक्सी हॉस्पिटल की जांच, भारी अनियमितताएं उजागर

- बिना डॉक्टर, बिना दस्तावेज व बिना सुरक्षा के चल रहा था अस्पताल, शासन को भेजी गई रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

नगर क्षेत्र में संचालित शिव हॉस्पिटल एवं गैलेक्सी हॉस्पिटल की संयुक्त जांच के दौरान चौंकाने वाली अनियमितताएं सामने आई हैं। एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जब अस्पताल का औचक निरीक्षण किया तो मौके पर कोई भी योग्य डॉक्टर उपस्थित नहीं मिला। महिला डॉक्टर की भी तैनाती नहीं पाई गई, जिससे मरीजों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल में फायर सेफ्टी, सफाई व्यवस्था तथा बायो मेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन में भारी लापरवाही उजागर हुई। अस्पताल संचालन से जुड़े किसी भी प्रकार के वैध पंजीकरण, लाइसेंस अथवा आवश्यक दस्तावेज मौके पर उपलब्ध नहीं कराए जा सके, जिससे अस्पताल की वैधता संदेह के घेरे में आ गई है। ऑपरेशन थिएटर (ओटी) की स्थिति भी अत्यंत चिंताजनक पाई गई। ओटी अव्यवस्थित था, मौके पर कोई ओटी टेक्नीशियन मौजूद नहीं था और जीवनरक्षक उपकरणों का घोर अभाव देखा गया। अधिकारियों ने माना कि ऐसी स्थिति में मरीजों का इलाज करना सीधे तौर पर उनकी जान को खतरे में डालना है। एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने निरीक्षण के बाद स्पष्ट किया कि मानकों का उल्लंघन कर संचालित ऐसे अस्पताल आम जनता के लिए असुरक्षित हैं। पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर आवश्यक कड़ी कार्रवाई हेतु उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मौजूदगी में की गई इस जांच के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। आमजन ने भी प्रशासन से मांग की है कि ऐसे अवैध व लापरवाह अस्पतालों पर सख्त कार्रवाई कर मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।